RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 185
नई दिल्ली, शनिवार, 14 मई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



नडाल इटालियन ओपन के तीसरे दौर में हारे
स्पोर्ट्स-12

# मुंडका में आग का तांडव, 27 की मौत, दर्जनों घायल

- रोहतक रोड पर मेट्रो स्टेशन के पास स्थित भवन में हैं कई कंपनियों के दफ्तर सीसीटीवी गोदाम
- देर रात तक बचाव कार्य जारी, बढ़ सकती है मरने वालों की संख्या
- प्रधानमंत्री ने व्यक्त की शोक संवेदना



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पश्चिमी** दिल्ली के रोहतक रोड पर मुंडका मेट्रो स्टेशन के पास शुक्रवार शाम तीन मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। इससे 27 लोगों की मौत हो गई। आग में झुलसने एवं छत से कूदने के कारण दर्जनों लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के समय इमारत में करीब 300 लोग मौजूद थे। अधिकतर लोग निकल गए लेकिन कुछ ही मिनटों में आग ने पूरी इमारत को घेर लिया और धुएं में सीढ़ियां नहीं दिखने के कारण बड़ी संख्या में लोग अंदर फंस गए। देर रात तक बचाव और राहत कार्य जारी था। पुलिस के अनुसार मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। आग लगते ही चारों ओर अफरा-तफरी मच गई और लोग बचाव के लिए इधर-उधर भागने लगे। बड़ी संख्या में लोग बिल्डिंग से बाहर निकल गए थे, लेकिन बहुत ही जल्द आग ने पूरी इमारत में चपेट में ले लिया और सीढ़ियों में धुआं भर गया।

इससे लोगों को दिखना बंद हो गया और लोग वहीं फंस गए। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, मुंडका मेट्रो स्टेशन के पिलर नंबर 544 के पास स्थित एक इमारत में आग लगने की सूचना शुक्रवार शाम करीब 4.40 बजे मिली थी। फौरन ही दमकल की 24 गाड़ियां घटना स्थल पर भेजी गईं। आग की स्थिति को देखते हुए और गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। पुलिस ने भी इमारत को चारों ओर से घेर लिया। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग के अलावा डीडीएमए, सविलि डिफेंस वॉलटयर्सि, स्थानीय पुलिस और स्थानीय लोग भी राहत और बचाव कार्य में जुटे रहे। एम्बुलेंस और पुलिस की गाड़ियां लगातार घायलों और शवों को अस्पताल पहुंचा रही थीं। पुलिस उपायुक्त समीर शर्मा ने कहा कि शुरुआती जांच में पता चला है कि तीन मंजिला वाणिज्य इमारत में कई कंपनियों के दफ्तर हैं। सीसीटीवी बनाने और मरम्मत करने एवं बेचने की कंपनी व उसका गोदाम है। आग इमारत की पहली मंजिल से लगनी शुरू हुई जहां सीसीटीवी कैमरा और राउटर निर्माता कंपनी का कार्यालय है।

इस इमारत के मालिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीसीटीवी कंपनी का मालिक पुलिस की हिरासत में है। स्पेशल पुलिस आयुक्त चिन्मय बिस्वास ने देर रात मीडिया को बताया कि बचाव और राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी है। पुलिस इन पहलुओं की जांच कर रही है कि तीन मंजिला भवन में इतनी अधिक संख्या में कैसे लोग काम कर रहे थे। साथ अग्नि सुरक्षा के इंतजाम क्या थे और आग कैसे लगी। बताया जा रहा है कि इस इमारत का मालिक अंतिम फ्लोर पर रहता है, उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। इमारत में पांच घंटे तक आग लगी रही। इससे यह बिल्कुल जर्जर हो गई है। इसे देखते हुए पुलिस ने आसपास घेराबंदी कर दी है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस अग्निकांड पर गहरा दुख जताया है और जांच के आदेश दिए हैं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने घटना पर दुख जताते हुए पीड़ितों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

## जम्मू-कश्मीर के कटरा में बस में लगी आग

- चार लोगों की मौत, 24 घायल

**भाषा।** जम्मू



**जम्मू-कश्मीर** के रियासी जिले के कटरा इलाके में शुक्रवार को एक बस में आग लग गई जिससे इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए। बस में यात्रियों के साथ ही कुछ श्रद्धालु भी सवार थे। अधिकारियों ने बताया यह बस कटरा जा रही थी और इसी दौरान कटरा से तीन किलोमीटर पहले नोमाई के पास इसमें आग लग गई। उन्होंने बताया कि माता वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए कटरा आधार शिविर है। अधिकारियों ने कहा कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जम्मू संभाग के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) मुकेश सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच के दौरान घटना में किसी विस्फोटक के इस्तेमाल का संकेत नहीं मिला है, हालांकि, फॉरेंसिक टीम आग लगने के कारणों का पता लगा रही है। जम्मू संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने जीएमसी अस्पताल में घायलों से मुलाकात की और उनके इलाज के बारे में जानकारी ली। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने एक ट्वीट में कहा, "कटरा में बस हादसे में लोगों की मौत से मैं बेहद दुखी हूं। मैं शोकसंतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने जिला प्रशासन को घायलों का हरसंभव इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपराज्यपाल ने कहा कि मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए की अनुग्रह राशि और गंभीर रूप से घायल लोगों को एक-एक लाख रुपए दिए जाएंगे।

## कांग्रेस को सुधारों की सख्त जरूरतः सोनिया

- रणनीति में बदलाव ढांचागत सुधार व रोजाना काम करने के तरीके में परिवर्तन लाना होगा
- देश को लगातार ध्रुवीकरण की स्थिति में रखना चाहते हैं पीएम मोदी

चिंतन शिविर



**पायनियर समाचार सेवा।** उदयपुर/नई दिल्ली

**कांग्रेस** अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी में तत्काल व्यापक सुधारों की जरूरत है, क्योंकि असाधारण परिस्थितियों में असाधारण कार्रवाई की आवश्यकता होती है।

राजस्थान के उदयपुर में तीन दिवसीय चिंतन शिविर के पहले दिन अपने उद्घाटन संबोधन में सोनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वह देश को लगातार ध्रुवीकरण की स्थिति में रखना चाहते हैं। साथ ही, क्रूर हमलों से अल्पसंख्यकों को खौफजदा रखने की कोशिशें हो रही हैं एवं राजनीतिक विरोधियों को धमकिया, डराया जा रहा है।

चिंतन शिविर में पहले दिन 'एक परिवार, एक टिकट' के फार्मूले को लागू करने पर चर्चा हुई। हालांकि यह नियम ऐसे परिवार पर लागू नहीं होगा, जिसका कोई अन्य सदस्य भी कांग्रेस के ( शेष पेज 8 )

## उच्चतम न्यायालय ने किया नीट पीजी परीक्षा स्थगित करने से इनकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने डॉक्टरों की याचिका पर नीट-पीजी-2022 परीक्षा स्थगित करने से शुक्रवार को इनकार करते हुए कहा कि विलंब करने से डॉक्टर उपलब्ध नहीं होंगे और मरीजों की देखभाल पर गंभीर असर पड़ेगा। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने कहा कि परीक्षा स्थगित करने से अफरा-तफरी और अनिश्चितता की स्थिति पैदा होगी और छात्रों के एक बड़े वर्ग पर इसका इसर पड़ेगा, जिन्होंने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया है। पीठ ने कहा कि दो लाख से अधिक उम्मीदवारों का एक बड़ा वर्ग है जो परीक्षा के लिए तैयारी कर चुका है तथा इस न्यायालय द्वारा परीक्षा आगे और स्थगित किए जाने से उनका कार्यक्रम प्रभावित होगा। इसके नतीजे में अफरातफरी और अस्थिरता की स्थिति पैदा होगी। पीठ ने कहा कि इस मामले में आवश्यक तौर पर नीतिगत पहलू शामिल है और जबतक अदालत इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाती है ( शेष पेज 8 )

## मोहाली विस्फोट में आईएसआई व बब्बर खालसा, पांच गिरफ्तार

- पुलिस ने कहा- विस्फोट के जरूरी सामग्री जुटाने वाला प्रमुख साजिशकर्ता है गैंगस्टर से आतंकी बना लखबीर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**पंजाब** पुलिस ने अपने मोहाली कार्यालय में आरपीजी हमले के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) एवं पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) की सांठगांठ की ओर इशारा किया है। पुलिस महानिदेशक वीके भावरा ने शुक्रवार को यहां कहा कि छठा आरोपी एक अन्य मामले में पुलिस हिरासत में है।

सोमवार को एक दुस्साहसिक हमले में, मोहाली के सेक्टर 77 स्थित राज्य पुलिस के खुफिया विंग मुख्यालय पर एक रॉकेट से संचालित ग्रेनेड दागा गया। उन्होंने कहा कि घटना के पीछे की साजिश का पता लगा लिया गया है और पाकिस्तान की आईएसआई के इशारे पर आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल और गैंगस्टरों के बीच सांठगांठ का मामला सामने आया है। डीजीपी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह घटना पाकिस्तान की आईएसआई के इशारे पर बीकेआई-गैंगस्टर के बीच सांठगांठ का परिणाम है। डीजीपी ने कहा कि इस मामले में सभी जरूरी सामग्रियों का प्रबंध करने वाला प्रमुख साजिशकर्ता तरनतारन निवासी लखबीर सिंह है, जो पहले एक गैंगस्टर हुआ करता था और 2017 में कनाडा चला गया था।

उन्होंने कहा कि लखबीर सिंह गैंगस्टर से आतंकवादी बने हरविंदर सिंह रिंडा का करीबी सहयोगी है, जो पाकिस्तान से अपनी गतिविधियां चलाता है। भवरा ने कहा कि इस हमले के लिए जिम्मेदार सभी आरोपियों की पहचान कर ली गई है। उन्होंने कहा, साजिश क्या थी, किसने किसके इशारे ( शेष पेज 8 )

## श्रीलंका में वीजा जारी करने पर कोई रोक नहीं

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसी।** नई दिल्ली/कोलंबो

**श्रीलंका** स्थित भारतीय उच्चायोग ने शुक्रवार को इस बात से साफ तौर पर इनकार किया कि उसने देश में वीजा जारी करने पर रोक लगा दी है। उच्चायोग ने कहा कि वीजा प्रकोष्ठ के कर्मचारियों के कार्यालय न आने के कारण संचालनात्मक दिक्कतों से यह बाधा पैदा हुई थी। इनमें से ज्यादातर कर्मचारी श्रीलंकाई नागरिक हैं। एक अन्य घटनाक्रम में, कोलंबो में नवनियुक्त प्रधान मंत्री रानिल विक्रमसिंघे से भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले ने मुलाकात कर बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी लोगों की भलाई के लिए लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के माध्यम से श्रीलंका में आर्थिक सुधार और स्थिरता के लिए निरंतर सहयोग पर चर्चा की। उच्चायोग ने कहा कि वह जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल करने की कोशिश कर रहा है। भारतीय उच्चायोग ने ट्वीट किया कि उच्चायोग स्पष्ट रूप से इससे इनकार करता है कि उसने या भारतीय महावाणिज्य दूतावासों या श्रीलंका में भारत के ( शेष पेज 8 )

## राहुल भट की हत्या के बाद कश्मीर में विरोध व प्रदर्शन

- मुठभेड़ में तीन आतंकवादी ढेर, सैकड़ों कश्मीरी पंडितों ने की सामूहिक इस्तीफे की पेशकश

**मोहित कंडारी।** जम्मू

**आतंकियों** द्वारा एक दिन पहले कश्मीरी पंडित राहुल भट की हत्या किए जाने के बाद सरकारी कर्मी कश्मीरी पंडितों ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया और घाटी से बाहर किसी सुरक्षित स्थानों पर उनको तैनात किए जाने की मांग की। इसी दौरान सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को बांदीपोरा के बरार अरागमा इलाके में हुई एक मुठभेड़ में तीन आतंकियों को मार गिराया। सूत्रों के मुताबिक इसमें दो भट पर हमला करने में शामिल थे। मध्य कश्मीर के बडगाम स्थित शेखपुरा कैंप से विरोध प्रदर्शन की शुरुआत हुई।

यहां पर कश्मीरी पंडित कर्मचारियों को रहने के लिए अस्थायी सुविधा मुहैया कराई गई है। प्रदर्शनकारी लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा से मिलने जा रहे थे। उन्हें रोकने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज और आंसू गैस का सहारा लेना पड़ा। प्रवासी कर्मचारी शांतिपूर्वक जुलूस की शक्ल में जा रहे थे तभी स्थानीय पुलिस ने उन्हें वापस जाने को कहा। लेकिन वे कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे तथा आगे बढ़ते जा रहे थे। अंत में पुलिस को उन्हें तितर-बितर करने के लिए बल प्रयोग और आंसू गैस का सहारा लेना पड़ा।

शुक्रवार को अनंतनाग के काजीगुंड में प्रवासी कर्मियों ने धरना दिया और प्रशासन की विफलता के विरोध में सामूहिक इस्तीफे का भी प्रस्ताव रखा। इस बीच जम्मू में राहुल भट का अंतिम संस्कार कर दिया गया। जम्मू के दुर्गानगर इलाके के उनके पड़ोसी भट को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। उनकी पत्नी मीनाक्षी पति का शव लेकर रात भर यात्रा के बाद जम्मू में दुर्गानगर स्थित अपने घर पहुंची। लगातार रो रही मीनाक्षी को देखकर सबकी आंखें ( शेष पेज 8 )

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,793 | ↓ 136 |
| निफ्टी | 15,782 | ↓ 25 |
| सोना | 50,127 | ↓ 360 /10g |
| चांदी | 58,916 | ↓ 252 /kg |

### क्विक न्यूज

**रिलायंस फोर्ब्स 2000 सूची में 53वें स्थान पर**

**नई दिल्ली।** फोर्ब्स की दुनिया भर की कंपनियों की नवीनतम ग्लोबल 2000 सूची में उद्योगपति मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड दो पायदान चढ़कर 53वें स्थान पर पहुंच गई है। फोर्ब्स ने 2022 केलिए शीर्ष 2,000 कंपनियों की रैंकिंग जारी करते हुए बताया कि इस सूची में दुनिया भर की सबसे बड़ी कंपनियां स्थान पाती है जिसकेलिए उन्हे बिक्री, लाभ, परिसंपत्ति और बाजार मूल्यांकन जैसे मानकों पर परखा जाता है। रिलायंस ने भारतीय कंपनियों में शीर्ष स्थान पाया है। इसके बाद 105वें स्थान पर भारतीय स्टेट बैंक, 153वें स्थान पर एचडीएफसी बैंक और 204वें स्थान पर आईसीआईसीआई बैक है। इस सूची में शामिल अन्य प्रमुख भारतीय कंपनियों में सार्वजनिकक्षेत्र की ओएनजीसी (228वीं), एचडीएफसी लिमिटेड (268वी), इंडियन ऑयल (357वी),टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस लिमिटेड (384वी), टाटा स्टील (407वी) और एक्सिस बैंक(431वी रैंक) शामिल हैं।

## यूएई के राष्ट्रपति बिन जायद का निधन, भारत में आज राजकीय शोक

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति एवं अबू धाबी के शासक शेख खलीफा बिन जायद अल नाह्यान का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 73 साल के थे। स्थानीय मीडिया ने राष्ट्रपति से जुड़े मामलों के मंत्रालय के हवाले से शेख खलीफा के निधन की पुष्टि की। समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम ने कहा, राष्ट्रपति से जुड़े मामलों का मंत्रालय यूएई के राष्ट्रपति शेख खलीफा बिन जायद अल नाह्यान के निधन पर यूएई, अरब जगत, इस्लामी राष्ट्र और भारत के पीएम नरेंद्र मोदी समेत दुनियाभर के लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करता है। शेख खलीफा तीन नवंबर 2004 से यूएई के राष्ट्रपति और अबू धाबी के शासक के रूप में सेवाएं दे रहे थे। खलीज टाइम्स के मुताबिक, राष्ट्रपति से जुड़े मामलों के मंत्रालय ने शेख खलीफा के निधन पर 40 दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। इस दौरान राष्ट्रीय ( शेष पेज 8 )

## हर साल दस लाख पक्षी जान देकर चुका रहे विकास की कीमत

विश्व प्रवासी पक्षी दिवस

- कृत्रिम रोशनी से होती है प्रवासी पक्षियों को परेशानी, लैंप पोस्ट और बिजली के ऊंचे होर्डिंग बन रहे बाधा

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**सात** समंदर पार से आने वाले लाखों-करोड़ों प्रवासी पक्षियों में से करीब 10 लाख पक्षियों को हर साल मानव के कथित विकास का खामियाजा अपनी जान देकर चुका रहे हैं। सड़कों और गलियों में लगे लैंपपोस्ट, बिजली के ऊंचे होर्डिंग से निकलने वाली कृत्रिम प्रकाश प्रदूषण से पक्षी न सिर्फ गंतव्य का रास्ता भटक रहे हैं, बल्कि मोबाइल और टीवी स्क्रीन से निकलने वाली रोशनी उनके स्वाभाव को भी प्रभावित कर रहा है।

विशेषज्ञों के अनुसार विश्व स्तर पर हर साल कृत्रिम रोशनी में दो फीसदी की हो रही बढ़ोतरी ने उड़ने वाले पक्षियों के जीवन को बदतर बना दिया है। इतना ही नहीं कृत्रिम रोशनी सर्दियों में पक्षियों के प्रजनन को प्रभावित करने के साथ उनके खान-पान और व्यवहार में बाधक बन रहा है। विश्व प्रवासी पक्षी दिवस (डब्ल्यूएमबीडी) की पूर्व संध्या पर विशेषज्ञों ने कहा कि प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा के लिए यह वर्ष मानव निर्मित प्रकाश प्रदूषण के खतरे पर केंद्रित रहेगा। भारत में हर साल बड़ी संख्या में कई विदेशी पक्षी दूर देश से आते हैं। जिसमें एशियाई स्पैरो-हॉक, हैरियर्स, पेरेग्रीन फाल्कन, ऑस्प्रे, पैसिफिक गोल्डन प्लोवर, ग्रेलाग गूज, बार-हेडेड गूज, नॉर्दर्न शोवेलर, टफ्टेड डक, और अधिक सहित पक्षियों की कम से कम 229 प्रजातियां हर साल देश में पहुंचतीं हैं। विशेषज्ञों ने प्रकाश प्रदूषण की गंभीर



समस्या की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि इससे प्रवासी पक्षियों के व्यवहार में बदलाव के साथ पक्षियों के प्रवास से वापसी तक आपसी संचार समन्वय और बॉडी क्लॉक (शरीर की आतंरिक घड़ी) पर प्रभावित होता है। दुनिया भर के पक्षी विशेषज्ञों ने विश्व के नीति निर्माताओं से पक्षियों पर प्रकाश प्रदूषण के प्रभाव को कम करने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि प्रवासी पक्षी रात में कृत्रिम प्रकाश से आकर्षित हो जाते हैं विशेष रूप से जब कम बादल, कोहरा, बारिश या कम ऊंचाई पर उड़ते हैं। पक्षी अपना रास्ता भटक कर रोशनी वाले क्षेत्रों में चक्कर लगाते हैं जिससे उनका ऊर्जा भंडार समाप्त होने से थकावट होने से शिकार होने के साथ गंभीर खतरे में पड़ जाते हैं। प्रवासी जंगली जानवर प्रजातियों के संरक्षण के कार्यकारी सचिव एमी फ्रेंकेल ने कहा कि प्राकृतिक अंधेरे का उसी तरह से संरक्षण मूल्य है जैसे स्वच्छ पानी, हवा और मिट्टी का।

विश्व प्रवासी पक्षी दिवस 2022 का एक प्रमुख लक्ष्य प्रकाश प्रदूषण के मुद्दे और प्रवासी पक्षियों पर इसके नकारात्मक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस समस्या का समाधान आसानी से उपलब्ध है और बस हम सभी को प्रमुख नीति निर्माताओं को निर्णय निर्माताओं को प्रकाश प्रदूषण को दूर करने के उपायों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। अफ्रीकी-यूरेशियन प्रवासी जलपक्षी (एईडब्ल्यूए) के संरक्षण समझौते पर कार्यकारी सचिव जैक्स ट्रौविलीज़ ने कहा कि रात में सक्रिय पक्षी प्रकाश प्रदूषण के अत्यधिक प्रभावों का अनुभव करती है। रात्रि प्रवास करने वाले पक्षी जैसे बतख, गीज़, प्लोवर, सैंडपाइपर और सोंगबर्ड प्रकाश प्रदूषण से प्रभावित होते हैं, जिससे वे मार्ग भटक जाते हैं और इसके परिणाम घातक टकराव के साथ होता है। पेट्रेल और शीयरवाटर जैसे समुद्री पक्षी जमीन पर कृत्रिम रोशनी से आकर्षित होते हैं और चूहों और बिल्लियों के शिकार बन जाते हैं। समुद्री कछुओं, समुद्री पक्षियों और प्रवासी समुद्री पक्षियों को कवर करने वाले प्रकाश प्रदूषण पर दिशानिर्देशों का 2020 में सीएमएस पार्टियों द्वारा समर्थन किया गया था। उनकी सिफारिशों के बीच, दिशानिर्देशों ने सर्वोत्तम प्रकाश व्यवस्था के छह सिद्धांतों को निर्धारित किया। समुद्री कछुओं, समुद्री पक्षियों और प्रवासी शोरबर्ड्स को ( शेष पेज 8 )

# डीएम से बोले किसान- हमारे साथ हो रहा अन्याय

## जेवर एयरपोर्ट को जमीन देने वाले किसानों को कलेक्ट्रेट लेकर पहुंचे विधायक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से प्रभावित किसानों ने शुक्रवार की दोपहर रबूपुरा में विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह का घेराव किया। किसानों का आरोप है कि एयरपोर्ट के लिए भूमि अधिग्रहण करते वक्त तमाम वादे किए गए थे।

इनमें से कोई पूरा नहीं हुआ है। किसानों को दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं। इसके बाद धीरेंद्र सिंह किसानों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे।

जिलाधिकारी सुहास एलवाई और मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह के साथ किसानों की बैठक हुई। किसानों ने कई गंभीर मसले डीएम के सामने उठाए हैं। डीएम ने किसानों को आश्वासन दिया है कि सभी जायज मांगों को जल्द पूरा करवाया जाएगा। किसान कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष



सुधीर त्यागी ने जिलाधिकारी से कहा, हम लोगों ने अपनी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य और देश की अर्थव्यवस्था को संवारने के लिए जमीन खुशी-खुशी दी थी लेकिन अब हमें दुख महसूस हो रहा है।

हमें लगता है कि हमारे साथ अन्याय हुआ है। जमीन लेते वक्त सरकार और प्रशासन ने तमाम वादे किए थे। उनमें से कुछ वादों पर आंशिक रूप से काम हुआ है। बाकी पर गंभीरता से सुनवाई भी नहीं की जा रही है।

सुधीर त्यागी ने आगे कहा, इस जिले में एक इंच जमीन लेने के लिए किसानों ने खून बहाया है, लेकिन हम लोगों ने जेवर एयरपोर्ट के लिए सहर्ष जमीन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी थी। अब हमारे साथ अन्याय नहीं होना चाहिए।

### सारे वादे पूरे करेंगे: सुहास एलवाई

जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने करीब एक घंटे तक किसानों की सारी समस्याएं सुनीं। डीएम सुहास एलवाई ने कहा मैंने सारी बातें सुन ली हैं। इनका शीघ्र समाधान किया जाएगा। एयरपोर्ट के लिए आर एंड आर के वक्त जो वादे किए गए थे, वह सभी पूरे किए जाएंगे। अब तक किसानों की ओर से आने वाली सभी शिकायतों का तत्काल निवारण किया जाता रहा है। आगे भी ऐसा किया जाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं है कि आप लोगों ने जमीन देकर उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान दिया है। राज्य सरकार और गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन इसके लिए किसानों के सदैव आभारी रहेंगे। मैं आप लोगों की मांगों पर सभी जिम्मेदार अफसरों को तेजी से काम करने के लिए नियुक्त कर रहा हूं। नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करूंगा।ष् डीएम ने आगे कहाए ष्अगर किसी किसान को कभी कोई परेशानी हो तो वह आकर मिल सकते हैं।

### मैं किसानों के साथ हूं: धीरेन्द्र सिंह

विधायक धीरेंद्र सिंह ने किसानों और जिलाधिकारी के बीच वार्ता करवाई। वह खुद मध्यस्थ की भूमिका में रहे। धीरेन्द्र सिंह ने कहा किसानों के हितों पर कोई आंच नहीं आएगी। सारी जायज मांगे पूरी होंगी। जो वादे किए गए थे, उनमें से जो काम शेष बचा है, वह जल्दी पूरा करवाया जाएगा। शासन, जिला प्रशासन और यमुना प्राधिकरण में जहां कहीं भी कोई रुकावट आएगी, मैं आगे बढ़कर उसका निदान करूंगा।



छात्राओं और महिलाओं में सुरक्षा की भावना भरने के लिए नोएडा पुलिस ने जागरूक कर रही है।

# गौतमबुद्ध नगर जेल में बंद कैदी की मौत

- पुरुष वेश्या बनाने के नाम पर छात्र से ठगे थे 26.40 लाख

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर में स्थित लुकसर जेल में बंद एक कैदी की बीती रात को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी कुछ अधिकारियों को दी गई। शुक्रवार की सुबह जब कैदी को अस्पताल में एडमिट करवाया तो अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने आशंका जाहिर की है कि कैदी की मौत हार्ट अटैक आने से हुई है। पुलिस ने कैदी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। इस व्यक्ति ने अपने साथी के साथ मिलकर एक व्यक्ति को जिगोलो बनाने के नाम पर 26 लाख से अधिक की ठगी की थी।

पुलिस ने बताया कि 48 वर्षीय संजय कुमार मूल रूप से फरीदाबाद का रहने वाला था। संजय सिंह और उसका साथी राहुल दोनों सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को पुरुष वेश्या बनाने का झांसा देते थे। उन्होंने बीते दिनों एक व्यक्ति को कॉल करके उसको जिगोलो यानी कि को पुरुष वेश्या बनाने के नाम पर 26 लाख 40 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी की थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष पेश किया था। वहां से आरोपी को लुकसर जेल भेज दिया गया था। आरोपी को 6 मई 2022 को जेल में लाया गया था। पुलिस ने बताया कि कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपी को लुकसर जेल में लाया था था। संजय कुमार के ऊपर गौतमबुद्ध नगर के बिसरख थाने में 420 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। शुक्रवार की सुबह संजय कुमार की डेड बॉडी जेल में मिली है। पुलिस ने फिलहाल संजय कुमार के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बेरोजगारों को शिकार बनाने वाले 4 गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना फेस-1 पुलिस ने लोगों के साथ ठगी करने वाले दो कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में 4 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पहला मामला : अपर पुलिस उपायुक्त रणविजय सिंह ने बताया कि अरुण कुमार और शान मोहम्मद नामक दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। ये लोग कॉल सेंटर के माध्यम से विभिन्न लोगों से संपर्क करते थे और उनका लकी ड्रा निकलने का झांसा देकर मोटी रकम वसूलते थे।

**दूसरा मामला:** उन्होंने बताया कि सेक्टर-16 में चल रहे एक अन्य कॉल सेंटर का पर्दाफाश कर थाना फेस-वन पुलिस ने संदीप और जावेद को गिरफ्तार किया है।

# भूमाफिया यशपाल की जमीन जब्त करने पहुंची पुलिस

**चिटहैरा भूमि घोटाला**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के चिटहैरा भूमि घोटाले में मेरठ पुलिस गांव में पहुंच गई है। यहां शिव नादर विश्वविद्यालय के पीछे भूमाफिया यशपाल तोमर की 40 बीघा जमीन जब्त की जाएगी। मेरठ के एसपी आईपीएस विवेक यादव के नेतृत्व में पुलिस और राजस्व विभाग की टीम गांव में पहुंची है।

आपको बता दें कि यशपाल तोमर को मेरठ पुलिस ने गैंगस्टर और प्रशासन ने भूमाफिया घोषित किया है। जिसके बाद यह कार्रवाई की जा रही है। दूसरी ओर गुरुवार को गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन ने भी



यशपाल तोमर को भूमाफिया घोषित किया है। इससे पहले गुरुवार को गौतमबुद्ध नगर के डीएम सुहास एलवाई ने जनपद के उच्च स्तरीय असफरों के साथ बैठक की। जिसमें चिटहैरा भूमि घोटाले के मास्टरमाइंड यशपाल तोमर को भूमाफिया घोषित कर दिया है। इसके अलावा चिटहैरा भूमि घोटाले में शामिल प्रशासनिक और राजस्व विभाग के अधिकारियों की सूची शासन को भेजी गई है। जल्दी इन अफसरों और कर्मचारियों

- दस्तावेजों में गड़बड़ियां कर दर्ज की गई जमीन

के खिलाफ बड़ी कार्रवाई होंगी। करीब 4 दशक पहले चिटहेरा गांव में दलितों और भूमिहीनों के नाम पर पट्टे आवंटित किए गए। यह आवंटन पत्रावली रद्द कर दी गई थी। इसके बाद तहसील में रखे दस्तावेजों में बड़े पैमाने पर हेरफेर किया गया। मतलब, किसी आवंटी को ग्राम पंचायत समिति ने आधा बीघा जमीन दी थी, दस्तावेजों में कटिंग और गड़बड़ियां करके उनके नाम कई-कई बीघा जमीन दर्ज कर दी गई।

## संक्षिप्त समाचार



नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर मारपीट करते दो पक्ष।

### छल्ली बेचने को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर छल्ली की ठेली लगाने वाले 2 पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चल गए। इस घटना में कई लोगों को चोट भी आई है। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस को सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। राहगीरों ने दोनों ने बीच.बचाव करवाया है। मिली जानकारी के मुताबिक यह मामला नोएडा एक्सप्रेसवे पर स्थित दलित मैदान के गेट नंबर-2 के सामने का है। जहां पर शुक्रवार की दोपहर को छल्ली बेचने वाले दो पक्षों में विवाद हो गया। यह विवाद चिल्ली की ठेली लगाने को लेकर हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में डंडे चल पड़े। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि देखते ही देखते भीड़ बढ़ गई और दोनों पक्ष एक दूसरे की जान के दुश्मन बन गए। हालांकि, राहगीरों ने दोनों पक्ष का बीज बचाओ करवाया है।

### झांसा देकर दो लोगों से 88 लाख ठगे

**गाजियाबाद।** विदेशी मुद्रा के कारोबार का झांसा देकर तीन करोड़ से अधिक की ठगी में जेल जा चुके आरोपी के दो और नए मामले सामने आए हैं। जालसाज ने महिला अधिवक्ता समेत दो लोगों को 88 लाख की चपत लगा दी। गगन विहार एक्सटेंशन दिल्ली के खोजला अपार्टमेंट में रहने वाली पूनम कालिया ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि परिचित जयवीर पांचाल के माध्यम से उनकी मुलाकात राजनगर एक्सटेंशन की क्लासिक रेजीडेंसी सोसाइटी निवासी लोकेश राजपूत व उसके साथी अमन गिल उर्फ हरनेक सिंह से कराई गई। दोनों ने खुद को दो अलग.अलग कंपनियों का मालिक बताते हुए कहा कि वह फोरेक्स ट्रेडिंग विदेशी मुद्रा का कारोबार करते हैं। वह निवेश करने वाले व्यक्ति का पैसा दोगुना करके देते हैं। पूनम कालिया के मुताबिक दोनों ने झांसा दिया कि वह खुद ट्रेडिंग करते हैं, लिहाजा उनके जरिये निवेश करने वाले लोगों का पैसा सुरक्षित होने की गारंटी देते हैं। अधिवक्ता का कहना है कि आरोपियों के झांसे में आकर उन्होंने खुद के अलावा जानकारों व रिश्तेदारों का 74 लाख रुपया निवेश कर दिया। समय बीतने पर उन्होंने मुनाफे के साथ रकम वापस मांगी तो आरोपियों ने धमकी देनी शुरू कर दी।

### व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल कर अश्लील वीडियो बनाई

**नोएडा।** शहर की सोसाइटी निवासी व्यक्ति के पास कुछ दिन पहले व्हाट्सएप नंबर पर महिला ने वीडियो कॉल की। इस दौरान महिला ने अश्लील वीडियो बनाकर स्क्रीन रिकॉर्ड कर ली। अब वह पीड़ित को फ ोन कर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया जा रहा है। इससे परेशान पीड़ित ने मामले की शिकायत नोएडा साइबर क्राइम थाने में की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ग्रेनो प्राधिकरण ने चलाया वॉक टू डस्टबिन अभियान

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की जन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वॉक टू डस्टबिन अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। टीम ने कूड़े के लिए दो डस्टबिन रखने और सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की अपील की। जनस्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक सलिल यादव के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान के दौरान सेक्टर बीटा.1, अल्फा-1, सेक्टर-1 और टेकजोन- 4 के रेहड़ी-पटरी एवं क्योस्क लगाने वाले दुकानदारों को जागरूक किया गया।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने वन मैप ग्रेनो से किया लिंक

- कूड़े का कितना हुआ निस्तारण, आप एक क्लिक में देख सकते है

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के लखनावली स्थित प्लांट में कूड़े का कितना और किस तरह से निस्तारण किया जा रहा है, इस पर ग्रेटर नोएडा के निवासी भी नजर रख सकते हैं। प्राधिकरण ने इस पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया है।

कोई भी निवासी जब चाहे, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर मौजूद वन मैप ग्रेटर नोएडा पर जाकर इसे देख सकता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सॉलिड वेस्ट के पुराने ढेर लिगेसी वेस्ट से निजात दिलाने के लिए बीते साल



लखनावली में पीपीपी पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर लखनावली में पहली बार रेमेडिएशन प्लांट शुरू करवाया है। इस प्लांट से लगभग 400 मिट्रिक टन कूड़ा रोज प्रोसेस किया जा रहा है।

इनर्ट वेस्ट का इस्तेमाल जमीन के लेवलिंग में किया जा रहा है। लिगेसी वेस्ट के निस्तारण में पारदर्शिता लाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इस प्लांट को ऑनलाइन कर दिया है। प्राधिकरण ने इसे अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध वन मैप ग्रेटर नोएडा से कनेक्ट कर दिया है। कोई भी नागरिक दूर बैठकर इस प्लांट पर नजर रख सकता है। प्राधिकरण की वेबसाइट पर जाकर वन मैप ग्रेटर नोएडा पर क्लिक करना होगा।

वन मैप पर दिए गए वेस्ट ट्रैकिंग ऑप्शन पर क्लिक करते ही रेमेडिएशन सेंटर का विकल्प खुलेगा। ऑल व्हीकल लाइव, लाइव सीसीटीवी फु टेज, व्हीकल ट्रैकिंग रिपोर्ट और शेड्यूल पाथ का खुल जाएगा।

### लखनावली प्लांट में 2.4 लाख टन कूड़ा

लखनावली स्थित प्लांट पर करीब 2.4 लाख टन कूड़ा एकत्रित है। इसे दो साल में प्रोसेस कर निस्तारित करने का लक्ष्य है, जिसमें से 32 हजार मिट्रिक टन कूड़े को निस्तारित किया जा चुका है।

# मुठभेड़ में तीन तस्करों को गोली लगी, सिपाही हुआ घायल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

विजयनगर पुलिस ने देर रात मुठभेड़के बाद तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों की गोली से एक सिपाही भी घायल हो गया। तस्करों के कब्जे से तीन तमंचे, आठ कारतूस, नशीले इंजेक्शन, कार बरामद हुई है।

एसपी सिटी निपुण अग्रवाल ने बताया कि बुधवार देर रात विजयनगर पुलिस सिद्धार्थ विहार के जल निगम चौकी क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि पशु तस्कर स्कॉर्पियो कार में पशु ले जा रहे हैं। इसी दौरान एक सिल्वर रंग की स्कार्पियो आती दिखाई दी। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो कार सवार भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो हड़बड़ाहट में स्कॉर्पियो पेड़ से टकरा गई। घिरा देखकर कार सवार तस्करों ने पुलिस पर गोली चला दी, जिसमें दीपक नाम का सिपाही गोली लगने से घायल हो गया। एसपी सिटी ने बताया कि जवाबी कार्रवाई में कार सवार तीन तस्कर भी गोली लगने से घायल हुए हैं। तस्करों की पहचान जीशान और सद्दाम व कासिम के रूप में हुई है।

# दूल्हे के दोस्त से मारपीट, लौटी बारात तो पुलिस ने कराए फेरे

**गाजियाबाद।** लोनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बुधवार रात शादी समारोह में दूल्हे के दोस्त पर रसगुल्ले की चाशनी गिरने पर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। दोस्त और स्वजन दूल्हे को साथ लेकर चले गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दूल्हे को बुलाया और फेरे कराए।

बुधवार रात बंथला गांव निवासी एक व्यक्ति की बेटी की शादी थी। बेटी की दिल्ली से बरात आई थी। रात करीब 11 बजे डांस के दौरान दूल्हे के एक दोस्त पर लड़की पक्ष के युवक से चाशनी गिर गई। इसके बाद दोनों पक्षों के युवकों में मारपीट हो गई। मारपीट के बाद दूल्हे के दोस्त उसे अपने साथ लेकर चले गए। कुछ स्वजन भी उनके साथ चले गए।

सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दूल्हे व उसके स्वजन को वापस बुलाया। पुलिस और समाज के लोगों ने दोनों पक्षों को शांत कर दूल्हा-दुल्हन के फेरे कराए।

# पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक शातिर लुटेरा गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में फेस वन थानाक्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार दोपहर को मुठभेड़ के दौरान एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया और उसके पास से लूटे गए पांच मोबाइल फोन, देसी तमंचा तथा लूट में प्रयोग होने वाली स्कूटी बरामद की।

अपर पुलिस उपायुक्त प्रथम रणविजय सिंह ने बताया कि हरौला गांव के पास पुलिस चेकिंग कर रही थी, तभी एक स्कूटी पर सवार होकर एक बदमाश आता हुआ दिखाई दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया लेकिन रुकने के बजाय वह पुलिस दल पर गोली चलाता हुआ भागने लगा।

सिंह ने बताया कि जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई जो बदमाश मोहम्मद असलम के पैर में लगी है। पुलिस ने विभिन्न जगहों से लूटे में पांच मोबाइल फोन, लूट में प्रयुक्त होने वाली स्कूटी तथा एक देसी तमंचा व कारतूस बरामद किया है। यह बदमाश इससे पूर्व आधा दर्जन मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस उसके अन्य साथियों के बारे में जानकारी हासिल कर रही है।



पुलिस की जवाबी कार्रवाई के दौरान गोली के घायल बदमाश।

# तपती गर्मी से लोग बेहाल, झुलसा रहे लू के थपेड़े

- दोपहर में स्कूल की छुट्टी के दौरान बच्चों पर आफत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

इन दिनों गर्मी व उमस से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। सुबह के 9 बजे के बाद से ही गर्म हवा शरीर को झुलसाने लगती है।

तपती गर्मी से जहां लोगों का हाल बेहाल है, वहीं स्कूल जाने वाले बच्चों के चेहरे लाल हो रहे हैं। दोपहर मे तेज धूप के चलते सड़कों व बाजारों में चहल पहल कम हो रही है। तापमान लगातार चालीस के पार है। कड़ी धूप में तपी धरती देर शाम तक गर्म ही रहती है। लोगों को रात के समय भी राहत नहीं मिल रही है। शहर की ऊंची इमारतों में रहने वाले



लोग दिनभर एसी के सामने बैठने को मजबूर है। पांच मिनट बिजली जाने से लोगों की हालत खराब हो जाती है। शुक्रवार को भी जिले में तापमान 40 डिग्री के पार रहा। वहीं, 13 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली गर्म हवाओं ने लोगों को झुलसा कर रख दिया। उमस के कारण दिनभर लोग पसीने में नहाते रहे। सड़कों पर पेयजल की दुकानों पर भीड़ रही। नोएडा.ग्रेटर नोएडा एवं यमुना एक्सप्रेस वे पर चढ़ने से पहले वाहन चालकों ने पेयजल संबंधी चीजों की खरीदी आसपास खुली दुकानों से की।

गाड़ी में एसी चलने के बाद भी लोगों का गला सूखता रहा। गर्मी से बचने के लिए लोग सुबह व शाम को बाजार जाना मुनासिब समझ रहे हैंए, जबकि दोपहर में तप रही धरती के कारण लोग घरों या छांव में बैठकर समय गुजारने को मजबूर है। एक तरफगर्मी की मार से लोग परेशान हैंए तो दूसरी ओर बिजली की आंख मिचौनी भी लगातार जारी है।

सेक्टर-34 निवासी शरदा राम बताते है कि दिन में तो फिर भी लोग किसी तरह समय काट ले रहे हैं, लेकिन बिजली नहीं रहने के कारण रात गुजारना मुश्किल हो जाता है। गर्मी से स्कूली बच्चों का हाल और बेहाल हो रहा है।

तपती दोपहर में स्कूल से छुट्टी के बाद घर लौटने में बच्चों के चेहरे भी लाल हो जा रहे हैं। इन दिनों नोएडा व ग्रेटर नोएडा की आबोहवा साफ है, लेकिन गर्म हवाओं ने लोगों की परेशानी बढ़ाई हुई है।

# अतिक्रमण हटाने गए निगमकर्मियों पर हमला, चालक समेत 5 घायल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

विजयनगर थानाक्षेत्र में सम्राट चौक पर बुधवार को अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम की टीम का स्थानीय लोगों ने विरोध किया। देखते ही देते माहौल गरमा गया और लोग निगम कर्मियों से भिड़ गए।

सुरक्षा के लिहाज से साथ गए पुलिसकर्मियों ने समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माने और उनकों भी पीट दिया। इतना ही नहीं लोगों ने जेसीबी पर पथराव कर उसका शीशा भी तोड़ दिया।

घटना में जेसीबी चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। घटना के संबंध में नगर निगम के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक ने विजयनगर थाने में तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। नगर निगम के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक नरेश कुमार का कहना है कि विजयनगर जोन में सम्राट चौक से लीलावती स्कूल तक सड़क के दोनों तरफलोगों ने अतिक्रमण किया हुआ था।

बुधवार शाम को वह जोनल अधिकारी रामबली पाल, अवर अभियंता एसके सरोजए राजस्व निरीक्षक सुनील तथा पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाने के लिए गए थे। नरेश कुमार का कहना है कि सी-ब्लॉक सेक्टर-11 में नगर निगम की टीम जिस वक्त अतिक्रमण हटा रही थीए उसी दौरान स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# बुलडोजर के खिलाफ सक्रिय हुई सरकार

## सीएम ने आज बुलाई विधायकों की आपात बैठक, तोड़फोड़ से निपटने के लिए बनाएंगे रणनीति



● पिछले 17 सालों में पैसे खा कर अवैध निर्माण को होने दिया :

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तीनों नगर निगम की बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ एक्शन में आए गए हैं। इस मुद्दे पर उन्होंने शनिवार को सभी आप विधायकों की आपात बैठक बुलाई है। यह बैठक 14 तारीख को केजरीवाल के सिविल लाइंस स्थित आवास पर होगी। इस बैठक में भाजपा द्वारा अतिक्रमण रोधी अभियान पर की जा रही राजनीति का मुकाबला करने के लिए रणनीति बनाई जाएगी। इस मुद्दे पर शुक्रवार को भी उप मुख्यमंत्री समेत आम आदमी पार्टी के कई नेताओं ने भाजपा पर हमला बोला है।

स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने भी इस मामले में ट्वीट कर कहा कि भाजपा शासित एमसीडी ने पिछले 17 सालों में पैसे खा कर अवैध निर्माण को होने दिया और अब इन कॉलोनियों में रह रहे 60 लाख लोगों के घरों पर बुलडोजर चला रही है। गृह मंत्री उन अफसरों पर कार्यवाही करें जिन्होंने पैसे लेकर इस अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण के कार्य को होने दिया। मालूम हो कि जहांगीरपुरी से नगर निगम का बुलडोजर अभियान शुरू हुआ था। अब ये हर जोन में चलाया जा रहा है। इससे दिल्ली की राजनीतिक पारा चढ़ गया है। इस बीच उत्तरी निगम ने अतिक्रमण हटाने का महीने भर का प्लान बना लिया है जिस पर चरणबद्ध तरीके से सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

अतिक्रमण के साथ ही बेसहारा पशुओं और मांस बिक्री की अवैध दुकानों को बंद करने का अभियान भी युद्ध स्तर पर छेड़ दिया गया है।

हर जोन में फिलहाल उन दस-दस वैसे स्थानों को अतिक्रमण से मुक्त कराने का लक्ष्य रखा गया है, जहां इससे लोगों को ज्यादा दिक्कत हो रही है। उत्तरी निगम के आयुक्त संजय गोयल ने बताया कि वह दिल्ली को साफ-सुथरा और हराभरा बनाना चाहते हैं। ऐसे में स्वच्छता बनाए रखने के लिए अतिक्रमण मुक्त होना बहुत जरूरी है। इसे देखते हुए उन्होंने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान छेड़ा है। इसमें उन्होंने सभी क्षेत्रीय उपायुक्तों को निर्देश दिया है कि इस महीने अपने-अपने क्षेत्र में अतिक्रमण वाले इलाकों की पहचान करें जहां लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है।

उन्होंने दावा कि अतिक्रमण के खिलाफ निगम के अभियान के सुर्खियों में आने से निगमकर्मियों का मनोबल तो बढ़ा ही है, लोग भी जागरूक हुए हैं। लोग खुद मांग कर रहे हैं कि उनके इलाके में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाए। अतिक्रमण के खिलाफ आने वाली शिकायतों में रोज बढ़ोतरी हो रही है। वह शिकायतों को गंभीरता से लेकर उस पर योजनाबद्ध तरीके से काम करेंगे।



### अवैध निर्माण कराने वाले अफसरों व नेताओं को चिन्हित करे गृह मंत्रालय

● उपमुख्यमंत्री ने अमित शाह को पत्र लिखकर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान रोकने का किया अनुरोध

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी अपने विधायक अमानतुल्लाह खान की गिरफ्तारी के बाद और आक्रामक हो गई है। कल तक बुल्डोजर पर भाजपा के साथ दो-दो हाथ करने वाली आप ने अब केंद्रीय गृहमंत्रालय का दरवाजा खटखटाया है।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि आम लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाने से पहले भाजपा के उन नेताओं व अधिकारियों के घरों पर बुलडोजर चलाये जायें जिन्होंने पैसे लेकर ये निर्माण होने दिए और जब तक जवाबदेही तय होकर उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती तब तक इस तोड़फोड़ को पूरी तरह से रोका जाए। मनीष सिसोदिया ने दावा किया कि तीनों एमसीडी ने 63 लाख मकान तोड़ने की योजना बनाई है। भाजपा दिल्ली को तहस-नहस करते हुए बुलडोजर से वसूली करने की साजिश रच रही है। इस बाबत उपमुख्यमंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखकर भाजपा शासित एमसीडी द्वारा तोड़फोड़ की कार्रवाई रोकने की बात कही। कच्ची कॉलोनियों और झुग्गियों में बने घरों में 60 लाख लोगों रहते है और भाजपा का इन सबको तोड़ने की योजना है। भाजपा के नेताओं ने पैसे लेकर अवैध तरीके से बसाया और फिर उन्हें तोड़ रही है। डीडीए कॉलोनी में यदि किसी ने बालकनी-छज्जा बनाने या घरों में छोटे-मोटे निर्माण करने वाले 3 लाख लोगों के मकानों को भी तोड़ेगी।

### रोहिंग्या, बांग्लादेशियों को आप दे रही शरण : भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि जब से निगम बुलडोजर रोहिंग्याओं-बांग्लादेशियों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण पर चलाया जा रहा है, तबसे दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सबसे ज्यादा दर्द हो रहा है। उनकी चिंता वाजिब है। वह मीडिया के सामने आकर दिल्ली की जनता के अंदर डर पैदा कर रहे हैं क्योंकि उन्हें भी इस बात का एहसास हो चुका है कि रोहिंग्या-बांग्लादेशी जो आम आदमी पार्टी का वोट बैंक है, उसे दिल्ली से हटना तय है। अवैध अतिक्रमण को धर्म और राजनीति से ऊपर उठकर देखने की जरुरत है लेकिन आम आदमी पार्टी और उसके नेता इसे मजहब से जोड़कर लोगों के अंदर जहर घोलने का काम कर रहे हैं। गुप्ता ने कहा कि मनीष सिसोदिया को चिंता सता रही है कि रोहिंग्या-बांग्लादेशी दिल्ली में दंगे कराते हैं, क्राइम करते हैं।

# मंगोलपुरी में स्टेडियम समेत कई इलाकों में ढहाए अतिक्रमण, अभी जारी रहेगा अभियान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जहांगीरपुरी से शुरू हुआ अतिक्रमण और अवैध निर्माण के खिलाफ दिल्ली नगर निगम का अभियान शुक्रवार को भी जारी रहा। उत्तरी और दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने मंगोलपुरी में एक स्टेडियम समेत शहर के विभिन्न हिस्सों में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू किया। स्टेडियम में कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा जमा लिया था, जो उसके परिसर में मवेशी भी ले आए थे। यह संपत्ति एनडीएमसी के शिक्षा विभाग के तहत आती है।

उत्तरी दिल्ली नगर निगम के आयुक्त संजय गोयल ने बताया कि स्थानीय पुलिस की मदद से रोहिणी क्षेत्र में समयपुर बादली मेट्रो स्टेशन से रोहिणी सेक्टर 18 मेट्रो स्टेशन व करोलबाग क्षेत्र में प्रेम नगर क्षेत्र से अस्थायी अतिक्रमण हटाया है। बवाना



क्षेत्र के जेजे कॉलोनी में पर्याप्त पुलिस बल नहीं मिलने के कारण अतिक्रमण हटाने का अभियान नहीं चलाया जा सका।

समयपुर बादली मेट्रो स्टेशन से रोहिणी सेक्टर 18 मेट्रो स्टेशन पर अतिक्रमण हटाने के अभियान के दौरान लगभग 75 अस्थायी संरचनाओं, झुग्गियों के साथ स्थायी प्लेटफॉर्म, 6 लकड़ी के मेज, लकड़ी के बोर्ड को एक जेसीबी और छह डंपरों की सहायता से हटाया गया। मौके से करीब छह ट्रक मालबा भी निगम द्वारा हटाया गया। सड़क के दोनों तरफ करीब 1300 मीटर क्षेत्र से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। यह कार्रवाई यातायात सुगम बनाने और फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने का एक प्रयास है। वहीं दक्षिण दिल्ली नगर निगम पश्चिमी दिल्ली के ख्याला में भी ऐसा ही अभियान चला रहा है। दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) के प्रवर्तन प्रकोष्ठ के दल पुलिस की मौजूदगी में बुलडोजर के साथ ख्याला पहुंचे और उन्होंने अस्थाई ढांचों और झुग्गियों को हटाना शुरू कर दिया। विष्णु गार्डन मेट्रो स्टेशन के समीप ख्याला में अभियान शुरू किया। इस अभियान को चलाने के लिए पर्याप्त पुलिस बल है।

तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान कोई विरोध प्रदर्शन नहीं हुआ है। अधिकारी ने बताया कि पश्चिमी दिल्ली के सुभाष नगर और नजफगढ़ मंडल में गोयला डेयरी इलाके में भी अभियान चलाया जाना है।

# अमानतुल्लाह बीसी घोषित, मिली जमानत

● तोड़फोड़ कार्रवाई रोकने पर किए गए थे गिरफ्तार, विरोध मे जामिया नगर, शाहीन बाग की दुकानें बंद रहीं



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान को दिल्ली पुलिस ने बीसी (खराब चरित्र) घोषित किया है। दक्षिण पूर्वी जिले के जामिया नगर पुलिस थाने ने 28 मार्च को खान को खराब चरित्र घोषित करने का प्रस्ताव भेजा गया था जिसे 30 मार्च को मंजूरी दी गई।

आधिकारिक दस्तावेज में कहा गया कि खान के खिलाफ कुल 18 एफआईआर दर्ज है। पुलिस के अनुसार ओखला से विधायक अमानतुल्ला खान, निगम पार्षद अब्दुल वाजिद खान समेत पांच अन्य लोगों को दंगे तथा लोक सेवकों को काम में बाधा पहुंचाने के आरोप में गत बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को अमानतुल्ला को जमानत देते हुए कहा कि उन्हें हिरासत में रखकर पूछताछ करने की आवश्यकता नहीं है। खान की एक दिन की हिरासत अवधि समाप्त होने पर उन्हें मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट हिमांशु तंवर के समक्ष पेश किया गया था। अदालत ने दिल्ली पुलिस और आरोपी के वकील की दलीलें सुनने के बाद 50,000 रुपए के निजी मुचलके और इसी राशि की दो जमानत पर राहत दी है। अदालत ने टिप्पणी की कि आरोपी निर्वाचित जनप्रतिनिधि है और एक विधायक होने के चलते उनसे उम्मीद की जाती है कि वह कानून-व्यवस्था बरकरार रखने का प्रयास करेंगे।

# शादी का झांसा देकर सैंकड़ों महिलाओं से ठगी, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● आरोपी ने खुद को वैवाहिक साइट पर खुद को अविवाहित और अनाथ बताया था


शादी का झांसा देकर महिलाओं से ठगी करने वाले युवक को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। देश भर की 100 से अधिक महिलाओं को झांसा देकर उनसे लाखों रुपए की ठगी करने के आरोप है। आरोपी की पहचान फरहान तासीर खान के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि फरहान तासीर खान ओडिशा के क्योंझर जिले के रहने वाले फरहान को मार्च में यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कार्यरत एक महिला डॉक्टर की शिकायत के आधार पर राजधानी दिल्ली के पहाड़गंज से गिरफ्तार किया गया। शिकायत में डॉक्टर ने आरोप लगाया कि वह खान से एक वैवाहिक साइट पर मिलीं, जहां आरोपी ने खुद को अविवाहित और अनाथ बताया। उसने महिला डा. को बताया कि उसने इंजीनियरिंग और एमबीए की पढ़ाई की है और वह व्यवसाय चला रहा है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि शादी करने के बहाने और अपने व्यवसाय के विस्तार के लिए, पैसे की जरूरत बताते हुए खान ने कथित तौर पर डॉक्टर से 15 लाख रुपए उधार लिए। पुलिस उपायुक्त बनिता मेरी जैकर ने बताया कि जांच के दौरान पता चल कि खान ने वैवाहिक पोर्टल पर कई आईडी बनाए हुए थे, जिनके माध्यम से उसने उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, गुजरात, दिल्ली, पंजाब, मुंबई, ओडिशा और कर्नाटक सहित अन्य राज्यों की कई महिलाओं से दोस्ती की थी। उसका कोलकाता से पीछा किया गया और आखिरकार बृहस्पतिवार को पहाड़गंज के एक होटल से गिरफ्तार कर लिया गया। खान वीओआईपी पंजीकरण नंबर वाली कार से चलता था और महिलाओं को प्रभावित करने के लिए कहता था कि यह कार उसकी अपनी है। वास्तव में, यह कार उसके एक रिश्तेदार की है। वह एक शहर से दूसरे शहर की यात्रा करता था और पीड़ितों के साथ वीडियो कॉल पर संवाद करता था, ताकि वह यह दिखा सके कि वह अमीर है। उसने महिलाओं से कहा था कि वह सालाना करीब 30 से 40 लाख रुपए कमाता है।

जैकर ने बताया कि छानबीन पता चला कि खान शादीशुदा है और उसकी तीन साल की एक बेटी है। इसके अलावा उसके पिता और एक बहन है। उसने महिलाओं से कहा था कि उसके माता-पिता की सड़क

# पौधरोपण के लिए राजधानी में भूमि तलाशेगी समिति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



● पर्यावरण मंत्री राय ने कहा- सरकार नौ सदस्यीय समिति का गठन करेगी

राष्ट्रीय राजधानी में वृक्षारोपण के लिए जमीन की कमी की समस्या से निपटने के लिए सरकार की नौ सदस्यीय समिति विकल्पों का सुझाव देगी जिसका का गठन दिल्ली सरकार द्वारा किया जाएगा।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को दीपावरण मंत्री ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उस अनुरोध को खारिज करते हुए यह घोषणा की, जिसमें प्रतिपूरक वृक्षारोपण योजना के तहत लगाए जाने वाले पेड़ों की संख्या संबंधी दिशानिर्देशों को संशोधित करके काटे जाने वाले हर पेड़ के बदले 10 पौधों के बजाय दो पौधे लगाए जाने को अनिवार्य बनाने की बात की गई है। उन्होंने कहा कि डीडीए ने दिल्ली वन विभाग को पत्र लिखा कि उनके पास अनिवार्य वृक्षारोपण के लिए भूमि नहीं है। उन्होंने हमने दिशा-निर्देशों में बदलाव करने को कहा है। हम दिल्ली में पर्यावरण की स्थिति को देखते हुए इस अनुरोध को खारिज कर रहे हैं। राय ने कहा कि इसके बजाय, सरकार डीडीए से यह सूचित करने को कहेगी कि राजधानी में वृक्षारोपण के लिए कितनी जमीन उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वृक्षारोपण के लिए भूमि की कमी से निपटने के विकल्प सुझाने के लिए नौ सदस्यीय हरित कवर विकास समिति गठित करने का भी फैसला किया है। पैनल में लोक निर्माण विभाग, डीडीए, वन विभाग, नगर निगम, योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, दिल्ली शहरी कला आयोग और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान- पूसा के सदस्य होंगे।

राय ने कहा कि सरकार देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) से दिल्ली में वृक्षारोपण संबंधी लेखापरीक्षा करने के लिए भी कहेगी। उन्होंने कहा कि पिछले दो से तीन वर्ष में, 27 एजेंसी और विभागों को उनके विकास कार्यों के लिए पेड़ लगाने की अनुमति दी गई है।

### सोशल मीडिया पर महिला पर नजर रखने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर महिला पर कथित तौर पर नजर रखने को लेकर एक युव को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान सुरप्रीत सिंह के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें उसने कहा था कि सोशल मीडिया पर 14 फरवरी से ही एक अज्ञात व्यक्ति उसकी गतिविधियों पर नजर रख रहा है। महिला ने आरोप लगाया कि उसे अज्ञात मोबाइल नंबर तथा सोशल मीडिया पर विभिन्न अकाउंट से लातार मैसेज आ रहे हैं। तकनीकी विश्लेषण के बाद घनश्याम बंसल को पुलिस ने गिरफ्तार किया।



तपती गर्मी में रेहड़ी पर पानी पीकर प्यास बुझाते पैदल यात्री। फोटो: रंजन डिमरी


### दिल्ली में जुआ क्लब का भंडाफोड़, 17 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर दिल्ली के सदर बाजार इलाके में पुलिस ने एक जुआ क्लब का भंडाफोड़ करने के बाद 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी।

पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि उन्हें बुधवार को क्लब के बारे में जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने चोरों की गली, बस्ती जुलाहन में एक घर पर छापा मारा। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने कहा कि पुलिस को मौके पर पता चला कि वहां जुआघर चल रहा है और इस मामले में 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी ने कहा कि मामले में रोहित, सागर, मोहम्मद नबी और आकाश मुख्य आरोपी थे।

## संक्षिप्त समाचार

### आधुनिक तकनीक से होगी बिजली आपूर्ति



**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली में बिजली आपूर्ति करने वाली कंपनी टाटा आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने जा रही है। इसके लिए कंपनी ने बिजली वितरण के क्षेत्र में क्षमता निर्माण ट्रेनिंग और कौशल विकास के लिए सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरीगेशन एंड पावर (सीबीआईपी) के साथ सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस करार पर टाटा पावर (डीडीएल) के चीफ एचआर, आईआर एवं हेल्थ सर्विसेस, सुबीर वर्मा और सीबीआईपी के निदेशक संजीव सिंह ने नई दिल्ली में टाटा पावर के सीईओ गणेश श्रीनिवासन और सीबीआईपी के सचिव ए.के. दिनकर की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए। इस सहमति का मुख्य मकसद पावर सेक्टर के पेशेवरों को स्मार्ट ग्रिड, ग्रिड आटोमेशन, इलेक्ट्रिक व्हीकल और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, आईओटी, एआई एंड एमएल का ड्रोन टेक्नोलॉजी से इंटीग्रेशन आदि के बारे में उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रमों से कौशल विकास के अवसर देना है।

### सदर बाजार में खेम चंद शर्मा के नाम पर सड़क

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह और बिहार सरकार में मंत्री शाहनवाज हुसैन ने सदर बाजार स्थित एक मार्ग का नामकरण स्व. पंडित खेम चन्द शर्मा मार्ग किया। इस अवसर पर पूर्व महापौर जय प्रकाश व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि स्व. पंडित खेम चन्द शर्मा जी भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में से एक थे। जिन्होंने नागरिकों की सेवा में अपना पूरा जीवन समर्पण कर दिया था। स्थानीय नागरिक आज भी उन्हें दिल से याद करते है। इस अवसर पर शाहनवाज हुसैन ने कहा कि स्व. पंडित खेम चन्द शर्मा जी एक धार्मिक व सामाजिक व्यक्ति थे, जो सदैव लोगों के दुख-सुख में शामिल होते थे और वो सदैव गरीबों के लिए कार्य करते थे, बहुत सारी सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए थे। उन्होंने कहा की हमें उनके द्वारा किए गए अच्छे कार्यों को याद करना चाहिए, ताकि समाज उनके द्वारा किए गए कार्यों से प्रेरणा ले सकें और उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतार सकें।

### जामिया में 25 तक करा सकेंगे नामांकन



**नई दिल्ली।** जामिया मिलिया इस्लामिया (जेएमआई) ने शुक्रवार को स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख 25 मई तक बढ़ा दी है। इससे पहले नामांकन के लिए आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख 13 मई थी। जेएमआई के सभी पाठ्यक्रमों के लिए पंजीयन कराने की समय सीमा बढ़ा दी गई है। इन पाठ्यक्रमों में स्नातकोत्तर, स्नातक, स्नातकोत्तर डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा और डिप्लोमा कार्यक्रम शामिल है। हालांकि पीएचडी पाठ्यक्रमों के लिए यह तिथि नहीं बढ़ाई गई है। विश्वविद्यालय ने कहा है कि ऐसा इसलिए किया गया है, क्योंकि कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) के लिए पंजीकरण की तिथि 22 मई तक बढ़ा दी गई है।

### जेएनयू में एबीवीपी का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शुक्रवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज (एसआईएस) में ऑफलाइन कक्षाएं दोबारा शुरू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। जेएनयू ने फरवरी में ऑफलाइन कक्षाओं और व्यक्तिगत शिक्षण को दोबारा शुरू करने के लिए परिसर को फिर से खोल दिया था। हालांकि, छात्रों ने दावा किया है कि स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज में ऑफलाइन कक्षाएं अब तक शुरू नहीं हुई हैं विरोध प्रदर्शन एसआईएस डीन के कार्यालय के सामने आयोजित किया गया था छात्र संगठन ने एक बयान में कहा कि एसआईएस में ऑफलाइन कक्षाओं, सेमिनारों और कार्यशालाओं की लड़ाई में एसआईएस के छात्रों के साथ खड़ा है। इसने ऑफलाइन कक्षाओं के संबंध में डीन के अलोकतांत्रिक और सत्तावादी दृष्टिकोण की भी निंदा की।

# दिल्ली बनेगी अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माण का केंद्र

## केजरीवाल सरकार ने जारी की फिल्म नीति, नगर को मिलेगी वैश्विक पहचान

● ऑनलाइन सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम से 15 दिनों में मिलेगी शूटिंग संबंधित करीब 25 एजेंसियों की मंजूरी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर फिल्म शूटिंग स्थल के रूप में विकसित करने और पर्यटन को बढ़ावा देने के मकसद से दिल्ली फिल्म नीति को जारी कर दिया गया है। इस नीति के तहत राष्ट्रीय राजधानी में फिल्म शूटिंग की प्रक्रिया को आसान बनाने, निर्माताओं को सेवाएं मुहैया कराने के साथ फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए फिल्म उत्सव, फिल्म पुरस्कार वितरण जैसे आयोजन की व्यवस्था की गई है। दिल्ली में अब 15 दिन के अंदर 25 विभागों से शूटिंग की मंजूरी ली जा सकती है। इसके लिए शुक्रवार को पर्यटन विभाग की ओर से www.delhitourism.gov.in वेबसाइट को शुरू की गई है।

फिल्म प्रोडक्शन के लिए दिल्ली सरकार निर्माताओं को सब्सिडी भी देगी और फिल्म इंडस्ट्री में स्थानीय लोगों को काम पर रखने के लिए भी प्रोत्साहित करेगी। दिल्ली टूरिज्म एंड ट्रांसपोर्टेशन डेवलपमेंट कारपोरेशन (डीटीटीडीसी) इस पूरी प्रक्रिया में नोडल एजेंसी की भूमिका निभाएगी। सरकार ने दावा किया है कि दिल्ली फिल्म पॉलिसी केजरीवाल सरकार की एक प्रगतिशील पॉलिसी है, जिसे नौकरियों के सृजन करने, अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को बढ़ावा देने और लोगों में गर्व की भावना पैदा करने में मदद करने के लिए ग्लोबल स्तर पर फिल्म प्रमोशन और टूरिज्म पॉलिसी को स्टडी करने के बाद तैयार किया गया है।

उपमुख्यमंत्री, दिल्ली डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमिशन के उपाध्यक्ष जैस्मिन शाह और डीटीटीडीसी की सीईओ स्वाति शर्मा ने एक समारोह में दिल्ली फिल्म पॉलिसी को जारी किया। इस दौरान सिसोदिया ने कहा कि फिल्म प्रोड्यूसर्स को आकर्षित करने के लिए एक सिंगल विंडो ऑनलाइन क्लीयरेंस सिस्टम तैयार किया जाएगा।

जहां निर्माताओं को ऑनलाइन माध्यम से करीब दो सप्ताह में फिल्म शूटिंग से जुडी सभी मंजूरी मिल जाएगी। यदि किसी प्रोड्यूसर को 15 दिनों से पहले मंजूरीचाहिए तो उन्हें प्रीमियम पेमेंट देना होगा। इससे पहले निर्माताओं को करीब 25 अलग-अलग एजेंसीज से मंजूरी लेनी होती थी, जिसमें काफी समय लगता था। प्रोड्यूसर्स वेबसाइट पर जाकर फिल्म शूटिंग के लिए मंजूरी ले सकेंगे।

### पॉलिसी के फायदे

दिल्ली फिल्म पॉलिसी, दिल्ली में, फिल्म इंडस्ट्री इको-सिस्टम को मजबूत करने, फिल्म प्रोडक्शन और उससे संबंधित क्षेत्रों में लगे स्किल्ड वर्कफोर्स के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद करेगा। इस पॉलिसी के माध्यम से दिल्ली को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी और पर्यटकों का आकर्षण बढ़ेगा जिसके परिणाम स्वरूप पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। जिससे होटल, रेस्टोरेंट, हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री को भी फायदा होगा। रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और इकॉनमी बेहतर होगी।

केजरीवाल सरकार ने दिल्ली फिल्म फंड के लिए 30 करोड़ रुपए का आवंटन किया है, जो फिल्म प्रचार के दृष्टिकोण से दिल्ली को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में ब्रांड करने में मदद करेगा।

# सर्वे में खुलासा...देश में बढ़ती जनसंख्या पर लग रहा नियंत्रण

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**स्वास्थ्य** मंत्रालय की नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की पांचवीं रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि देश में बच्चे पैदा करने की रफ्तार घटी है। यानी अब बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण लग रहा है। पहले यह रफ्तार 2.2 फीसदी थी जो अब घटकर 2 फीसदी हो गई है। हर क्षेत्र में बढ़ती महंगाई के चलते विशेषज्ञ जनसंख्या नियंत्रण को सही मान रहे हैं। इससे बच्चों का सही पालन-पोषण हो सकेगा।

सर्वे के माध्यम से पता चला है कि देश में शिक्षा की स्थिति में भी सुधार हुआ है। यहां पुरुषों की साक्षरता दर 84 फीसदी है, जबकि महिलाएं देश में 72 प्रतिशत साक्षर हैं। रोजगार की बात करें तो सर्वे में बताया गया है कि देश में 75 फीसदी पुरुषों और 25 फीसदी महिलाओं के

### देश में बच्चे पैदा करने की रफ्तार पहले 2.2 फीसदी थी, जो घटकर 2 फीसदी हुई

### देश में पुरुषों की साक्षरता दर 84 फीसद जबकि महिलाओं की 72 प्रतिशत

पास रोजगार है। 50 फीसदी पुरुषों और 45 फीसदी महिलाओं ने कम से कम 10 साल तक स्कूलों में शिक्षा ली है।

सूचना एवं प्रौद्योगिकी के इस दौर में भी आज की तारीख में 32 फीसदी पुरुष और 41 फीसदी महिलाएं अखबार, टीवी, रेडियो, सिनेमा से दूर हैं। यह सब उन तक नहीं पहुंच पाए हैं। इंटरनेट के उपयोग की बात करें तो देश में 15 से 49 साल के बीच 32 फीसदी पुरुष और 41 फीसदी महिलाएं इंटरनेट क उपयोग करते हैं।



### शादियां अधिक उम्र में हो रहीं

**देश** में शादी की भी उम्र बढ़ी है। सरकार की तरफ से ऐसा कोई नियम नहीं बनाया गया है, लेकिन अब अधिक उम्र में युवाओं की शादियां हो रही हैं। पुरुषों की शादी की औसत उम्र अब 24.9 वर्ष (24 साल 9 महीने) आंकी गई है, जबकि महिलाओं की शादी की उम्र 18.8 वर्ष (18 साल 8 महीने) हो गई है। इसी तरह परिवार नियोजन की बात करें तो आधुनिक गर्भनिरोधक इस्तेमाल करने वाली महिलाओं की संख्या 48 फीसदी से बढ़कर 56 फीसदी हो गई है। आज भी नसबंदी को अधिक पसंद किया जा रहा है।

### सब सुख चाहिए तो जनसंख्या घटाइए : जीव विज्ञानी डॉ. राम सिंह

**अंतरराष्ट्रीय** ख्याति प्राप्त जीव विज्ञानी डॉ. (प्रो.) राम सिंह कहते हैं कि जनसंख्या पर नियंत्रण बहुत जरूरी है। अगर सब सुख चाहिए तो जनसंख्या को घटाइए। हमें अपने बच्चों को सब कुछ देना है तो बच्चों की संख्या भी सीमित रखनी होगी। आज सुविधाओं की कमी का बड़ा कारण ही जनसंख्या है। लाइफस्टाइल बढ़ने के साथ खर्चे भी उसी हिसाब से हो जाते हैं। ऐसे में मध्यम व उच्च वर्ग के लोग खुद ही इस बात के प्रति जागरूक हुए हैं कि कम जनसंख्या से ही अच्छा जीवन जिया जा सकता है। सरकार अगर जनसंख्या नियंत्रण कानून नहीं बना सकती तो कम से कम ऐसा जागरुकता कार्यक्रम चलाए, जिससे कि हर व्यक्ति इस बात को सोचे की भविष्य सीमित जनसंख्या से ही सुरक्षित है। समय रहते हमें संभलना भी चाहिए। सिर्फ जनसंख्या ही नहीं, प्रकृति के साथ और भी बहुत से खिलवाड़ हो रहे हैं, जिन्हें बंद करना जरूरी है। नहीं तो प्रकृति इंसान से लड़ेगी और सब नष्ट कर देगी।

### मोटापे से भी अछूते नहीं है देश के लोग

सर्वे में सामने आया है कि देश में मोटापा भी बढ़ता जा रहा है। वर्ष 2015-16 में 21 फीसदी महिलाओं का वजन अधिक था, जो अब बढ़कर 24 प्रतिशत हो गई हैं। पुरुषों में मोटापे का आंकड़ा 19 फीसदी से बढ़कर 23 फीसदी हो गया है।

# ईडी व सीबीआई के नाम पर रिश्वत देने में बीजेपी नेता बत्रा पर भी हो कार्रवाई

### आप नेता बोले, बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के केस में ईडी, सीबीआई को भी खरीदने चले थे यशपाल बत्रा

### ईडी, सीबीआई को रिश्वत के नाम पर बत्रा ने भी किया है बदनाम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



आप नेता अभय जैन एडवोकेट, अशोक वर्मा एडवोकेट।

**आम** आदमी पार्टी कार्यकर्ता अभय जैन एडवोकेट व अशोक वर्मा एडवोकेट ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह-प्रवक्ता एवं गुरुग्राम के पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर यशपाल बत्रा के रिश्वत कांड पर सवाल खड़े करते हुए पुलिस द्वारा उन पर भी केस दर्ज करने की मांग की है।


उन्होंने कहा कि यशपाल बत्रा ने ईडी और सीबीआई के नाम पर जो रिश्वत दी थी, इस मामले में उनके खिलाफ भी पुलिस केस दर्ज करें। भले ही आरोपी फर्जी अधिकारी बनकर उनसे पहले 10 लाख रुपये ले चुके और अब 2 लाख रुपये ले रहे हों, लेकिन सवालों के घेरे में यशपाल बत्रा भी हैं। आप नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में रहते हुए वे गुरुग्राम नगर निगम लागू होने के बाद पहले सीनियर डिप्टी मेयर बने थे। उस समय उनके द्वारा नियमों का उल्लंघन करके बिल्डिंग निर्माण किया गया। हालांकि उनकी बिल्डिंग को उनके पद पर रहते हुए ही गिराया और सील भी किया गया।

अब उनके द्वारा ईडी और सीबीआई के नाम पर 10 लाख रुपये पहले रिश्वत देने और ईडी, सीबीआई अधिकारी बने लोगों द्वारा फिर से रिश्वत की मांग करने के मामले में जो खुलासा हुआ है वह हैरान कर देने वाला है। आप नेताओं ने कहा कि बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के मामले में वे इतनी मोटी रिश्वत दे सकते हैं, यह भी बड़े सवाल खड़े करता है। क्योंकि यशपाल बत्रा ने इस रिश्वत को बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के नाम पर ही एफआईआर में दर्शाया है। बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के मामले में ईडी और सीबीआई उनके दरवाजे तक पहुंच सकती है, यह भी एक बड़ा सवाल खड़ा होता है। उन्होंने कहा कि इसमें और भी कुछ गड़बड़ी पाई जा सकती है। बशर्ते गुरुग्राम पुलिस रिश्वत देने के इस मामले में भाजपा नेता मेयर यशपाल बत्रा के खिलाफ भी केस दर्ज कर निष्पक्ष जांच करे। जिस दल की प्रदेश में सरकार है और उसी दल का नेता रिश्वत लेकर अपने काम करवाने का प्रयास करता है, यह भारतीय जनता पार्टी की सरकारों को कटघरे में खड़ा करता है।

# नागरिक अस्पताल में एम्बुलेंस की संख्या बढ़ाने की मांग

**सोहना।** सोहना के 100 बेड वाले नागरिक अस्पताल एक मात्र एम्बुलेंस के सहारे चल रहा है। डॉक्टर द्वारा आपातकाल में रोगी को रेफर करने उसके परिजनों को घंटों इतजार करना पड़ता है। तब तक रोगी की हालत पहले से और खराब हो जाती है। जिससे रोगी की जान जाने का खतरा गहरा जाता है।

प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अक्टबूर 2021 खंड के गांव सरमथला में मंच के माध्यम से सोहना के नागरिक अस्पताल को 50 से 100 बेड का बनाए जाने की घोषणा तो कर दी थी। लेकिन छह माह बीत जाने के बाद भी नागरिक अस्पताल में एक मात्र एम्बुलेंस के सहारे अस्पताल को चलाया जा रहा है। जबकि नागरिक अस्पताल में 50 हजार की आबादी वाले शहर समेत आसपास ग्रामीण क्षेत्र के 20 से 25 गांव और जिला नूंह, पलवल और रेवाड़ी के लगते गांवों से मरीज उपचार के लिए आते हैं। इसके साथ-साथ नागरिक अस्पताल राष्ट्रीय मार्ग 248ए से लगता हुआ है। जहां पर आए दिन होने वाले सड़क हादसों में घायल लोग आते हैं, लेकिन एक मात्र



सोहना के नागरिक अस्पताल में खड़ी एक मात्र एम्बुलेंस।

एम्बुलेंस होने के कारण रोगी को अन्य अस्पताल में लेकर जाने के लिए 2 से 4 घंटा तक इंतजार करना पड़ता है।

### गरीब व मध्यम वर्गी नागरिक को सहारा

**नागरिक** अस्पताल में मजदूरी, गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों से लेकर मध्यमवर्गी परिवार के लोग उपचार के लिए आते हैं। जिन्हें सरकार द्वारा एम्बुलेंस की फ्री सेवा उपलब्ध कराई जाती है। स्थानीय निवासी सुरेन्द्र का कहना है कि नागरिक अस्पताल में 2 से 3 एम्बुलेंस होनी चाहिए। जिससे रेफर मरीज को गुरुग्राम या नूंह के नल्हड़ अस्पताल में समय पर पहुंचा जा सके।

# दिल्ली रेवाड़ी सेक्शन पर पैसेंजर ट्रेन का संचालन 16 से

**गुरुग्राम।** दिल्ली-रेवाड़ी सेक्शन पर पैसेंजर ट्रेन का संचालन शुरू होने जा रहा है। सदस्य रेलवे परामर्श समिति और दैनिक रेल यात्री संघ पटौदी रोड के अध्यक्ष योगिन्द्र चौहान समेत हजारों दैनिक यात्रियों ने इस ट्रेन के संचालन पर खुशी जाहिर की है।

पैसेंजर ट्रेन नंबर-04436 मेरठ-रेवाड़ी स्पेशल जिसका पुराना नंबर 54412 है, इस ट्रेन को 14734 रेवाड़ी-श्रीगंगानगर में विलय करके एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 14030 के रूप में 16 मई को मेरठ कैंट से सुबह 06:45 पर चलाया जाएगा। ये ट्रेन नई दिल्ली सुबह नौ बजे, दिल्ली कैंट 9:48 पर, गुरुग्राम 10:18 पर, पटौदी 11:03 और रेवाड़ी 12:50 पहुंचेगी, श्रीगंगानगर रात को 11: 45 मिनट पर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर-14733 व 54416 का विलय कर श्रीगंगानगर से 17 मई को एक्सप्रेस ट्रेन नं 14029 बनाकर सुबह 1:45 पर श्रीगंगानगर से चलाया जाएगा, जो रेवाड़ी 12 बजे पटौदी दोपहर 1:39, गुरुग्राम 2:18, दिल्ली कैंट 2:44 और पुरानी दिल्ली 3:40 पर पहुंचेगी। एक्सप्रेस ट्रेन नंबर-14029 का रैक दिल्ली पहुंचने के बाद रेवाड़ी के लिए ट्रेन नं 04283 (पुराना नंबर-54417) बनकर दिल्ली से 16:10 पर रेवाड़ी के लिए चलाया जाएगा। वापसी में रेवाड़ी से शाम 19:25 पर ट्रेन नंबर-04286 (पुराना नंबर-54420) बनकर दिल्ली के लिए चलाया जाएगा। यहि रैक 18 मई को दिल्ली से सुबह 03:20 पर ट्रेन नं 04285(पुराना नं 54413) बनाकर चलाया जाएगा। इसी प्रकार रेवाड़ी दिल्ली पैसेंजर 04989 (पूराना नं 54421) व ट्रेन नं 04435 (पूराना नं 54411) का भी संचालन 18 मई से होगा।

# एजुकेशन वॉलंटियर्स ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

### कौशल रोजगार निगम में शामिल करने की है उनकी मांग

### विधायक सुधीर सिंगला ने सरकार से पैरवी करने का दिया आश्वासन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शुक्रवार** को गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला से एजुकेशन वॉलंटियर्स ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विधायक को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि उन्हें कौशल रोजगार निगम में शामिल किया जाए, ताकि उनका रोजगार सुरक्षित हो सके। विधायक सुधीर सिंगला ने उनकी इस मांग को सरकार तक पहुंचाकर पैरवी करने का आश्वासन दिया है।



गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला को ज्ञापन सौंपने से पूर्व अपनी मांग रखते एजुकेशन वॉलंटियर्स।

एजुकेशन वॉलंटियर्स ने ज्ञापन में कहा कि हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के समक्ष शिक्षा अभियान के तहत वित्तीय वर्ष एजुकेशन वॉलंटियर्स को विभाग द्वारा निर्धारित समय (ज्यादातर 6 या 9 महीने) के लिए किसी भी तरह शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लिया जाता है। इस संपूर्ण प्रक्रिया में एक गैर सरकारी संस्था ह्यमन पीपल टू पीपल इंडिया भी शामिल हैं, लेकिन हमारा ज्यादातर कार्य विभाग द्वारा ही संचालित किया जाता है। सरकार पूर्व में घोषणा कर चुकी है कि अब डीसी रेट, ठेकेदारी प्रथा तथा निजी संस्थाओं को सरकारी विभागों से बाहर कर दिया गया है। अब यह सारी प्रक्रियाएं कौशल रोजगार निगम के तहत की जाएंगी। इसलिए हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के अधीन कार्य कर रहे वोकेशनल टीचर्स को भी हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल किया जाए।

विधायक सुधीर सिंगला ने एजुकेशन वॉलंटियर्स से ज्ञापन लेने के बाद उन्हें आश्वस्त किया कि वे उनके इस ज्ञापन को मुख्यमंत्री मनोहर लाल, शिक्षा मंत्री कंवरपाल तक पहुंचाने के साथ व्यक्तिगत तौर पर भी इस पर चर्चा करेंगे। उन्हें कौशल निगम में सम्मिलित करने की पूरी सिफारिश करेंगे। सभी एजुकेशन वॉलंटियर्स ने विधायक सुधीर सिंगला का धन्यवाद किया।

# वित्तीय और आर्थिक आंकड़ों को आसान भाषा में प्रस्तुत करना चाहिए : केए बद्रीनाथ

### महंगाई को काबू में करने के लिए आरबीआई ने उठाए हैं आवश्यक कदम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** विश्वविद्यालय में शुक्रवार को मीडिया अध्ययन विभाग द्वारा वित्तीय और आर्थिक आंकड़ों का बोध कराने वाली संख्याओं को किस प्रकार आसान भाषा में समझें विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के प्रधान सलाहकार केए बद्रीनाथ ने भाग लिया। विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने केए बद्रीनाथ को सम्मानित भी किया।

इस मौके पर छात्रों के साथ अपनी बातचीत के दौरान केए बद्रीनाथ ने वित्तीय और आर्थिक आंकड़ों से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें और उसके उपयोग की तकनीक छात्रों के साथ साझा की, जिसमें संख्याओं के माध्यम से वित्तीय और आर्थिक आंकड़ों को आसानी से समझा जा सके। साथ ही उन्होंने आवश्यक कौशल का भी उल्लेख किया। उन्होंने हाल में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा लिए गए आर्थिक फैसलों पर विस्तार से छात्रों के साथ चर्चा की। छात्रों ने भी वित्तीय और देश की अर्थव्यवस्था से जुड़े अपने सवाल बद्रीनाथ से पूछे, जिसका उन्होंने बहुत ही सरल और सहज भाषा में जवाब दिया।



गुरुग्राम विवि में आयोजित वित्तीय और आर्थिक आंकड़ों को लेकर कार्यशाला में बोलते मुख्य वक्ता केए बद्रीनाथ।

उन्होंने बताया कि आरबीआई द्वारा रेपो रेट में 40 बेसिक प्वाइंट की बढ़ोतरी का फैसला काफी अहम था। क्योंकि अब रेपो रेट 4.4 फीसदी हो गई है। उन्होंने कहा कि रेपो रेट में बढ़ोतरी के बाद अब आपको कर्ज लेने में महंगाई की मार झेलनी होगी तो वहीं ईएमआई का बोझ भी बढ़ेगा। हम सबको यह भी ध्यान रखना चाहिए की आरबीआई का ये फैसला भारतीय अर्थव्यवस्था, महंगाई और आम जनता की भलाई को ध्यान में रखकर लिया गया फैसला है। ब्याज दरों में बढ़ोतरी का प्रमुख कारण यूक्रेन और रूस का युद्ध है, जो 3 महीने से ज्यादा समय से चल रहा है। इस अवसर पर मीडिया स्टडीज डिपार्टमेंट के डीन डॉ. राकेश कुमार योगी, डॉ. श्वेता, डॉ. नीरा, डॉ. दीपिका आदि उपस्थित रहे।

# नगर परिषद करेगा एलपीजी चलित शव दाह गृह स्थापित

**सोहना।** नगरपरिषद विभाग जल्द ही एलपीजी चलित शव दाह गृह स्थापित करेगा। जिसका कार्य अंतिम चरण में है। नगर परिषद इस कार्य पर करीब 70 लाख रुपये खर्च करेगा।

शहर और दूसरे राज्यों के निवासियों को अब अपने परिजनों का बरसात या ईंधन न मिलने के अवसर पर घंटों इंतजार नहीं करना होगा। नगर परिषद ने शहर के दमदमा मार्ग पर स्थित श्मशान घाट पर अब एलपीजी से चलने वाली शव दाह मशीन स्थापित करेगी। जिस पर करीब 70 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। जिसका कार्य तीव्र गति से चालू है। इस योजना को नगर परिषद बरसात का मौसम शुरू होने से पहले पूर्ण करना चाह रही है। नगर परिषद के इंजीनियर (एसडीओ) सुशील कुमार ठाकरान ने बताया कि एलपीजी दाह संस्कार मशीन का 80 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। मालूम रहे कि शहर बरसात के मौसम में ईंधन गीला होने से शव का अंतिम संस्कार करने में नागरिकों को भारी परेशानी होती है। इसके साथ लावारिश मिलने वाले शव का अंतिम संस्कार करने के लिए पुलिस को भी परेशानी होती है।

# ट्रेन से उदयपुर गए राहुल गांधी दीपेंद्र हुड्डा का किया स्वागत



गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर कार्यकर्ताओं का ट्रेन से आभार जताते राहुल गांधी और दीपेंद्र हुड्डा।

### गुरुग्राम स्टेशन पर बड़ी संख्या में पहुंचे कांग्रेसी कार्यकर्ता

**गुरुग्राम।** शुक्रवार से कांग्रेस पार्टी के तीन दिवसीय नव-संकल्प चिंतन शिविर में शामिल होने के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी चेतक एक्सप्रेस ट्रेन में सवार होकर गुरुग्राम के रास्ते उदयपुर गए। गुरुवार देर रात चेतक एक्सप्रेस यहां पहुंची। राहुल गांधी के साथ राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी थे। गुरुग्राम स्टेशन पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी, दीपेंद्र हुड्डा का स्वागत किया गया।

जोश से भरे कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, दीपेन्द्र हुड्डा जिंदाबाद के नारे लगाए। दक्षिण हरियाणा से गुजरने वाली चेतक एक्सप्रेस ट्रेन जिस स्टेशन पर भी ठहरी, हर स्टेशन पर उनका स्वागत किया गया।

कांग्रेस के नव-संकल्प चिंतन शिविर में हिस्सा लेने के लिए चेतक एक्सप्रेस से राहुल गांधी के साथ दीपेन्द्र हुड्डा दिल्ली के सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन से उदयपुर के लिए ट्रेन से रवाना हुए थे। कार्यकर्ताओं को जैसे ही सूचना मिली कि राहुल गांधी के साथ दीपेन्द्र हुड्डा चेतक एक्सप्रेस ट्रेन से जा रहे हैं तो भारी भीड़ स्टेशन पर उमड़ पड़ी। दोनों नेताओं के स्वागत के लिए गुरुग्राम, पटौदी, रेवाड़ी नारनौल स्टेशनों पर हरियाणा कांग्रेस के तमाम नेता, कार्यकर्ता इकट्ठे हुए और उनका स्वागत किया गया। राहुल गांधी और दीपेंद्र हुड्डा ने यहां कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया।

## संक्षिप्त-समाचार

### महापंचायत के लिए बनाई गई सब कमेटियों को सौंपी जिम्मेदारियां



**सोहना।** टोल संघर्ष समिति ने 10 से 12 बनाई गई सब कमेटियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। 20 मई से एक दिन में एक कमेटी 9 से 10 गांवों का दौरा करेगी। महापंचायत को सफल बनाने के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ने का फैसला लिया है। टोल संघर्ष समिति के मुख्य पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की गुरुवार को बैठक हुई। बैठक में करीब 10 नई सबकमेटियां बनाई गई। बैठक में महाराज सिंह, बलबीर सिंह गब्दा, जगमिन्द्र खटाना, सतबीर पहलवान, संजय सिंह, जिन्नी पहलवान, हीरा सिंह समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। जिन्हें अलग-अलग कमेटियों के प्रभारी बनाते हुए जिम्मेदारी सौंपी। बैठक के बाद बलबीर सिंह गब्दा ने बताया कि महापंचायत को सफल बनाने के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ने की पूरी तैयारियां कर ली है। हक के लिए समिति किसी के सामने नहीं जाएगी। अब समिति महापंचायत में टोल से जुड़े कंपनी से लेकर एनएच और राजनीति लोगों को बुलाया जाएगा। सतबीर पहलवान ने बताया कि 20 मई से गुरुग्राम, पलवल, फरीदाबाद, नूंह, रेवाड़ी के गांव और शहरों के दौरे करके महापंचायत में आने के लिए लोगों को न्योता दिया जाएगा। एक साथ 20 से 25 गांवों के लोग न्योता देने के लिए गांव-गांव का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि महापंचायत के माध्यम से प्रशासन और सत्ताधारी सरकार को हक की लड़ाई लड़ने की ताकत दिखाई जाएगी।

### लॉरेन्स बिश्नोई गैंग के दो गुर्गे अवैध हथियार समेत दबोचे

**गुरुग्राम।** गुप्त सूचना के आधार पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए जसप्रीत सिंह उर्फ अमन उर्फ अम्मू व रोबिन सोनी उर्फ रिंकू निवासी श्रीगंगानगर राजस्थान को अलग-अलग स्थानों बस क्यू शेल्टर सेक्टर-31, व सुभाष चौक गुरुग्राम से अवैध हथियार सहित काबू किया। आरोपियों के कब्जे से दो पिस्टल व चार कारतूस बरामद किए गए हैं। अपराध शाखा सेक्टर-31 प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार की टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि वे लॉरेन्स गिरोह के सदस्य हैं। लॉरेन्स बिश्नोई के कहने के अनुसार ही अपराधिक वारदातों को अंजाम देते है। उनके खिलाफ पहले भी हत्या के प्रयास, लड़ाई-झगडे व अवैध हथियार रखने के 3 मामले दर्ज हैं। वे गुरुग्राम में फरारी काट रहे थे तो पुलिस ने गुप्त सूचना पर इन्हें काबू कर लिया। उनके खिलाफ शस्त्र अधिनियम की सम्बंधित धाराओं के तहत थाना सेक्टर-40 व थाना सदर गुरुग्राम में केस दर्ज किया गया है।

### गुरुग्राम में लोक अदालत आज, 25 बेंच करेंगी सुनवाई

**गुरुग्राम।** जिला में शनिवार 14 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत लगेगी, जिसमें ट्रैफिक चालान, सिविल, बैंक रिकवरी, वैवाहिक मामलों सहित अदालतों में लम्बित विभिन्न मामले रखे जाएंगे। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण गुरुग्राम के प्रवक्ता ने बताया कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तथा हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह के निर्देशानुसार जिला में यह लोक अदालत लगाई जा रही है। लोक अदालत में विभिन्न मामलों को सरलता से निपटाने के लिए गुरुग्राम में 25 जजों की बेंच गठित की गई है। उन्होंने बताया कि 25 बेंचों में 4 बेंच मोटर वाहन एक्ट केसों के लिए व एक बेंच एलएसी के लिए गठित की गई है। पारिवारिक मामलों की सुलह के लिए भी एक बेंच लगाई जाएगी। लोक अदालत में लेबर से जुड़े मामलों के लिए दो बेंच बनाई गई हैं। ट्रैफिक मामलों की सुनवाई के लिए दस बेंचों का गठन किया है। चेक बाउंस के मामलों की सुनवाई के लिए सात बेंच और प्री लिटिगेशन मामलों के लिए एक बेंच का गठन किया है। सब-डिविजन सोहना व पटौदी में भी एक-एक बेंच का गठन किया है। प्रवक्ता ने बताया कि लोक अदालत में करीब 20 हजार केस रखे जाएंगे। लोक अदालत की सभी बेंच में एक-एक पैनल अधिवक्ता नियुक्त किया जाएगा, जो लोक अदालत के दौरान मौजूद रहकर समझौता तैयार करने में न्यायालयों और डीएलएसए की मदद करेंगे।

### जिम्नास्ट ध्रुवी स्कूल वर्ल्ड गेम्स-2022 के लिए फ्रांस रवाना



**गुरुग्राम।** फ्रांस में होने जा रहे आईएसएफस्कूल वर्ल्ड गेम्स-2022 में भाग लेने के लिए गुरुग्राम की रिदमिक जिमनास्ट ध्रुवी चौधरी शुक्रवार को रवाना हुई। ये गेम नॉरमैंडी फ्रांस में 14 मई से हो रहे हैं और समापन 22 मई 2022 को होगा। आईएसएफ स्कूल वर्ल्ड गेम्स-2022 में विश्व से 64 देश के खिलाड़ी 17 प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। गुरुग्राम से खिलाड़ी ध्रुवी को एम3एम फाउंडेशन अपने लक्ष्य प्रोग्राम के तहत सपोर्ट कर रहा है। पूरे हरियाणा से रिदमिक जिम्नास्टिक के दो तथा आर्चरी से एक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। ध्रुवी के सपनों में भी अनेक रुकावटें आती रहीं और एक समय ऐसा भी आया कि जब वह अपने संघर्षों से तंग आकर हार मानने जा रही थीं। इसी बीच एम3एम फाउंडेशन के लक्ष्य प्रोग्राम से उन्हें फिर से आगे बढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने की उम्मीद मिली। हरियाणा की यह खिलाड़ी को फ्रांस में 14 मई से 22 मई 2022 को आयोजित होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में अपने देश का झंडा बुलंद करने का मौका मिला है। वह इस टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए रवाना हो चुकी हैं। उनके कोच, माता-पिता एवं पूरे परिवार के साथ, एम3एम फाउंडेशन को भी उनसे बहुत उम्मीदें हैं।

### 12 गांव की पंचायत में निर्णय, टूटे निर्माणों का कार्य आज से

**गुरुग्राम।** इस्लामपुर सुभाष चौक पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने बिल्डर से साठ-गांठ कर 30 दुकानों को तोड़ने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को पंचायत आहुत की गई। इस पंचायत में 12 गांव के लोग शामिल हुए। इस पंचायत की अध्यक्षता 360 गांव के अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकरान ने की। 12 गांव की पंचायत में रायसिना, अलीपुर, रिठौज, पलटा, खटोला, चकरपुर, हयातपुर, धनवापुर, बसई, दौलताबाद, सिलोखरा समेत कई गांवों के ग्रामीण मौजूद रहे। पंचायत में बादशाहपुर विधानसभा विधायक राकेश दौलताबाद भी पहुंचे। राकेश दौलताबाद ने आश्वासन देते हुए ग्रामीणों को कहा कि जिन लोगों की दुकानें टूटी हैं या अवैध बताकर उन दुकानों को तोड़ा गया, इसकी जानकारी उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को दी। साथ ही इसकी जांच और बिल्डर व अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते यह उनकी जिम्मेदारी है। पंचायत में नगर निगम अधिकारी भी पहुंचे, 12 गांव की पंचायत के मौजिज लोगों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। महेंद्र सिंह ठाकरान अध्यक्ष झाड़सा 360 गांव, महासिंह, संतोख सिंह अधिवक्ता, श्याम सिंह झाड़सा, अशोक हंस सरपंच नाहरपुर, अतर सिंह सरपंच धनवापुर, राजीव सिंह हसनपुर, ओमपाल तिगरा, नाथू सरपंच मोहम्मदपुर, बिल्लू सरपंच टीकरी, राजेश फाजिलपुर, रामवीर सरपंच नरसिंहपुर, उदयवीर सरपंच खांडसा, प्रदीप जैलदार समेत अनेक लोगों ने पंचायत में शिरकत की।

### बादशाहपुर में लगाया गया किसान क्रेडिट कार्ड कैंप

**गुरुग्राम।** राजकीय पशु चिकित्सालय बादशाहपुर में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) कैंप लगाया गया, जिसमें करीब 50 पशुपालकों ने भाग लिया। इस शिविर में किसानों, पशुपालकों को किसान क्रेडिट संबंधी जानकारियां विस्तार से दी गई। पशु पालन विभाग के एसडीओ डा. सुरेंद्र यादव, पशु चिकित्सक डा. प्रतिभा सिद्धमुख, वीएलडीए कुलबीर, एनिमल अटेंडेंट रविंद्र, तरुण, कृष्ण, नवल किशोर, सुंदर सिंह के अलावा गुरुग्राम बैंक के एलओएम अनूप चतुर्वेदी समेत कई पशुपालक इस दौरान उपस्थित रहे।

# बीके : जानलेवा हो सकता है बिजली का खुला पैनल

## बच्चों के टीकाकरण केन्द्र के निकट बने पैनल से हो सकता है बड़ा हादसा

कविता। फरीदाबाद



बीके में मौजूद 440 वॉल्ट के पैनल के टूटे गेट के निकट घूमते बच्चे को हटाती महिला।

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल में पैनलों के लिए कई जगह स्थान बने हुए है। कमरा नम्बर 40 और 37 के निकट मौजूद पैनल में 440 वॉल्ट का खतरे का संकेत लगा हुआ है। यहां साफ शब्दों में इससे दूर रहने की चेतावनी दी गई। लेकिन इस पैनल पर लगा गेट पिछले तीन दिनों से टूटा पड़ा है। इस विषय में अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि लगातार मैंटेनेंस का कार्य चल रहा है। वहीं दूसरी तरफ अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि मैंटेनेंस के कारण अस्पताल में लगातार बिजली गुल की समस्या भी आ रही है। शनिवार को भी 12 से दोपहर एक बजे तक अस्पताल में बिजली कट रहेगी। जिसके कारण मरीजों को दूसरे स्थान पर शिफ्ट कर दिया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक बीके अस्पताल में बिजली के पैनल खुले पड़े हैं। इसका ताजा उदाहरण ओपीडी की गैलरी में मौजूद कमरा नम्बर 37 और 40 के निकट देखने को मिल रहा है। जहां 440 वॉल्टेज के पैनल का दरवाजा दीमक लगने के कारण खराब होकर टूट गया है। लेकिन इसे अब तक ठीक कराने के लिए अस्पताल की तरफ से कोई ध्यान नहीं दिया गया है। जबकि यहां मौजूद कमरा नम्बर 37 में बच्चों का टीकाकरण किया जाता है। ऐसे में यहां बच्चों के लिए खतरा बना हुआ है। शनिवार को भी टीकाकरण होगा। ऐसे में यदि कुछ हो गया तो इसका जिम्मेदार कौन होगा।

### ये होगी परेशानी

अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि जल्द ही सबकुछ ठीक करवा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बीके अस्पताल परिसर में दो ऑक्सीजन प्लांट, नई कोरोना जांच प्रयोगशाला, कोविड-19 अस्थाई अस्पताल, सेंट्रल वैक्सीनेशन सेंटर और वैक्सीनेशन केन्द्र के साथ ही नर्सरी का स्थान भी बढ़ाया गया है।

ऐसे में अस्पताल में बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं की जा रही है। जिसे देखते हुए अस्पताल में ट्रांसफार्मर इंस्टालेशन का कार्य किया जाएगा। जिसके कारण आज (शनिवार को) दोपहर 12 से एक बजे तक बीके में कंपलीट ब्लैकआउंट रहेगा। वहीं मरीजों को कोविड-19 अस्पताल में दोपहर एक से ढ़ाई बजे तक काम किया जाएगा। जिसके कारण वहां के मरीजों को अपातकालीन कक्ष में शिफ्ट किया जाएगा। वहीं अन्य मरीजों को भी यहां से वहां शिफ्ट करके काम को किया जाएगा।

# स्कूटी लूट मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने स्नैचिंग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अजय उर्फ राहुल स्थाई रूप से उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के मिश्रकापूरा गांव का तथा अस्थाई रूप से दिल्ली के मयूर विहार का रहने वाला है। आरोपी ने बीपीटीपी के सेक्टर-75 में 23 जुलाई को एक स्कूटी स्नैचिंग की घटना को अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया था। जिसका मुकदमा थाना बीपीटीपी में स्नैचिंग की धाराओं में दर्ज है। स्नैचिंग की गई स्कूटी पहले ही बरामद की जा चुकी है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी ने उत्तर प्रदेश में स्नैचिंग की कई वारदातों को अंजाम दिया है

# संक्षिप्त समाचार

## विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष बने रमेश चन्द



चुनाव के लिए की गई बैठक में मौजूद सदस्य।

**फरीदाबाद।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एन एच तीन फरीदाबाद में विद्यालय प्रबंधन समिति ने प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति की विशेष बैठक का आयोजन किया। बैठक में निवर्तमान विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष ज्योति गुलाटी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहें। बैठक में प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों, पूर्व अध्यक्ष ज्योति गुलाटी, दिलीप, धर्मवीर, विजय कुमार, आशा भाटिया, ओपी ढींगरा, पंकज झा, अब्दुल्ला, अनीता, एसएमसी इंचार्ज प्राध्यापिका सविता, साधना, मौलिक मुख्याध्यापिका पूनम, संजय मिश्रा, सूबे सिंह और विद्यालय की अध्यापिकाओं ने सहभागिता की। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष ज्योति गुलाटी की सपुत्री आस्था बारहवीं कक्षा की परीक्षा दे चुकी हैं तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष की पुत्र अथवा पुत्री विद्यालय का छात्र अथवा छात्रा होनी चाहिए। बैठक में एसएमसी इंचार्ज प्राध्यापिका सविता ने नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए सभी सदस्यों से आग्रह किया की वे अध्यक्ष पद के लिए आगे आएं। सभी सदस्यों ने परामर्श कर सर्वसम्मति से रमेश चंद्र, जिन की सपुत्री प्रियांशी दसवीं की छात्रा है, को विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष चुन लिया। पूर्व अध्यक्ष ज्योति गुलाटी, दिलीप सहित सभी अध्यापकों और सदस्यों ने नव नियुक्त अध्यक्ष को बधाई देते हुए विश्वास प्रकट किया कि विद्यालय भविष्य में और भी नई ऊंचाइयां प्राप्त करेगा तथा विद्यालय में भौतिक सुविधाओं में भी वृद्धि होगी। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने विद्यालय प्रबंध समिति की इंचार्ज प्राध्यापिका सविता और सभी सहयोगियों एवं प्रबंधन समिति सदस्यों का विद्यालय में पधारने पर स्वागत और अभिनंदन किया।

## बम निरोधक दस्ते ने बीके अस्पताल में की जांच




**फरीदाबाद।** महत्वपूर्ण स्थान, मॉल, होटल बैंक इत्यादि की जा रही चेकिंग के तहत बीके अस्पताल के परिसर को थाना एसजीएम नगर प्रबंधक इंस्पेक्टर दिलीप कुमार और पीपी नंबर 3 इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सोमपाल सिंह की टीम ने बम निरोधक दस्ते के साथ चेक किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि बीके अस्पताल के उच्च अधिकारियों के साथ सुरक्षा को लेकर मीटिंग कर परिसर को पुलिस टीम ने बम डिस्पोजल टीम के साथ मिलकर चेक किया। थाना प्रबंधक ने अस्पताल की सुरक्षा में लगे गार्डों को सुरक्षा के नियमों के बारे में अवगत कराया और हिदायत दी कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना मिलते ही पुलिस को उसके बारे में सूचित करें। अस्पताल में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की एंट्री रजिस्टर में एड्रेस और मोबाइल फोन नंबर सहित एंट्री कराएं। अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति है जो अपनी आईडी छुपा रहा है तो उसे पकड़ कर तुरंत पुलिस को सूचित करें। थाना प्रबंधक ने अस्पताल के उच्च अधिकारियों से मीटिंग कर सीसीटीवी कैमरों के सुचारू रूप से काम करने और उनकी सही लोकेशन पर इंस्टॉलेशन की बात कही। सीसीटीवी कैमरा का रिकॉर्ड अपने पास सुरक्षित रखने की की बात कही।

## अदालत परिसर में वैक्सीनेशन शिविर आयोजित




**फरीदाबाद।** सीजेएम कम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुणाल गर्ग ने बताया कि डालसा और जिला बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय वैक्सीनेशन शिविर आयोजित किया गया। सीजेएम ने बताया कि हमारे पैनल अधिवक्ताओं व फरीदाबाद बार एसोसिएशन और स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों का भरपूर सहयोग रहा है। सीजेएम कुणाल गर्ग ने बताया कि अदालत परिसर में जो व्यक्ति अपने केस निपटारा अन्य मामले को लेकर पहुंचने वालों का भी वैक्सीनेशन हो रहा है। अगर किसी का नहीं हुआ है तो वह यहां वैक्सीन करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अधिवक्ताओं की टीम द्वारा लोगों को बताया कि यहां अदालत परिसर में वैक्सीनेशन शिविर का लाभ उठाएं। अगर कोई व्यक्ति वैक्सीन से वंचित है। तो यहां पर नि:शुल्क वैक्सीन लगाई जा रही है। इस तरह से लोगों को स्वास्थ्य संबंधित जागरूक किया गया। सीजेएम ने बताया कि इसमें तीनों वर्गों को शामिल किया है। चाहे वह बच्चा हो बूढ़ा हो या महिला हो कोई भी व्यक्ति इस वैक्सीनेशन शिविर के माध्यम से अपना वैक्सीनेशन करा सकता है। अदालत परिसर में वैक्सीनेशन शिविर के दौरान जिला बार एसोसिएशन के प्रधान जिला फरीदाबाद बार एसोसिएशन के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कोविड वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला बार एसोसिएशन अधिवक्ता पीके तेवतिया ने कैम्प में आए सभी अधिवक्ताओं का धन्यवाद किया। अधिवक्ता सन्दीप पाराशर महासचिव जिला बार एसोसिएशन ने कैम्प की सराहना करते हुए कहा कि जिन कैम्पों से जनहित का भला हो। ऐसे कैम्पों का आयोजन निरन्तर होना चाहिए। एसएमओ कम कोविड वैक्सीन नोडल अधिकारी डॉक्टर मान सिंह ने बताया कि सरकार के दिशा निर्देशा नुसार नियमों की अनुपालना सभी के लिए आवश्यक है। मौके पर मुख्य रूप से जेपी अधाना पूर्व प्रधान जिला बार एसोसिएशन, अनिल कुमार उपाध्यक्ष, आशीष अरोड़ा संयुक्त सचिव, संजीव अत्री, अजीत डागर, संजय तेवतिया, रमन वशिष्ठ, दीपक गुप्ता, प्रेमदत्त भारद्वाज, विजय शर्मा, राहुल शर्मा, मनीश शर्मा, पैनल अधिवक्ता संजय गुप्ता, अर्चना गुप्ता, ओमबीर धनकड़, ओमदत्त शर्मा, हिमांशु तेवतिया, प्रशांत यादव सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित थे।

## आओ चलें गांव की ओर योजना पर किया विचार विमर्श



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की फरीदाबाद शाखा ने शुक्रवार को मानव भवन सेक्टर 10 में एक बैठक करके महिला मंडल की चार प्रमुख योजनाओं में से एक योजना आओ चलें गांव की ओर के क्रियान्वयन पर विचार विमर्श किया। महिला मंडल की अध्यक्षा सुमंगला बोरड ने कहा है कि बैठक में निर्णय लिया गया कि इस महत्वपूर्ण योजना को सफलतापूर्वक पूरा करने के मानव सेवा समिति की महिला टीम के साथ मिलकर गांव में जरूरतमंदों की मदद के लिए सेवा कार्य शुरू किए जाएंगे। बैठक के बाद मोटीवेटर व केरियर काउंसलर सपना जैन ने मानव सुपर 21 के तहत नीट व आईआईटी की नि:शुल्क कोचिंग प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स प्रदान किए। महिला टीम की ओर से एडवांस पढ़ाई करने के लिए मानव सुपर 21 मिशन को एक कम्प्यूटर सेट प्रदान किया गया और सभी विद्यार्थियों को स्टेशनरी, फल वितरित करके उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बैठक में कमला लुनिया ,प्रेमलता गोलछा,निवर्तमान अध्यक्ष सुनीता नाहटा, मंत्री चंदा दुगड़,उपाध्यक्ष ललिता बैद, सहमंत्री सरिता भंसाली, प्रीति गोलछा, कोषाध्यक्ष खुशबु सेठिया उपस्थित रहीं। सभी ने मानव सेवा समिति के सभी सेवा कार्यों की सराहना करते हुए अपनी ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, महासचिव सुरेंद्र जग्गा, महिला सेल की चेयरमैन उषाकिरण शर्मा व राज राठी, कमला वर्मा,रमा सरना, कुसुम वशिष्ठ ने तेरापंथ महिला मंडल की सभी सदस्यों का सम्मान पट्टिका पहनाकर स्वागत सत्कार किया।

# कलयुगी बेटे ने कैंची से वार कर की वृद्ध माता-पिता की हत्या

## दोहरे हत्याकांड की वारदात को अंजाम देकर आरोपी हो गया फरार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



मृतकों के परिजन विलाप करते हुए।



पिता-माता की मृत्यु करने वाला आरोपी।

**ग्रेटर** फरीदाबाद के हनुमान नगर इलाके में रहने वाले एक युवक ने बीती रात कैंची से अपने माता-पिता पर ताबड़तोड़ वार कर दोनों को बेरहमी से हत्या कर दी। मौत के घाट उतारने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मृतक दंपति बेटे द्वारा किया जाने वाले नशे की लत का विरोध करते थे। आस-पड़ोस के लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर अपराध शाखा की टीम के साथ पुलिस की फोरेंसिक टीम ने भी जांच पड़ताल शुरू कर दी।

पुलिस ने दोनों शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिए हैं। पुलिस ने मौके से हत्या में इस्तेमाल की गई कैंची बरामद कर ली है। थाना खेड़ीपुल पुलिस ने मृतक के दामाद की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि घटना शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे की है। हनुमान नगर में रहने वाले बुजुर्ग दम्पति बीर सिंह (70 वर्ष) व उनकी पत्नी चम्पा (62 वर्ष) की हत्या उनके पुत्र जीतू उर्फ जितेंद्र (38 साल) के द्वारा की गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। वारदात की सूचना मिलते ही थाना खेड़ी पुल एसएचओ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर दोनों बुजुर्गों के शव खून से लथपथ हालत में पड़े हुए थे। वारदात के बारे में उच्च अधिकारियों को सूचित किया गया। मौक पर एसीपी महेंद्र वर्मा, एफएसएल प्रभारी डॉ. मनीषा, और क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने घटना स्थल पर पहुंच कर मौका मुआयना किया। एफएसएल टीम के द्वारा नमूने लिए गए। दोनों मृतकों के शव बादशाह खान अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

मृतक दम्पति के दामाद सुरेंद्र सिंह की शिकायत पर आरोपी जीतू उर्फ जितेंद्र के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शिकायतकर्ता सुरेंद्र सिंह के अनुसार आरोपी जीतू शादी शुदा है। आरोपी का तलाक हो चुका है। आरोपी शराब पीने का आदी है। आरोपी अक्सर शराब के नशे में धुत्त होकर अपने माता-पिता से लड़ाई झगड़ा कर मारपीट करता रहता था। सम्भव है कि इसी वजह से आरोपी ने रात को इस वारदात को अंजाम दिया है। घटना स्थल से खून में लाल कैंची बरामद की गई है। मामले की तफ्तीश जारी है। पुलिस की टीम आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है। पुलिस का दावा है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा

# राष्ट्रीय राजमार्ग का दौरा कर कमियां दूर करने के दिए आदेश



राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर लोगों की समस्याएं सुनते केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर।

## लोगों ने किया केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का गर्मजोशी के साथ किया स्वागत

**फरीदाबाद।** केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शुक्रवार को दिल्ली के बदरपुर बॉर्डर से होडल के करमन बॉर्डर तक राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर एनएचएआई के अधिकारियों के साथ दौरा किया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर लोगों को फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में कई स्थानों, जिनमें शहर व गांव शामिल हैं पर राजमार्ग पर आवागमन में समस्याएं आ रही हैं। उन समस्याओं का लोगों से सलाह मश्वरा करके राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रशासनिक व तकनीकी अधिकारियों के साथ मिलकर समस्याओं का हर हाल में आपसी समन्वय के साथ समाधान किया जाएगा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर का राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्रामीणों व शहवासियों द्वारा फूलमालाओं व पुष्प वर्षा करके सामूहिक तौर पर पगड़ियां बांधकर सम्मान भी किया गया।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर शहरों में अलग-अलग वार्डों की समस्याएं हैं वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के खेत, पशुओं के घेर, स्कूल, श्मशानघाट, सामुदायिक केंद्र सहित अन्य गांव के सामूहिक स्थानों पर आने-जाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर क्रॉसिंग न होने के कारण आवागमन में बाधा हो रही है और कई किलोमीटर के चक्कर काटकर आना-जाना पड़ रहा है। होडल विधायक जगदीश नायर, पलवल विधायक दीपक मंगला, हथीन विधायक प्रवीण डागर, पलवल भाजपा जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, किरणपाल खटाना आदि मौजिज व्यक्ति उपस्थित रहे।

# थैलासीमिया मुक्त बनाने को आयुक्त से की मुलाकात



**फरीदाबाद।** जैसा कि विश्वभर में थैलासीमिया मुक्ति के प्रति अभियान चलाये जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय थैलासीमिया दिवस पर विश्व भर की संस्थाओं ने मिलकर शपथ ली कि वर्ष 2025 तक विश्व को थैलासीमिया मुक्त किया जाएगा। उसी कड़ी में फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया फरीदाबाद का भी प्रयास रहेगा, जिसके लिए संस्था वर्ष भर कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी।

फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया के महा सचिव रविन्द्र डुडेजा, संस्था के प्रधान हरीश रतरा व जेके भाटिया ने नगर निगम फरीदाबाद के आयुक्त यशपाल यादव से सौहार्द पूर्ण वातावरण में मुलाकात की। रविन्द्र डुडेजा व हरीश रतरा ने यशपाल यादव से प्रार्थना की कि जब तब समाज के हर वर्ग को थैलासीमिया की जानकारी नहीं होगी थैलासीमिया मुक्त विश्व का सपना नहीं देखा जा सकता। जिसके लिए शहर भर में होर्डिंग्स लगाए जाने चाहिए ताकि लोगों को बीमारी के बारे में जागरूक किया जा सके। यशपाल यादव संस्था द्वारा चलायी जा रही गतिविधियों के बारे में वर्षों से परिचित हैं और वो भलीभांति परिचित है कि बिना उचित जानकारी के थैलासीमिया को नहीं रोका जा सकता। अत उन्होंने सहर्ष संस्था की मांग को स्वीकार कर लिया व संस्था को लिखित रूप में दे दिया की शहर में थैलासीमिया की जानकारी के लिए होर्डिंग्स लगाए जाएं ताकि थैलासीमिया मुक्त विश्व का सपना पूरा हो सके।

# अवैध रूप से चल रहे क्लीनिक पर छापा

## मिले भारी संख्या में नशे के इंजेक्शन और प्रतिबंधित दवाइयां

विवेक सिंह। फरीदाबाद



जांच करती टीम के सदस्य।

**स्वास्थ्य** मंत्री के निर्देश पर काम करते हुए जिला खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा गौच्छी स्थित 33 फीट रोड पर चल रहे पुर्णिमा विश्वास नामक एक क्लीनिक पर छापेमारी की गई। जहां एचएसएनसीबी की तरफ से की गई छापेमारी में उन्हें भारी संख्या में प्रतिबंधित दवाइयां और नशे के इंजेक्शन मिले हैं। जिस पर क्लीनिक को सील कर दिया गया है।

औषधि नियंत्रण विभाग को सूचना मिली कि गौच्छी में चल रहे पुर्णिमा विश्वास क्लीनिक पर प्रतिबंधित दवाइयां मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही है। विभाग की टीम ने एचएम के निर्देश पर क्लीनिक पर छापेमारी की। जहां से बड़ी मात्रा में नशीली और प्रतिबंधित दवाओं के मिलने पर क्लीनिक को सील कर दिया। देर रात हुई इस कार्रवाई के बाद विभाग ने एफआईआर दर्ज कराई है।

जिला औषधि नियंत्रक अधिकारी संदीप गहलान ने बताया कि क्लीनिक पर नशीली दवाएं बेचने की शिकायत मिली थी। इसलिए बृहस्पतिवार को कार्रवाई की गई। क्लीनिक में नशीली दवाएं और इंजेक्शन मिले हैं। मौके पर मिली दवाईयां नशीली दवाओं की श्रेणी में आती हैं। इनको बेचने पर पाबंदी है। उन्होंने बताया कि एचएम ने नशा रोकने के लिए ऐसी दवाओं पर बैन लगा रखा है। ऐसी दवाओं की खरीद फरोख्त पर सख्ती बरतने और तुरंत कार्रवाई के निर्देश हैं। इन दवाओं का बिल भी मौके पर नहीं मिला। जिस पर सख्त कानूनी कार्रवाई के लिए मामला दर्ज करवा दिया है।


# चौकीदार से लूटपाट में एक और गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** गांव भनकपुर की वाटर सप्लाई से वाटर सप्लाई के चौकीदार को बंधक बनाकर ट्रांसफार्मर से कॉपर और पैसे लूट के आरोपी को क्रम ब्रांच सेक्टर 56 प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी अजय पलवल के गांव बबरिया मोहल्ला का रहने वाला है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर स्कॉर्पियो गाड़ी और देसी कट्टा के दम पर 25 अप्रैल की रात को लूट की वारदात को अंजाम दिया था। चौकीदार की शिकायत पर थाना सेक्टर 58 में मुकदमा दर्ज किया था। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर फरीदाबाद के सेक्टर-12 से गिरफ्तार किया है। आरोपी साथियों के साथ मिलकर 25 अप्रैल की रात को गांव भनकपुर से खदावली रोड पर बने सरकारी पानी के बूस्टर पर चौकीदार और उसके पिता को बंधक बनाकर वारदात को अंजाम दिया था।

# सांसद खेल महोत्सव को लेकर मैराथन आज

## उद्घाटन समारोह 19 मई को सायं 7 बजे खेल परिसर सेक्टर - 12 में आयोजित होगा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



मैराथन के आयोजन को लेकर बैठक को सम्बोधित करते हुए डीसी

**उपायुक्त** जितेंद्र यादव ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 20 से 22 मई तक होने वाले सांसद खेल महोत्सव से आमजन को जोड़ने के लिए 14 मई शनिवार को प्रात: 6 बजे सेक्टर-12 खेल परिसर से एक विशाल मैराथन का आयोजन भी किया जाएगा व इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

उपायुक्त जितेंद्र यादव ने शुक्रवार लघु सचिवालय में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 20 से 22 मई तक होने वाले सांसद खेल महोत्सव के लिए एक बैठक की। बैठक में एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, सीटीएम नसीब कुमार, नगर निगम संयुक्त आयुक्त अनिल यादव, नगर निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. नरेश, नगर निगम संयुक्त आयुक्त गौरव अंटिल, जिला रेडक्रॉस सोसायटी सचिव विकास कुमार, डिप्टी डायरेक्टर स्पोर्ट्स गिरिराज, जिला खेल अधिकारी आदि अधिकारी मौजूद थे।

सांसद खेल महोत्सव का उद्घाटन समारोह 19 मई को सायं 7 बजे खेल परिसर सेक्टर -12 में आयोजित होगा। फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में 20 से 22 मई तक होने वाले सांसद खेल महोत्सव का में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर शिरकत कर रहे हैं। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा परिवहन, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, बड़खल विधायक सीमा त्रिखा, फरीदाबाद विधायक नरेन्द्र गुप्ता, तिगांव विधायक राजेश नागर, पृथला विधायक नयन पाल रावत, एनआईटी विधायक नीरज शर्मा, पलवल विधायक दीपक मंगला, हथीन विधायक प्रवीण डागर, होडल विधायक जगदीश नायर शिरकत करेंगे। जबकि बीजेपी के फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गौड, बीजेपी पलवल के जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, जेजेपी के फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया, जजपा के पलवल के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र सरौत शिरकत कर रहे हैं।

इस मैराथन में क्षेत्र के हजारों बच्चे, बुजुर्ग, युवा व महिलाएं शामिल हों रहे हैं।

# वेश्यावृति के आरोप में तीन युवतियों सहित चार गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** एसजीएम नगर थाना पुलिस की टीम ने देर रात ऑनलाइन चल रहे वेश्यावृति के गोरखधंधे का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक युवक और तीन युवतियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी एसजीएम नगर थाना क्षेत्र में अपना गोरखधंधा चला रहे थे। आरोपी व्हाट्सऐप पर युवतियों के फोटो भेजकर ग्राहकों को अपने जाल में फंसाते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक कार, 2350 रुपये, पांच मोबाइल फोन आदि सामान जब्त किया है। एसीपी एनआईटी विष्णु प्रसाद ने एसजीएम नगर थाना एसएचओ दिलीप सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की। टीम में सिपाही विजय कुमार को फर्जी ग्राहक बनाया था। सिपाही ने फर्जी ग्राहक बनकर वेबसाइट पर दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। उसने कहा कि वह कार में तीन युवतियों को लेकर पहुंच रहा है। जिसके बाद सभी को काबू कर लिया।

# इंस्पेक्टर सविता ने विद्यार्थियों को किया जागरूक

**फरीदाबाद।** अमृत महोत्सव के अंतर्गत नशे के दुष्परिणाम, भ्रूण हत्या, दहेज उत्पीड़न, साइबर आदि अपराधों और यातायात नियमों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने का कार्यक्रम डीसीपी मुख्याल नीतिश अग्रवाल के दिशा निर्देशों पर स्टूडेंट पुलिस कैडेट सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सविता के नेतृत्व चलाया है। जिन्होंने आज जीबीएल सीनियर सेकेंडरी स्कूल एसजीएम नगर में पहुंचकर विद्यार्थियों महिला विरुद्ध अपराधों के बारे में जागरूक करते हुए यातायात के नियमों के प्रति भी जागरूक किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि जीबीएल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में सभी छात्राओं को भ्रूण हत्या, दहेज उत्पीड़न, साइबर, यातायात नियमों तथा गुड व बेड टच के प्रति जागरुक करने का काम कर रही है। उन्होंने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि महिलाओं का कार्य केवल घर तक ही सीमित नहीं है बल्कि वह पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस समाज निर्माण में अपना योगदान दे सकती हैं। बहुत सी महिलाएं शिक्षा के अभाव में शोषण का शिकार होती हैं क्योंकि उन्हें इस समाज और अपने रिश्तेदारों में अपनी बदनामी का डर रहता है। एक पति शराब पीकर अपनी पत्नी के साथ दुरव्यवहार करता है उसके साथ मारपीट करता है और उसे बहुत ही अति भद्दी गालियां भी देता है परंतु पत्नी इन सब को सिर्फ इसलिए सहन करती है कि यदि उसने अपने पति के खिलाफ कुछ भी बोला या कोई भी कार्य किया तो उसका पति वापस उसे छोड़ देगा और उसे वापस अपने मायके जाना पड़ेगा इसी वजह से महिलाएं शोषण का शिकार होती हैं और अपने अधिकारों जागरूकता के अभाव में पूरी उम्र दबाव में व्यतीत कर दी हैं। उन्होंने बताया कि एक पढ़ी-लिखी नारी अपने अधिकारों को जानती है और वह किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध अपनी आवाज उठाने में असमर्थ होती है इसलिए अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए।


पायनियर
नई दिल्ली , शनिवार, 14 मई, 2022



# वैवाहिक बलात्कार

## मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**हिंदू** विवाह संस्था का विकास शताब्दियों में हुआ है। इसलिए उसके मूल्य व स्वरूप स्थाई नहीं हैं। इसी कारण वे अब समाप्त भी किए जा सकते हैं। इन दोनों तथ्यों का अर्थ है कि विवाह संस्थान पत्थर पर खिंची लकीर नहीं है और पहले की तरह वह आज भी लगातार बदल रहा है। अपने बीच संबंधों तथा परस्पर सम्मान के मामले में दोनों साझीदारों की स्थिति समान है। संस्थान के विकास का प्रमाण है कि अब लिव-इन संबंधों, अंतर-धार्मिक विवाहों, प्रेम विवाहों, अंतर-जातीय विवाहों तथा समान-लिंग विवाहों की घटनायें सामने आ रही हैं। ये सभी प्रवृत्तियां उन पितृसत्तात्मक मूल्यों के विरोध में हैं जो परंपरागत रूप से हिंदू विवाहों पर हावी रहे हैं। आज इन सारी अवधारणाओं को कानून के अंतर्गत संरक्षण प्राप्त है। यहां तक कि कानून पंजीकृत विवाह को भी अनुमति देता है। आर्य समाज विवाह की ऐसी व्यवस्था का समर्थन करता है जो परंपराओं, पृथाओं, जाति व पितृसत्ता जैसे कट्टरपंथी मूल्यों को अस्वीकार करती है। शिक्षित, आर्थिक रूप से स्वतंत्र तथा उदारवादी सोच वाली महिलायें व पुरुष स्वयं तय करते हैं कि उनको कब और किससे विवाह करना है। हालांकि, विवाह संस्था तथा उसमें शामिल होने वाले लोगों के बीच हितों का टकराव भी है। अधिकाधिक लोग, खासकर महिलायें संस्थान के कारण अपने अधिकारों में कमी के खिलाफ आवाज उठा रही हैं। वे विवाह का चरित्र स्वयं परिभाषित किए जा सकने वाले मूल्यों के आधार पर करना चाहते हैं। इसलिए सवाल यह है क्या यौन संबंध के मुद्दे पर वैवाहिक विवाद हो सकता है? क्या कानून को विवाह संस्था में आधे से अधिक युगलों के अधिकारों व पसंद के अधिकार को सुरक्षा देनी चाहिए जिनको संस्थान में व्याप्त तानाशाही के कारण अनदेखा किया जाता है? दिल्ली उच्च न्यायालय ने वैवाहिक बलात्कार के अपराधीकरण के मुद्दे पर परस्पर विरोधी फैसला दिया है।



भारतीय दंड संहिता की धारा 375 का अपवाद 2 विवाद का विषय है जिसके अंतर्गत यदि पत्नी नाबालिग न हो तो पति द्वारा पत्नी से बिना उसकी सहमति के जबरन सेक्स बलात्कार नहीं माना जाएगा। यदि पत्नी व पति कानून की नजरों में समान हैं तो यह उल्टा प्राविधान क्यों है जिसके चलते बिना सहमति के भी पति अपनी पत्नी से यौन संबंध स्थापित कर सकता है? तथ्य यह है कि अपवाद एकपक्षीय है और पितृसत्तात्मक पूर्वाग्रह स्पष्ट करता है। इससे यह तर्क भी सामने आता है कि समाज में अपवाद 2 का कोई स्थान नहीं होना चाहिए क्योंकि अन्य सारी चीजों के अलावा यह महिला के अपने शरीर पर अधिकार का उल्लंघन करता है। सामाजिक मानक के रूप में यह अपवाद महिला के सहमति के अधिकार का अपमान करता है। लेकिन इस दृष्टिकोण पर अलग- अलग राय रखने वाले न्यायाधीशों ने याचिकाकर्ताओं को सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने की अनुमति दी है। यह स्वागत योग्य है। वर्तमान समय में समाज और उसके कानूनों को महिलाओं व पुरुषों की समानता का सम्मान करना और उसे सुरक्षा देनी चाहिए। महिलाओं को दबाने वाले पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण के चलते शताब्दियों से उनके अधिकारों व पसंद को कुचला जा रहा है। ऐसे में समाज और कानून पर अतिरिक्त जिम्मेदारी है कि उनके अधिकारों को बहाल करें। एक समय महिलायें अपने पति का चयन 'स्वयंवर' के माध्यम से करती थीं, लेकिन बाद में उनकी परंपरागत स्वतंत्रता छीन ली गई और उनको पुरुष संरक्षण के आधीन कर दिया गया। वर्तमान समय में महिलायें अपना खोया हुआ दर्जा वापस पाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। लेकिन उनको बताया जा रहा है कि विवाह का अर्थ उनको अपने पति द्वारा जबरन यौन संबंध को बर्दाश्त करने की जिम्मेदारी भी है। इस दृष्टिकोण पर स्वाभाविक रूप से सवाल उठ रहे हैं?

# पाकिस्तान में चीन की चुनौतियां

**शारी बलूच के आत्मघाती हमले ने चीन की चिन्तायें व्यापक रूप से बढ़ा दी हैं। पाकिस्तान का पूरा समाज इनसे प्रभावित है।**



भूपिंदर सिंह
(सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी व पूर्व उप-राज्यपाल)



आतंकवाद की वैश्विक 'नर्सरी' बन चुका पाकिस्तान धार्मिक-कट्टरपंथ का भी गंभीर शिकार है। इसके उसे भारी परिणाम भुगतने पड़े हैं। इससे पूर्व अमेरिकी विदेश सचिव हिलेरी क्लिंटन का वह कथन याद आ जाता है कि 'जो अपने पिछवाड़े सांप पालते हैं, वे केवल उनके पड़ोसियों को ही नहीं काटते हैं।' लगभग दो साल पहले पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने स्वीकार किया था कि पाकिस्तान की धरती पर लगभग '30,000 से 40,000' आतंकी व चरमपंथी मौजूद हैं। पाकिस्तान में प्रशिक्षित व उससे हथियार प्राप्त हजारों आतंकी वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलओसी के पार भारत में सक्रिय थे। लगभग इसी प्रकार वर्ष 2000 में आई संयुक्त राष्ट्रसंघ की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि लगभग 6,000 पाकिस्तानी लड़ाके ड्यूरंड रेखा के पार अफगानिस्तान में भी सक्रिय हैं। इनमें से अधिकांश का संबंध पाकिस्तान पर निशाना लगाने वाले तहरीके तालिबान या पाकिस्तानी तालिबान से था।

लेकिन पाकिस्तानी आतंकियों की उपस्थिति केवल उसके संघीय शासन वाले कबीलाई क्षेत्रों, खैबर पख्तूनख्वा या पंजाब प्रांत तक सीमित नहीं है, बल्कि ये सबसे बड़े प्रांत बलूचिस्तान के कुछ क्षेत्रों में भी मौजूद हैं। 'पाकिस्तानी इंस्टीट्यूट फार कान्फ्लिक्ट एंड सिक्यूरिटी स्टडीज़' की एक रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2022 की तुलना में अप्रैल में आतंकी हमलों में आश्चर्यजनक रूप से 24 प्रतिशत वृद्धि हुई है। लेकिन यह बात समझ से परे है कि पाकिस्तान आधिकारिक रूप से पाकिस्तान तालिबान व आईएसआईएस-खुरासान गुट के समर्थन के पीछे 'भारतीय हाथ' की बात करता है।

पाकिस्तान अपरिहार्य रूप से एक विफल राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है क्योंकि वह अतिवाद की जड़ों को उखाड़ कर समस्या के संपूर्ण समाधान का अनिच्छुक है। इसी कारण उस पर वैश्विक निगरानी एजेंसी वित्तीय कार्यवाही कार्यबल-एफएटीएफ द्वारा आतंकवाद का समर्थन करने के कारण लगातार 'काली सूची में डालने' की तलवार लटकी हुई है। पाकिस्तान में आधिकारिक रूप से पहली महिला आत्मघाती आतंकी के कारनामे से वहां आतंकवाद ने एक नाटकीय रूप ले लिया है। यह कारनामा बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी की शारी बलूच ने दर्ज कराया है। उनके द्वारा निशाने के चयन तथा भविष्य में उसके खतरनाक परिणामों के बारे में भी अनेक पक्षों में भय व्याप्त हो गया है। शारी ने खासकर कराची विश्वविद्यालय के कन्फ्यूशियस इंस्टीट्यूट के बाहर तीन चीनी नागरिकों पर निशाना लगा कर उनको मार डाला। यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि शारी परंपरागत रूप से निरक्षर नहीं थीं, न ही उनका कभी उत्पीड़न हुआ था और उनकी पृष्ठभूमि भी अन्य आत्मघाती हमलावरों जैसी नहीं थी। शारी एमफिल उपाधि प्राप्त शिक्षक थीं, उनका एक दंत चिकित्सक से विवाह हुआ था और उनके परिवार के सदस्य स्थाई सरकारी नौकरियों में सुस्थापित थे। इसके बावजूद शारी पाकिस्तान में चीनियों की उपस्थिति से गहरे तक आहत थीं और इसी आहत भावना के कारण वे बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी-बीएलए की मजीद ब्रिगेड में शामिल हुई थीं तथा स्वयं आत्मघाती हमलावर की भूमिका चुनी थी।

इमरान खान युग में भले ही खतरनाक ढंग से अमेरिका-विरोधी विमर्श को बढ़ावा दिया गया था और शुरुआत में पाकिस्तानियों के बड़े तबके में इस दृष्टिकोण को स्वीकार्यता भी मिली थी। लेकिन इसके एकदम उलट ऐसा लगता है कि पाकिस्तानी जनता के मन में चीनी तेजी से अमेरिकनों का स्थान लेते जा रहे हैं और उनको पाकिस्तानी धरती पर नए साम्राज्यवादियों व उपनिवेशवादियों की तरह देखा जा रहा है। अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद पाकिस्तान के संबंध अपने द्वारा ही तैयार किए गए अफगान तालिबान से लगातार खराब होते जा रहे हैं। पाकिस्तानी धरती पर बढ़ती हिंसा के कारण अनेक पाकिस्तानियों को यह सवाल पूछने पर मजबूर होना पड़ रहा है कि अफगान तालिबान के पक्ष में आ कर संयुक्त राज्य अमेरिका को राक्षस की तरह पेश करने का लाभ आखिरकार किसे मिला। पास्तिानी समाज में विभाजन खतरनाक रूप से तीखे होते जा रहे हैं जो शियाओं, अहमदियों व अन्य अल्पसंख्यकों के बीच पैदा हो रहे हैं।

तथाकथित 'नया पाकिस्तान' में सामाजिक विभाजन बढ़ने के साथ ही हिंसा और हमलों से कोई राहत नहीं मिल रही है। इस सारे रक्तपात और नरसंहार के साथ कमर तोड़ने वाली महंगाई तथा वैश्विक महामारी के कारण पैदा उथलपुथल ने आम आदमी को अत्यधिक संकट का शिकार बना दिया है। अनेक लोगों को लग रहा है कि उनका जीवन गंभीर संकट में है। इसके कारण जनता में पैदा होने वाला विस्फोटक गुस्सा अब केवल निरक्षरों व धार्मिक कट्टरपंथियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शारी जैसे लोगों में भी फैल रहा है। उनको लगता है कि चीन ने सामाजिक-आर्थिक रूप से उनके देश पाकिस्तान को दलदल में फंसा दिया है तथा वह प्रभावी रूप से चीन का मुहरा या आश्रित देश बन गया है। स्वतंत्रता के बाद से ही ऐतिहासिक रूप से पाकिस्तान के विकास में उचित हिस्सेदारी से वंचित बलूच लोग खासकर बढ़ती चीनी उपस्थिति से परेशान हैं। बलूच जनता चीनियों को खूनी सूदखोर तथा अपनी जमीन, संसाधनों व संस्कृति पर कब्जावरों व लुटेरों की तरह देखती है।

चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे-सीपीईसी में निवेशों के वित्तीय व रणनीतिक उद्देश्यों के कारण चीनी आसानी से यहां से पीछे नहीं हटेंगे जिससे तनाव और बढ़ सकता है। चीनी सरकार के अनाधिकारिक मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने चेतावनी देते हुए कहा, 'हम चेतावनी देना चाहते हैं कि चाहे पाकिस्तान के भीतर हो या बाहर, चीनी नागरिकों पर हमला करने वाली शक्तियों पर कठोरतम हमला किया जाएगा।' लेकिन वायस फार बलूच मिसिंग पर्सन्स-वीबीएमपी जैसे संगठनों ने दावा किया है कि 35,000 से अधिक बलूचों का अपहरण किया गया है या वे आश्चर्यजनक रूप से गायब हो गए हैं। इस कारण चीन के खिलाफ गुस्सा बढ़ रहा है। उनको बलूच नागरिकों की तुलना में मिलने वाले विशेषाधिकारों व विशिष्टता के कारण बलूचों की भावनायें आहत हो रही हैं, वे लगातार एकजुट हो रहे हैं तथा अपने गुस्से का प्रदर्शन कर रहे हैं। सीपीईसी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार विशेष सुरक्षा डिवीजन की 34वीं लाइट इन्फैंट्री डिवीजन के 15,000 सैनिक व सैन्य अधिकारी इस प्रकार उभरने वाले विरोध के कारण भारी दबाव में हैं और स्वयं को नाकाफी पा रहे हैं। इसी कारण पाकिस्तान में बलूचिस्तान के ग्वादर में दूसरी प्रतिबद्ध 44वीं लाइट इन्फैंट्री डिवीजन तैयार की है। लेकिन पिछले साल सैनिक क्षमता में किए गए इस विस्तार के बावजूद नौ चीनियों पर निशाना लगा कर उनको उस समय मार डाला गया जब वे एक बस से अपर कोहिस्तान में यात्रा कर रहे थे। इसके बाद पाकिस्तान में रहने वाले चीनियों ने स्वयं को हथियारों से लैस करना शुरू किया। पाकिस्तानी जनता के विद्रोही दृष्टिकोण तथा चीनियों व औसत पाकिस्तानियों के बीच सांस्कृतिक भिन्नताओं के कारण दोनों के बीच परस्पर विश्वास पैदा करना बहुत कठिन हो गया है। केवल आने वाला समय ही तय करेगा कि चीन में रहने वाले अपने ही धर्म के उइगुरों पर होने वाले अत्याचार पर सरकारी पाकिस्तानी दृष्टिकोण के विरोध में पाकिस्तानी जनता कब उठ खड़ी होगी। ऐसे में पाकिस्तान से जबरन बाहर भगाए गए पूर्वी तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट-ईटीआईएम की वापसी अपरिहार्य है जो उइगुरों की प्रतिरोधी सेना है। शारी बलूच की अभूतपूर्व आत्मघाती हमलावर बनने की घटना पूरे पाकिस्तानी समाज में चीन के प्रति बढ़ती चिन्ता प्रकट करती है।

यह पूरे समाज को प्रभावित कर रही है। आंकड़ों से स्पष्ट है कि पुरुष आत्मघातियों की तुलना में महिला आत्मघातियों को आठ गुना अधिक प्रचार मिलता हे। उन पर आमतौर से संदेह नहीं किया जाता है और वे सुरक्षा व्यवस्थाओं को तोड़ कर पुरुष आतंकियों की तुलना में चार गुना अधिक लोगों को मार सकती हैं। बलूचिस्तान जैसे परंपरागत समाजों में इनसे भावनाओं में उबाल पैदा होता है जिससे बड़ी संख्या में पुरुष भी विद्रोह का मार्ग अपनाते हैं। यह प्रवृत्ति चीनियों के लिए अच्छी नहीं है क्योंकि उनके प्रति घृणा बढ़ती जा रही है। अमेरिकनों के बजाय अब उनको शोषण व विदेशी हस्तक्षेप का प्रमुख चेहरा माना जा रहा है।

# कोरोना के बाद अब एंटीबायोटिक प्रतिरोध संकट

सुजाता शर्मा
(जीवविज्ञानी प्रोफेसर)



मौजूदा कोविड-19 महामारी की मांगों को ध्यान में रखते हुए, रोगाणुरोधी प्रतिरोध प्रबंधन कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। 11 मार्च, 2020 को, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने सार्स-कोव-2 वायरस के कारण होने वाली बीमारी कोविड-19 को एक महामारी घोषित किया। दो साल बाद भी कोविड महामारी का साया हम पर छाया हुआ है। हालांकि दुनिया महामारी के बाद के चरण में जाने के लिए साहसी प्रयास कर रही है, मगर स्थिति ''एक कदम आगे, दो कदम पीछे'' जैसी है, क्योंकि इस वायरस के नए रूप अभी भी उभर रहे हैं।

कोविड-19 ने जीवन के हर पहलू में मुख्य स्थान ले लिया है। नीति निर्माताओं और चिकित्सा कर्मियों को अभी भी आग से लड़ने और कोविड मामलों की संख्या में कमी, मौतों और टीकाकरण के भीषण कार्य में उलझा पाया गया है। इसलिए, यह पूरी तरह से आश्चर्यजनक नहीं है कि एक और भावी वैश्विक संकट की गहराती छाया पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। रोगाणुओं के कारण रोगाणुरोधी प्रतिरोध – जो अधिकांश दवाओं के प्रतिरोधी बनकर चुपचाप और गुप्त रूप से शक्ति प्राप्त कर रहे हैं – कोविड महामारी के आने से पहले ही एक वैश्विक चिंता थे। यह इस तथ्य से स्पष्ट था कि डब्ल्यूएचओ ने इसे वर्ष 2020 के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए वैश्विक प्राथमिकता के रूप में नामित किया था। रोगाणुरोधी प्रतिरोध स्वाभाविक रूप से होता है, लेकिन एंटीबायोटिक दवाओं के अति प्रयोग, एंटीबायोटिक खुराक का पालन न करने, पर्यावरण में कारखानों और अस्पतालों से अनुपचारित रसायनों की अनुचित डंपिंग , पशुधन को एंटीबायोटिक दवाओं की मनमानी खुराक और फसलों पर कीटनाशकों का अत्यधिक छिड़काव के कारण कई गुना तेजी से बढ़ जाता है।

यह अनुमान लगाया गया था कि दुनिया में एंटीबायोटिक प्रतिरोधी संक्रमणों के कारण हर साल दस लाख से अधिक मौतें हो रही थीं। उम्मीद थी कि वर्ष 2050 तक यह संख्या दस गुना बढ़ जाएगी। इस बात पर पहले से ही सहमति थी कि रोगाणुरोधी प्रतिरोध का टाइम बम टिक टिक कर रहा है, और आसन्न कयामत को फैलने से रोकने के लिए तत्काल, वैश्विक प्रयासों की आवश्यकता है। इसलिए, तथ्य यह है कि कई बैक्टीरिया पारंपरिक एंटीबायोटिक मोड से बाहर निकल रहे थे, जिसने बुरे दौर वाले सार्स-कोव-2 के प्रकट होने से बहुत पहले खतरे की घंटी बजा दी थी। भविष्य में 'पूर्व-एंटीबायोटिक' युग में आसन्न गोता मारने के डर ने




शोधकर्ताओं को निरंतर एवं प्रतिरोधी जीवाणु संक्रमण के लिए तत्काल व वैकल्पिक दवा चिकित्सा की तलाश करने के लिए मजबूर किया था। यह सुनिश्चित करने के लिए कि जरूरत और मांग के अनुसार संक्रमणों का इलाज किया जा रहा है, एंटीबायोटिक प्रबंधन कार्यक्रम को प्राथमिकता देने के लिए एक वैश्विक प्रयास किया गया था। इस बेचैन करने वाले परिदृश्य के बीच, 2019 में कोविड-19 महामारी आई, जिसने उनके सिर पर सबसे अच्छी तरह से रखी गई योजनाओं को उलट दिया। इसने न केवल जीवन को छीना और अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया, बल्कि रोगाणुरोधी प्रतिरोध का मुकाबला करने के लिए किए जा रहे वैश्विक प्रयासों को भी पटरी से उतार दिया। उग्र महामारी से पैदा हुई दहशत ने कोविड-19 की समय पर और तत्काल प्रतिक्रिया के लिए जनशक्ति और वित्तीय संपत्तियों की योजना और रुख-परिवर्तन को तोड़ फोड़ दिया, जिससे कोविड महामारी से लड़ने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती के कारण प्रयोगशालाओं का उत्पादन कम हो गया। नतीजतन, विभिन्न दबावों के बीच एंटीबायोटिक प्रतिरोध का परीक्षण और निगरानी धीमा हो गई। इस महामारी के अप्रत्याशित रूप से उभरने ने स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को चकित कर दिया था। इससे अस्पताल में भर्ती होने, सुरक्षात्मक उपकरणों की कमी, लंबे समय तक अस्पताल में रहने, मृत्यु दर में वृद्धि और इसके परिणामस्वरूप कोविड रोगियों में सेकेंडरी जीवाणु संक्रमण हुआ। यह अनुमान लगाया गया है कि लगभग 70 प्रतिशत कोविड -19 रोगियों को एंटीबायोटिक चिकित्सा प्राप्त हुई। ज्यादातर मामलों में, कोविड पॉजिटिव रोगियों व अन्य वायरस और बैक्टीरिया के कारण होने वाले निमोनिया के लक्षण एक जैसे पाए गए और जिनमें भेदभाव करना कठिन पाया गया। इसके अलावा, सार्स-कोव-2 से संक्रमित होने से प्रतिरक्षा प्रणाली और कमजोर हो जाती है, जिससे घात लगाए बैक्टीरिया और फंगी या कवक द्वारा संक्रमण का अधिक प्रसार होता है। कई बार, कोविड -19 के परीक्षण में देरी, खासकर जब महामारी आबादी के बीच व्याप्त थी, श्वसन-मार्ग के संक्रमण के लक्षणों की शुरुआत पर एंटीबायोटिक दवाओं के अंधाधुंध डाक्टरी परामर्शों का कारण बनी।

पूरी दुनिया में लॉकडाउन से समस्या और बढ़ गई, जिसके कारण बहुत से लोग आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों तक नहीं पहुंच पा रहे थे। इसके कारण एंटीबायोटिक दवाओं की अनुचित और अनावश्यक बिक्री हुई। महामारी के कारण कई टीकाकरण कार्यक्रम रुक गए या पटरी से उतर गए, जिससे दवा प्रतिरोधी बैक्टीरिया के कारण होने वाली बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया, जिन्हें अब तक दूर रखा गया था। कोविड महामारी से निपटने के वैश्विक प्रयासों ने इस बात का उदाहरण दिया है कि कैसे सभी राष्ट्रों के संयुक्त व सकारात्मक प्रयासों का एकचित्त उद्देश्य स्वास्थ्य-खतरे से लड़ने के लिए शानदार तरीके से काम कर सकता है। अभी भी मौजूदा महामारी की मांगों को ध्यान में रखते हुए, नए जोश और संशोधित कार्रवाई के साथ रोगाणुरोधी प्रतिरोध प्रबंधन कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने की तत्काल आवश्यकता है।

सभी स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों के लिए एंटीबायोटिक स्टीवर्डशिप कार्यक्रम को अद्यतन बनाने और उनकी निगरानी की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त, नई एंटीबायोटिक दवाओं के लिए ड्रग पाइपलाइन को बुनियादी प्रयोगशालाओं से लेकर दवा कंपनियों तक सभी स्तरों पर नवीनीकृत करने की आवश्यकता है।

## आप की बात

### दंगाइयों को कठोर दंड

**भारत** में दंगों का इतिहास बहुत पुराना है। परंतु इतने सालों में बार-बार होते दंगे क्या किसी समस्या को सुलझा पाए हैं। दंगों से हमेशा तबाही ही होती आई है। ऐसा देखने में आता है कि किसी भी दंगे के बाद अराजकता फैलती है और जान-माल का नुकसान होता है। फिर भी ये दंगे बार बार होते है कभी घर्म के नाम पर, कभी जातिवाद के नाम पर या अन्य राजनैतिक कारणों से। परंतु जब सभी वर्ग कभी न कभी दंगो में नुकसान में रहते हैं तो ये दंगे बार-बार क्यों होते हैं? क्या कुछ लोग इनसे लाभ में भी रहते हैं? कुछ लोग इस दौरान अपनी व्यापारिक या व्यक्तिगत रंजिश निकालते हैं, लूटमार करते हैं और जब इन अराजक तत्वों को सजा नहीं मिलती या इतनी कम मिलती है कि लूट फायदे का सौदा लगती है तो ये दंगे बार-बार होते है। अगर इन तत्वों को कड़ी सजा मिले तो चाहे कोई राजनैतिक दल या व्यक्ति कितना भी उकसाए, इस घाटे के सौदे के लिए कोई भी उत्सुक नहीं होगा। उम्मीद करनी चाहिए कि राज्य सरकारें दंगाइयों की निष्पक्ष पहचान करा कर उनको इतनी कठोर सजा दिलाएंगी कि भविष्य में लोग दंगे करने या उनमें शामिल होने का नाम तक न लें।

– **पुनीत अरोड़ा**, मेरठ

### श्रीलंका में संकट

**श्रीलंका** की स्थिति दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। चीन और जापान के भारी-भरकम कर्ज ने उसकी लुटिया डुबो दी है। कर्ज के कारण आवश्यक वस्तुओं का आयात बिल्कुल बंद हो चुका है। खाद्य सामग्री एवं दवाइयों की भारी किल्लत नागरिकों के सब्र का बांध तोड़ चुकी है। दुकानें खाली हो चुकी है एवं नागरिकों के पास भी पैसा नहीं है। आठ-नौ घंटे के पावर कट से जनजीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। श्रीलंका में आंतरिक युद्ध की स्थिति निर्मित हो चुकी है। यहां सैनिक शासन की संभावना को भी नकारा नहीं जा सकता है। वंशवाद की राजनीति ने श्रीलंका को आर्थिक रूप से खोखला कर दिया है। जब जनता राशन एवं ईंधन का खर्च उठाने में अपने आप को असहाय महसूस करती है तो असंतोष की ज्वाला विकराल रूप धारण कर लेती है। भारत ने सहयोग का हाथ बढ़ाते हुए चावल आदि की आपूर्ति सुनिश्चित की है पर श्रीलंका में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए पूरी दुनिया के देशों को मदद के हाथ बढ़ाने होंगे। संयुक्त राष्ट्र संघ एवं अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को श्रीलंका को त्रासदी से बचाने हेतु सार्थक एवं त्वरित प्रयास करना चाहिए।

– **ललित महालकरी**, इंदौर


### यौन उत्पीड़न की समस्या

**कहा** जाता है कि भारत देश एक परुष प्रधान देश है जहां समाज में पुरुषों का ही वर्चस्व रहा है। और कुछ हद तक यह कथन सत्य भी लगता है। लेकिन इस धारणा ने हमें अनौपचारिक रूप से कहीं न कहीं नुकसान भी पहुंचाया है। एक बच्चा जब थोड़ा बड़ा होता है तो पूरा परिवार उसे यह बताने में अभिमान व्यक्त करता है कि तुम तो लड़के हो, तुम्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं, लड़के रोते नहीं वो तो मजबूत होते हैं और जब बच्चा रोता है तो यह कहकर चूप करा देते हैं कि लड़की हो क्या। लड़के को खेलने के लिए बंदूक और गाड़ी दी जाती हैं। एक लड़की को घर से ही यह शिक्षा मिलती है कि कोई कुछ बोले जबान मत खोलना, खाना ही तो बनाना है क्या करोगी ज्यादा पढ़ लिखकर। हालांकि बच्चों व लड़कों के साथ बढ़ते अप्राकृतिक दुष्कर्म को देखते हुए आज जरूरत इस बात की भी है कि बच्चों को भी गुड टच और बैड टच बताया जाये। सभी प्रकार के यौन दुष्कर्म पर पाक्सो व अन्य कानून कठोरता से लागू हों।

– **मंगल सिंह**, लखनऊ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हमारा** टीकाकरण कार्यक्रम दुनिया में सबसे बड़ा है। हमने 90 प्रतिशत जनसंख्या का टीकाकरण कर दिया है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**देश** पाकिस्तान की एकता व सुरक्षा के लिए सेना की ओर देखता है। सेना प्रमुख योग्य व बेदाग होना चाहिए ताकि जनता पाकिस्तानी सेना को सलाम करे।

– **मरियम नवाज़**
पीएमएल-एन की उपाध्यक्ष



**चिंतन** शिविर में आने वाले आधे प्रतिनिधि चालीस से कम आयु वाले हैं। इससे युवा नेतृत्व पर सोनिया की सोच स्पष्ट होती है।

– **सचिन पायलट**
कांग्रेसी नेता

## यूपी 32 करोड़ टीके की डोज देने वाला होगा पहला राज्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सर्वाधिक** आबादी वाले यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल प्रबंधन का परिणाम है कि दूसरे प्रदेशों की अपेक्षा यूपी में सर्वाधिक कोरोना के टेस्ट और टीकाकरण किए जा चुके हैं। यूपी एकमात्र राज्य है जिसने 31 करोड़ 96 लाख से अधिक कोविड टीके की डोज लगाने और 11 करोड़ से अधिक सैम्पल की जांच की है। यूपी जल्द ही 32 करोड़ टीके की डोज देने वाला पहला राज्य होगा। ट्रिपल फोर की रणनीति के तहत यूपी ने कम समय में न सिर्फ संक्रमण पर काबू पाया बल्कि कोरोना के नए वेरिएंट के प्रसार को भी रोकने में सक्षम रहा। एग्रेसिव टेस्टिंग, ट्रेसिंग, त्वरित ट्रीटमेंट और तेज टीकाकरण की नीति के अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं। जिसके चलते यूपी के कोविड प्रबंधन की आज विभिन्न वैश्विक संस्थाएं सराहना कर रही हैं। प्रदेश में कराए गए सीरो सर्विलांस के अनुसार तीसरी लहर के बाद लोगों में एंटीबॉडी की स्थिति पहले से काफी बेहतर हुई है। जिसका मुख्य कारण वैक्सीनेशन है। प्रदेश में 17 करोड़ 27 लाख को पहली डोज 14 करोड़ 40 लाख से अधिक को दूसरी डोज दी जा चुकी है। इसके साथ 29 लाख लोगों को प्रीकॉशन डोज दी जा चुकी है। प्रदेश में स्वच्छता, कोविड गाइडलाइन, प्रोटोकॉल, फोकस टेस्टिंग, टीकाकरण, सर्विलांस, सैनिटाइजेशन का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज में 100 बेड वाले पीकू नीकू और सीएचसी और पीएचसी में 50 नए बेड की व्यवस्था की गई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पहली दूसरी लहर के बाद भी तीसरी लहर के नए वैरिएंट को लेकर अस्पतालों में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के समय से नए निर्देश जारी किए गए जिसके कारण बेहतर व्यवस्था होने से तीसरी लहर प्रदेश में कम प्रभावी रही।

## दो आईएएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को दो आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। इसके तहत आयुष विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. प्रशांत त्रिवेदी को प्रदेश का नया अपर मुख्य सचिव वित्त बनाया गया है। यह पद वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राधा एस चौहान के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के बाद से खाली था। त्रिवेदी के पास आयुष विभाग अतिरिक्त प्रभार के रूप में रहेगा।

आवास नितिन रमेश गोकर्ण को प्रमुख सचिव राज्य कर विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। यह पद भी राधा एस चौहान के प्रतिनियुक्ति पर जाने की वजह से खाली चल रहा था। उल्लेखनीय है कि शासन ने बीते शुक्रवार को भी पांच आईएएस और सात पीसीएस अफसरों के तबादले किए थे।

## केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर वापसी अब मुकुल गोयल के लिए नहीं होगी आसान

**लखनऊ।** डीजीपी पद से हटाए गए मुकुल गोयल के लिए केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाना भी अब आसान नहीं होगा। दरअसल डीजीपी के पद से हटाए जाने के पीछे सरकार ने जो वजह बताई वह ही मुकुल गोयल के केंद्र में जाने की राह में सबसे बड़ा रोड़ा बन सकती हैं। ऐसे में मुकुल गोयल को अपनी नौकरी के बाकी बचे 21 महीने यूपी में ही साइड पोस्टिंग में गुजारने पड़ेंगे। अमूनन देखा गया है कि प्रदेश में प्राइम पोस्टिंग से हटने के बाद आईपीएस और आईएएस अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने का पूरा प्रयास करते हैं। इनमें कुछ को सफलता हाथ लगती है और कुछ को निराश होना पड़ता है। डीजीपी पद से हटाकर डीजी नागरिक सुरक्षा बनाए गए वर्ष 1987 बैच के आईपीए मुकुल गोयल के बारे में भी यही कयास लगाए जा रहे हैं कि वह फिर से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने का प्रयास करेंगे। गोयल पूर्व में भी प्रतिनियुक्ति पर बीएसफ में एडीजी आपरेसंस के पद पर तैनात रह चुके हैं लेकिन इस बार उनके लिए राह इतनी आसान नहीं होगी। मुकुल गोयल का रिटायरमेंट फरवरी 2024 में होना है। जानकारों का कहना है कि राज्य सरकार ने मुकुल गोयल को हटाए जाने के पीछे जो तीन प्रमुख वजहें बतायी हैं अगर उनका उल्लेख उनके एसीआर में भी दर्ज कर दिया गया तो फिर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर वापसी उनके लिए संभव नहीं होगी। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की ओर से उन्हें डीजीपी पद से हटाए जाने के सम्बंध में जो आदेश जारी किया गया था उसमें कहा गया है कि उन्हें शासकीय कार्यों की अवहेलना, विभागीय कार्यों में रुचि नहीं लेने और अकर्मण्यता के चलते डीजीपी के पद से हटाकर डीजी नागरिक सुरक्षा बनाए जाने का निर्णय लिया गया है।

# गीडा को विकास और निवेश की सौगात देंगे सीएम योगी

● 1005 करोड़ रुपये के निवेश और करीब 2700 नए रोजगार का मार्ग होगा प्रशस्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गोरखपुर** औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में औद्योगिक विकास की संभावनाओं को निरंतर तराश रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास की सौगात देने आ रहे हैं। रविवार को सीएम योगी गीडा में जहां 143 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे वहीं छह नए निवेशकों को 45.5 एकड़ भूमि आवंटन का पत्र सौंपकर 1005 करोड़ रुपये के निवेश से करीब 2700 नए रोजगार का मार्ग प्रशस्त करेंगे। इसके पूर्व शनिवार को मुख्यमंत्री महंत दिग्विजय नाथ स्मृति पार्क में आयोजित समारोह के दौरान 144 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को गोरखपुर पहुंचेंगे। इसी दिन रामगढ़ताल क्षेत्र में स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएम 33.16 करोड़ रुपये की लागत वाली ग्रामीण अभियंत्रण विभाग और गोरखपुर विकास प्राधिकरण की 40 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। उनके हाथों 111.33 करोड़ रुपये की लागत वाली आवास विकास परिषद, बाढ़ खंड और लोक निर्माण विभाग की 21 परियोजनाओं का शिलान्यास भी होगा। मुख्यमंत्री के हाथों शिलान्यास वाली परियोजनाओं में ज्यादातर बाढ़ बचाव के उपायों से जुड़ी हैं। साथ ही गोला में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास (लागत 2 करोड़ 16 लाख 55 हजार रुपये) तथा राजकीय आईटीआई चरगांवा में ऑडिटोरियम (लागत 4 करोड़ 52 लाख रुपये) के निर्माण का शिलान्यास भी सीएम योगी करेंगे। गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन रविवार को भी सीएम योगी के हाथों विकास की सौगात मिलने का सिलसिला जारी रहेगा। मुख्यमंत्री गीडा में निवेश का मार्ग प्रशस्त करने को उद्यमियों को अपने हाथों भूमि आवंटन पत्र सौंपेंगे। साथ ही गीडा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कई विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास भी करेंगे।

गीडा में उद्योग लगाने की इच्छा जताने वाले केयान डिस्टलरी प्राइवेट लिमिटेड को 20 एकड़, तत्वा प्लास्टिक प्राइवेट लिमिटेड को 5.5 एकड़, सीपी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड, क्वार्ट्ज ओपलवेयर प्राइवेट लिमिटेड, आदित्य मोटर प्राइवेट लिमिटेड तथा बुद्धा मेडिकल ट्रस्ट को 5-5 एकड़ भूमि आवंटन पत्र का वितरण सीएम योगी के हाथों होगा।



नवनियुक्त महाधिवक्ता अजय मिश्रा ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

## केन्द्र सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर उत्सव मनायेगी भाजपा

**लखनऊ।** पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगामी 30 मई को केन्द्र सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर भाजपा द्वारा देशभर में बूथ स्तर तक आठ साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम मनाया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों व जिला प्रभारियों के साथ बैठक कर रणनीति तैयार की। पार्टी के मोर्चा प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं द्वारा भी आठ साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम के तहत अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम व अभियान चलाए जाएगें। पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने बताया कि आठ साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत रिपोर्ट टू नेशन कार्यक्रम जिला स्तर पर आयोजित किए जाएगें। साथ ही केन्द्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को कार्यक्रम में सम्मानित करने के लिए योजना भी बनाई गई है। केन्द्र सरकार की उपलब्धियों का पत्रक अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा बूथ स्तर पर भी तैयार की गई है।

## मंत्री समूह के सुझाव पर शुरू हुई कवायद

# घर बैठे हो सकेगा सम्पत्तियों का कर निर्धारण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सम्पत्ति** कर निर्धारण में हेराफेरी पर अंकुश लगाने के लिये योगी सरकार कर निर्धारण की नयी व्यवस्था लाने जा रही है। प्रस्तावित व्यवस्था पूरी तरह हाईटेक होगी और लोग अपनी सम्पत्तियों का कर निर्धारण घर बैठे कर सके है। सरकार का मानना है कि नयी व्यवस्था के लागू होने से शहरी में रहने वालों को निकायों के चक्कर काटने से निजात मिलेगी तथा कर निर्धारण की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाया जा सकेगा।

फिलहाल नगर विकास विभाग ने पत्र लिखकर इस बार में लखनऊ, कानपुर, आगरा, गाजियाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज तथा बरेली सहित विभिन्न नगर निगमों से सुझाव मांगे है। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि सुझाव आने के बाद सम्पत्ति कर निर्धारण की प्रस्तावित व्यवस्था को जमीन पर उतारने का काम किया जाएगा। दरअसल योगी सरकार सत्ता की अपनी दूसरी पारी में राज्य की जनता की दिक्कतों पर पूरा फोकस कर रही है। सरकार की कोशिश है कि सरकार के कामकाज का तरीका कुछ ऐसा हो, जिससे लोगों को किसी भी तरह की दिक्कतों का सामना न करना पडे। अपनी इसी मंशा के तहत सीएम योगी ने अपने सभी मंत्रियों को जनता के बीच जाने और लोगों के फीडबैक से सरकार को अवगत कराने के निर्देश दिये है। मंत्रियों से मिलने वाले फीडबैक के आधार पर सरकार ने योजनाओं को बनाने तथा सरकार के कामकाज को आगे बढाने का निर्णय लिया है।

अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि मंत्री समूह की ओर से आये फीडबैक के आधार पर कर निर्धारण की नयी व्यवस्था को लाने का काम शुरू हुआ है। सीएम योगी के निर्देश पर जनता की नब्ज टटोलने पहुंचे मंत्रियों की तरफ से मुख्यमंत्री को जो सुझाव मिले हैं, उनमे सबसे ज्यादा कर निर्धारण में गडबडी के हैं। मंत्री समूह के फीडबैक में यह बात सामने आयी है कि निकायों में कर निर्धारण में लोगों को बिना वजह परेशान किया जाता है। उन्हे पहले तो लम्बे-चौडे बिल थमाये जाते है और फिर बाद में संशोधन के नाम पर कम कर दिया जाता है। इन्ही शिकायतों को देखते हुये सरकार नयी व्यवस्था को लाने जा रही है। जानकारों का कहना है कि कर निर्धारण की नयी व्यवस्था में लोगों को नगर निगमों पर आश्रित नही होना पडेगा। वह स्वयं आंन लाइन अपनी सम्पत्ति के कर का निर्धारण करके टैक्स को जमा कर सकेगे।

## दारोगा भर्ती परीक्षा में धांधली करने वाले 57 अभ्यर्थी अब तक भेजे गए जेल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गलत** तरीकों से कंधे पर वर्दी धारण करने का ख्वाब सजाने वालों के सपने पुलिस महकमे की सख्ती के चलते धराशायी हो गए हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड के मुताबिक दारोगा के पद पर सीधी भर्ती 2020-21 की ऑनलाइन परीक्षा में धांधली करने वाले ऐसे 57 अभ्यर्थियों को अब तक गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

प्रदेश में 12 जनवरी 2021 से 2 दिसंबर 2021 तक उपनिरीक्षक (दारोगा) नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की गई। जिसके परिणाम के उपरांत डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन (डीवी) और शारीरिक परीक्षण (पीएसटी) के लिए 36170 अभ्यर्थियों को बुलाया गया। बोर्ड के अनुसार इस दौरान जिन 57 अभ्यर्थियों के फिंगर प्रिंट मिसमैच हुए या उनके द्वारा अनुचित साधनों का प्रयोग कर आपराधिक कृत्य किया गया, उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया। इसके साथ ही इन सभी अभ्यर्थियों को भर्ती की चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया है।

## तबादले की व्यवस्था का सख्ती से पालन हो: दुर्गा शंकर मिश्र

**लखनऊ।** समूह ग के कर्मियों के तीन साल में तबादला किये जाने की सरकारी व्यवस्था की अनदेखी पर मुख्यसचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने नाराजगी जतायी है। उन्होने सभी अपर मुख्य सचिव प्रमुख सचिव, सचिव तथा विभागाध्यक्षों को निर्धारित व्यवस्था को पारदर्शिता के साथ पालन कराये जाने के निर्देश दिये है। मुख्य सचिव ने कहा है कि सरकारी कार्यालयों में कार्य की शुचिता बनाये रखने के दृष्टिगत समूह ग के कार्मिकों का प्रत्येक 3 वर्ष के बाद तबादला किये जाने का प्रावधान है, लेकिन इसके विपरीत शासन के संज्ञान में यह आया है कि अभी भी उक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन नहीं किया जा रहा है। शासनादेश में कहा गया है कि समूह ग के कार्मिकों का तबादले प्रत्येक 3 वर्ष के बाद प्रतिवर्ष 30 जून तक अनिवार्य रूप से कर दिया जाय। पत्र में कहा गया हे कि सभी विभागाध्यक्ष कार्यालयाध्यक्ष यह देखेंगे कि पटल, क्षेत्र परिवर्तन की व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन हो। संवेदनशील लोक व्यवहार के पदों के संबंध में भी व्यक्तिगत रूप से समीक्षा कर संबंधित कार्मिक का पटल, क्षेत्र परिवर्तन शीर्ष प्राथमिकता पर किया जाय। पत्र के मुताबिक यदि किसी कार्मिक का शासकीय कार्यहित में पटल, क्षेत्र परिवर्तन न किये जाने की अपरिहार्य परिस्थिति हो, तो इस संबंध में उन अपरिहार्य परिस्थितियों का उल्लेख करते आदेश जारी किया जाये।

## दो तस्कर गिरफ्तार पौने दो करोड़ रुपए मूल्य की स्मैक बरामद

**लखनऊ।** एसटीएफ ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को बाराबंकी के शहर कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ को सूचना मिली कि बिहार राज्य से यूपी के बाराबंकी जिले के थाना क्षेत्र कोतवाली नगर में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह के 2 सदस्य अवैध मादक पदार्थ क्रूड (स्मैक) लेकर आने वाले हैं। जिसकी आपूर्ति उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों और नेपाल राष्ट्र में की जाएगी। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ की टीम ने बाराबंकी नगर कोतवाली क्षेत्र के बाराबंकी-बहराइच हाईवे के किनारे पहुंचकर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। जिन्होंने अपना नाम मोहम्मद वाशिद निवासी ग्राम टिकरा, जैदपुर, बाराबंकी और मोहम्मद तारिक निवासी मोतीहारी बिहार बताया। इनके पास से 1.74 किलोग्राम क्रूड (स्मैक) बरामद हुई। एसटीएफ के अनुसार बरामद क्रूड की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर 1.75 करोड़ रुपए है।

# प्रदेश में अराजकता व अव्यवस्था का माहौल: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के राज में उत्तर प्रदेश अव्यवस्था और अराजकता की भेंट चढ़ गया है। भाजपा की बहुचर्चित योजनाओं की पोलपट्टी अब जनता के सामने खुलती जा रही है। भाजपा की बड़ी दूकान के फीके पकवान से जनता ऊबती जा रही है। प्रशासनिक ढिलाई, अकर्मण्यता और भ्रष्टाचार से प्रदेश का राजनैतिक वातावरण प्रदूषित हो चला है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत ललितपुर में करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी योजना का सही ढंग से कार्यान्वयन नहीं हो पा रहा है। अभी तक 14 गांवों में सामुदायिक शौचालय नहीं बन सके हैं। जो बने भी हैं उनमें बड़े पैमाने पर कमियां उजागर हुई है। स्वच्छ भारत के नाम पर केवल भ्रष्टाचार हुआ है। गोरखपुर में मरीजों को विशिष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए एम्स की स्थापना की गई। भाजपा सरकार में यह अव्यवस्था का केन्द्र बन गया है। समाजवादी सरकार ने एम्स के लिए मुफ्त जमीन उपलब्ध करायी थी। मुख्यमंत्री अपने गृह जनपद में बदइंतजामी के सिवाय कुछ नहीं दे सके है। एम्स में सुविधाओं का अभाव मरीजों पर भारी पड़ रहा है। मरीज को गोद में लेकर तीमारदार ओपीड़ी में बहुत मुश्किल से पहुंच पाते हैं। देवरिया में मरीजों को मिलने वाले भोजन में भी भ्रष्टाचार की शिकायतें हैं। यहां मेडिकल कॉलेज में प्रसूताओं को पानी वाला दूध, पानी वाली सब्जी परोसी जा रही है। गर्भवती महिलाओं की समय से जांच भी नहीं हो रही है। डॉक्टर ओपीडी में समय से नहीं बैठते हैं।

उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में सरकारी स्कूलों की बर्बादी नज़र आ रही है। परिषदीय स्कूलों में शौचालय और पीने के पानी के लिए बच्चे परेशान है। मिशन कायाकल्प के नाम पर करोड़ों रुपए फूंकने के बाद भी अव्यवस्था पर रोक नहीं है। समाजवादी पार्टी की सरकार ने गोमती नदी की सफाई कराकर शानदार रिवरफ्रंट बनाकर जनता को समर्पित किया था। सन् 2017 में भाजपा सरकार बनते ही राजनैतिक विद्वेषवश गोमती नदी के जल को मैला और गोमती रिवरफ्रंट को बर्बाद कर दिया गया जबकि गोमती रिवरफ्रंट लखनऊ का ऑक्सीजन बैंक है। भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री समझते हैं कि विज्ञापनों और होर्डिंग के जरिए विकास के थोथे दावों से जनता को अनन्तकाल तक गुमराह किया जा सकता है। भाजपाई धोखाधड़ी के कारनामें एक-एक कर जनता के सामने आते जा रहे हैं। जनता से भाजपा सरकार सच्चाई नहीं छुपा सकती है। भाजपा सरकार झूठ और धोखाधड़ी के जवाब देने से बच नहीं सकती।

# निवेशकों से जुड़ी परियोजनाओं में हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं: योगी

● एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के संकल्प को साकार करेगी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के संकल्प को ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट साकार करने वाली है। इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है और अगले दो साल में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रोड शो का आयोजन किया जाएगा। साथ ही अगले पांच वर्षों में तीन ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह भी होंगे।

सीएम योगी ने पिछले पांच वर्षों में प्रदेश को निवेश हब बनाने के लिए नियमों में सरलीकरण करने के साथ करीब दो दर्जन नीतियों पर अमलीजामा पहनाया है। जिस कारण राष्ट्रीय ही नहीं अंतर राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों ने भी उत्तर प्रदेश की ओर रुख किया है। उद्योग विभाग को 10 देशों सिंगापुर, यूएस, जापान, यूके, कनाडा, जर्मनी और दक्षिण कोरिया से 20,559 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। विभाग की ओर से 36 हजार से अधिक संभावित रोजगार वाली 39 परियोजनाओं को भूमि भी आवंटित कर दी गई है। सरकार को योगी 1.0 में हुए इंवेस्टर्स समिट में 4.28 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले थे। इसमें से करीब तीन लाख करोड़ रुपए तक के प्रोजेक्ट धरातल पर उतर चुके हैं और जीबीसी थ्री में 70 हजार करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट धरातल पर उतरने वाले हैं। 1.70 लाख करोड़ की 802 परियोजनाएं क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। जबकि 57,186 करोड़ रुपए की 232 परियोजनाओं में व्यावसायिक उत्पादन शुरू हो चुका है। इसमें एक लाख 40 हजार लोगों को रोजगार भी मिले हैं।

उत्तर प्रदेश को उपभोक्ता राज्य से उत्पादक राज्य बनाने में सरकार की पहल का बड़ा असर धरातल पर दिखने लगा है। जिस कारण प्रदेश में हर क्षेत्र में निवेशकों की संख्या बढ़ी है। 47,484 करोड़ रुपए की 149 परियोजनाओं और 65,029 करोड़ रुपये की 421 परियोजनाओं में जल्द उत्पादन शुरू होने वाला है। इससे 12 लाख 30 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। सीएम योगी निवेशकों से जुड़े बिंदुओं की स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने हाल ही में अधिकारियों को निर्देश दिया है कि निवेशकों से जुड़े परियोजनाओं में हीलाहवाली बर्दास्त नहीं की जाएगी और आईआईडीसी स्वयं सभी बिंदुओं की समीक्षा करते रहें। निवेशकों से समय से भूमि आवंटित हो और समय से उन्हें एनओसी दी जाए। इसमें लापरवाही करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

# टीम भावना के साथ निष्ठा से कार्य करेगी पुलिस: डीजीपी

● महिला सुरक्षा, बच्चों, बुजुर्गों व व्यापारी वर्ग की सुरक्षा के संबंध में भी कड़ाई से कार्रवाई की जाएगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** के कार्यवाहक डीजीपी बनाए गए देवेंद्र सिंह चौहान ने कहा है कि यूपी पुलिस एक परिवार की भाँति टीम भावना बनाए रखते हुए शासन की प्राथमिकताओं के अनुसार पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करेगी। चौहान शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के बाद पुलिस मुख्यालय पहुंचे और बतौर कार्यवाहक डीजीपी अपना पदभार ग्रहण किया।

उन्होंने अपने स्टाफ से मुलाकात करने के बाद भारतीय विदेश सेवा के प्रोबेशनरी अधिकारियों और प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों से मुलाकात की। उसके साथ ही उनके साथ अपने अनुभव साझा किए। इसके साथ ही देश-विदेश के कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। उसके बाद विभागीय लोगों से कानून-व्यवस्था को लेकर मीटिंग का दौर चलता रहा।

यह पहला मौका रहा जब नए डीजीपी के पद का कार्यभार ग्रहण करने के बाद आधिकारिक तौर पर न तो प्रेस कांफ्रेंस बुलाई गई और न ही देवेंद्र सिंह चौहान मीडिया मीडिया से मुखातिब हुए। हालांकि मुख्यालय द्वारा जानकारी दी गई कि कार्यवाहक डीजीपी ने कहा ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि मुख्यमंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित प्राथमिकताओं का कड़ाई से अनुपालन कराते हुए कानून-व्यवस्था व अपराध नियंत्रण पर सख्ती तथा पूर्ण मनोयोग के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकता के अनुरूप महिला सुरक्षा, बच्चों, बुजुर्गो व व्यापारी वर्ग की सुरक्षा के संबंध में भी कड़ाई से कार्रवाई की जाएगी। अपराध नियंत्रण के लिए आधुनिक तकनीकों एवं मानवीय संसाधनों का पूर्ण सदुपयोग किया जायेगा। उत्तर प्रदेश पुलिस के जवानों एवं पुलिस बल के अन्य सदस्यों की कठिनाइयों को दूर करने का यथासम्भव प्रयास किया जाएगा। पूर्व में प्रदेश एवं राष्ट्रीय मीडिया द्वारा जनहित के कार्यों को सम्पन्न कराने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया गया है, जिसके लिये उत्तर प्रदेश पुलिस उनका आभार व्यक्त करती है। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार के सहयोग की आशा जताई।

## प्रशिक्षु आईपीएस अफसरों से की भेंट, भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की नीति पर दिया बल



**नवनियुक्त का**र्यवाहक डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान ने पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में 43 वें आईपीएस इंडैक्शन कोर्स के 37 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों द्वारा शिष्टाचार भेंट की गई। प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों सरदार बल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद एवं डॉ. बीआर. अम्बेडकर उत्तर प्रदेश पुलिस अकादमी मुरादाबाद के 'स्टडी कम कल्चरल' प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुरूप पुलिस मुख्यालय में भेंटवार्ता, भ्रमण, प्रशिक्षण के लिए पहुंचे थे। प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों को मार्गदर्शन देते हुए कार्यवाहक डीजीपी ने वर्तमान समय की चुनौतियों एवं उप्र सरकार की प्राथमिकताओं पर चर्चा करते हुए महिला सुरक्षा, सशक्तीकरण, अनुशासन व टीम भावना के अनुरूप आमजन से सीधा सम्पर्क व संवाद, पुलिस की कार्यप्रणाली में आधुनिक तकनीकों व मानव संसाधनों का पूर्ण सदुपयोग के साथ-साथ सफलता के मूलमंत्र सत्यनिष्ठा, नैतिकता, ईमानदारी एवं भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेन्स की नीति एवं शुचिता पर बल दिया तथा उनके जिज्ञासा भरे प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें सर्टिफिकेट प्रदान किया।

## प्रशिक्षु आईएफएस अफसरों से साझा किए अपने अनुभव



**कार्यवाहक** डीजीपी ने पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में 2021 बैच के सात प्रशिक्षु आईएफएस अफसरों से भी शिष्टाचार भेंट की। प्रशिक्षु आईएफएस अफसरों द्वारा एसएसआईएफएस नई दिल्ली के इन्डैक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुरूप पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकत व भेंटवार्ता की। डीजीपी ने विदेश सेवा के इन प्रशिक्षु अफसरों के साथ चर्चा करते हुए अपनी सेवाकाल के अनुभव उनके साथ साझा किए। उन्होंने प्रशिक्षु आईएफएस अफसरों को मार्गदर्शन देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक करोड़ की प्रतिबंधित व सैम्पल की दवाएं बरामद, एक गिरफ्तार

**लखनऊ।** अन्तर्राज्यीय स्तर पर प्रतिबंधित व सैम्पल की दवाओं का भंडारण व बिक्री करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए एसटीएफ ने गिरोह के सदस्य को आगरा से गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से 69 बोरों में 198 प्रकार की तकरीबन एक करोड़ रुपए मूल्य की दवाएं बरामद हुई हैं।

एसटीएप को विगत काफी दिनों से अन्तर्राज्यीय स्तर पर प्रतिबंधित व सैम्पल की दवाओ के भंडारण व बिक्री करने वाले गैंग के सक्रिय होने की सूचनाएं मिल रहीं थीं। इस संबंध में एसटीएफ की विभिन्न टीमों को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान एसटीएफ की फील्ड यूनिट आगरा ने मिली सटीक सूचना के आधार पर ताजगंज थाना क्षेत्र के बाग खिन्नी महल से गिरोह के सदस्य सोनू अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया।

स्मार्टफोन-टैबलेट पाकर छात्रों के खिले चेहरे...

# स्मार्टफोन युवाओं को आगे बढ़ाने में होंगे सहायक: सुरेश राही

● 500 छात्र-छात्राओं को बांटे गए स्मार्टफोन व टैबलेट

संवाददाता। सीतापुर



**स्मार्टफोन और** टैबलेट पाकर छात्र-छात्राओ के चेहरे पर मुस्कान तैर गई। सीतापुर शिक्षण संस्थान के अन्तर्गत संचालित सीतापुर शिक्षा संस्थान के अंतर्गत संचालित विभिन्न शिक्षण संस्थानो में अध्यनरत छात्र छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार की डिजी शक्ति योजना के अंतर्गत तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टैबलेट एवं स्मार्ट फोन वितरण का सीतापुर शिक्षा संस्थान सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने छात्र-छात्राओं को बताया कि वह इस योजना में वह छात्र-छात्राएं लाभांवित हो सकेंगी, जो किन्ही कारणों से स्मार्टफोन व टैबलेट खरीद नहीं सकते है। राज्यमंत्री ने कहा कि स्मार्टफोन युवाओं को आगे बढ़ाने में सहायक होंगे। समारोह में पांच सौ छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित किए गए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एसडीएम सदर अनिल कुमार, सीतापुर शिक्षा संस्थान अध्यक्षा तनुश्री मेहरोत्रा, उपाध्यक्षा इषिता मेहरोत्रा, सचिव डा. सुमन मेहरोत्रा, कुलसचिव मनोज शर्मा, निर्देश प्रवेश प्रकोष्ठ जेपी सिंह, डा. सीमा कपूर समस्त प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, गैरशैक्षणिक कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# आंधी-पानी ने बिजली की गुल, 24 घंटे बाद भी व्यवस्था बेपटरी

संवाददाता। सीतापुर

● टूटे 22 पोल नहीं हुए दुरुस्त, 1000 गांव अंधेरे में,

● पानी को लेकर त्राहि-त्राहि भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी को तरसे शहरी और ग्रामीण

● बिसवां इलाके में 320 गांव की नहीं बहाल हो सकी बिजली सप्लाई, संदना इलाके के 250, ऐलिया इलाके के 150 गांव अंधेरे में, कसमंडा इलाके में भी 100 गांवों में 24 घंटे से बिजली ठप

**गुरुवार** को आंधी हवाओं और बारिश के चलते कई गावों के तथा मुख्य मार्गो मे दर्जनों पेड़ और करीब 50 से अधिक विद्युत पोल और विद्युत लाइन गिर गयी जिसमे कोई ज़न हानि तो नहीं हुई है लेकिन पेड़ और विद्युत पोल गिरने से नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों विद्युत आपूर्ति बाधित हो गयी हलांकि नगरीय क्षेत्रों में छोटी मोटी फाल्टों को दुरुस्त कर 5 से 6 घण्टे के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गयी जबकी ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 400 गावो में से 80 गांवो में अर्धरात्रि तक विद्युत आपूर्ति शुरू हो गयी जबकी करीब 320 गांव अंधेरे में डूबे रहे और वहाँ की विधुत आपूर्ति पूरी तरह ठप रही अधिकारियों और कर्मचारियों की माने तो करीब 30 से 40 प्रतिशत गांवों में विद्युत आपूर्ति एक दो दिन बहाल हो जाएगी जबकि पहले की तरह इन सभी गांवो की विद्युत आपूर्ति बहाल होने में 5 से 7 दिन लग जाएंगे। अवर अभियन्ता वी के सिंह ने बताया कि नगरीय क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह दुरुस्त कर ली गयी है और वो चल रही है जबकी ग्रामीण क्षेत्रों 25 प्रतिशत विधुत आपूर्ति दुरुस्त कर चला दी गयी समूचे क्षेत्र में 40 पोल और एच टी एलटी करीब 100 इंसुलेटर विद्युत लाइन तथा अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गए है जिनका एस्टीमेट बनाकर विधुत उपखण्ड अधिकारी के माध्यम से उपजिलाधिकारी को संस्तुति के लिए भेजा गया है सेंक्शन होने पर जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। विद्युत खंड अधिकारी विशाल शर्मा का कहना है करीब 40 से 50 पोल टूटे है इनका एस्टीमेट बनाकर भेजा जा रहा है एक दो दिन में विधुत आपूर्ति सामान्य कर ली जाएगी जिन गांव में अभी तक विद्युत आपूर्ति प्रभावित है उनमें मानपुर बन्नीराय इटदहा गोवर्धनपुर परसेहरा न्यूराजपुर कहीमारा मौजमपुर करौंदीपुर दानापुर दाशापुर किशनपुर अलाउद्दीपुर मोहारी इटदहापुरवा बढ़हीपुर रमईपुर फ्तेहपुर अहमदाबाद ईश्वरीपुरवा बदनापुर चंपापुर घाटमपुर बलदेव नगर दूधियापुर शुक्लनपुरवा शीतलपुरवा दमैला सरवाहनपुर लीलापुरवा कटिया नसीरपुर अनंत सिंह सलेमपुर पचघरा कारीपुर जसवंतनगर बन्नीखरेला राजापुर भुड़कुड़ी जमालपुर धर्मपुर महाराजनगर गजनीपुर कल्हापुर सतारगंज इसेपुर बिरहमापुर त्यौला सजनापुर शंकरपुर त्यौला कटरा अटारी दौदापुर शादीपुर बघपुरवा रमवापुर देव शर्मा त्रिलोकपुर बारहसिंघा कौवाखेरा जलाबाद लघनिया इत्यादि गावो मैं विद्युत आपूर्ति पूरी तरीके से ध्वस्त हैं। इन गांवों में विधुत आपूर्ति बहाल कर ली गयी है उनमें नगरीय क्षेत्र के अलावा ईदगाहपुरवा नईबस्ती सत्तीनपुरवा, बेनीपुर, बरगदिया, भगवानपुर, क्योंटी, बिसेण्डी, कटियापुरवा, रुक्नापुर, मैनापुर, नसीरपुर, कुमदौरा, देवकलिया, नईबस्ती, जलालपुर, सहरीसराय, निजामाबाद, कबीला बाद, कोटरा, जोगीपुर, बेलझरिया, संजयनगर, राजडीह, शेखनपुरवा, निपनिया, पैग़रवा निपनिया इटियाशाहिद इत्यादि में विद्युत आपूर्ति बहाल हो गयी है। विकासखंड गोंदलामऊ में दो पॉवर हाउस 33 केवी है एक गोंदलामऊ में दूसरा संदना में दोनों पावर हाउस कल जब से आधी आने के बाद दोनों पावर हाउस ठप पड़े है लोग घरों में पानी के लिये परेशान है करीब 250 गांव अंधेरे में डूबे किसान सिचाई के लिये परेशान है। विकास खण्ड एलिया के इमलिया सुल्तानपुर 33/11 व काजी कमालपुर 33/11 की कल से आंधी पानी आने के बाद से 150 गांव अंधेरे में डूब गए वही पीने के पानी को भी तरस रहे हैं कई जगह जो गौशाला बने हुए हैं उनको भी पानी मिलने में बड़ी आफ्त हो रही है ऐसे में जब जी अमित यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कई जगह खंभे गिर गए हैं शाम तक सुचारू रूप से बिजली मिलने की संभावना है कल से ही पूरा स्टाफसुधार में लगा हुआ है जल्द से जल्द सुधार हो जाएगा। कसमंडा ब्लाक के भी 100 के आसपास गांवो में 24 घंटे से अंधेरा कायम है। शहर के कई मोहल्लो में भी बिजली व्यवस्था बहाल नहीं हो सकी है।

तीन दिन से पुलिस लाइन में पानी को लेकर मचा हड़कंप...

# तीन दिन से बूंद-बूंद पानी को तरसे पुलिसजनों के परिवार

● पानी टंकी की पाइप कटने से घरों में नहीं पहुंचा पानी, बाहर से खरीदकर पानी पीने को मजबूर दिखे पुलिस के परिवार, पानी की पाइप लाइन को ठीक करने का पुलिस कर्मियों ने मोर्चा संभाला

संवाददाता। सीतापुर

**आपकी सेवा** में तत्पर रहने वाली पुलिस के परिवार इस समय भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी को तरस रहे है, जी हां हम बात कर रहे है, पुलिस लाइन स्थित उस कालोनी की जिस में पुलिस के परिवार रहते है, इनकी संख्या ढ़ाई से तीन हजार के आसपास होनी बताई जा रही है। दिन रात आमजन की सेवा में लगे पुलिस बल के परिवार पिछले तीन दिनों से बूंद-बूंद पानी को तरस रहे है, उन्हें पीने और नहाने के लिए पानी खरीदना पड़ रहा है, इस अहम समस्या को दूर करने में भी उनके परिवार के मुखिया तत्पर नजर नहीं आ रहे है, बताया जा रहा है, पुलिस लाइन परिसर में अंडर ग्राउंड पिछाई गई पाइप कट जाने से पुलिस लाइन स्थित सरकारी आवासो में सप्लाई होने वाला पानी बंद हो गया, जिस वजह से पानी को लेकर त्राहि त्राहि मची हुई है। आलम देखिए जब इनकी समस्या को दूर करने के लिए जिम्मेदारों ने कोई प्रयास नहीं किए तो दूख मोर्चे पर पुलिस कर्मियों को ही उतरना पड़ा। पाइप लाइन को सही करने की जद्दोजहद आरक्षियों ने अपने हाथों से शुरू कर दी। और जमीन की खुदाई की तो देखा पाइप लाइन लीक थी और कहीं-कहीं कट चुकी थी जिस वजह से लीकेज की समस्या से उनके यहां पानी नहीं पहुंच पा रहा था। वहां पर जब पायनियर की टीम ने जानकारी ली तो पता चला कि पुलिस लाइन कालोनी में तीन दिन से पानी न आने की भीषण समस्या है, थोड़ा-थोड़ा पानी आता है उसी से काम चला लेते है, पानी पीने के लिए बाहर से मंगवाते है। आपको बता दें कि जो पुलिस सबकी मदद व सुरक्षा के लिए हमेशा आगे खड़ी रहती है उसके लिए न तो कोई अधिकारी आगे आया और न ही कोई सांसद, विधायक बावजूद इसके अनुशासन की डोर में बंधा पुलिस परिवार अपनी इस परेशानियों पर भी मुंह खोलने को तैयार नहीं है, जबकि वहां के हालात सब कुछ बयां कर दे रहे है, आई इंडिया के कैमरे में कैद हुई इन तस्वीरों को जरा गौर से देखिए कि पानी के पाइप लाइन को दुरूस्त करने में पुलिस कर्मियों ने कैसे मौर्चा संभाला हुआ है, दूसरी तरफपीने के लिए और नहाने के लिए लोग पानी खरीदते हुए नजर आ रहे है। घरों में पानी के कंटेनर मंगाए जा रहे है। हम उम्मीद करेंगे कि जिम्मेदार अपने परिवार के दुख-दर्द को समझेंगे और उनको बूंद-बूंद पानी के लिए तरसने नहीं देंगे।

# बोले पीड़ित- सांसद, विधायक नहीं दे रहे ध्यान!



● आदर्श नगर नैपालापुर सेक्टर 1 में सड़क का निर्माण न होने से करीब 20 हजार की आबादी जलभराव से परेशान

● अधिकारी, जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे समस्या पर ध्यान

**सीतापुर।** आदर्श नगर सेक्टर 1 नैपालापुर के लोग इन दिनों जलभराव व सड़क न बनने की समस्या से काफी परेशान है, मोहल्ले में स्थित तालाब की वजह से लोगो को पानी से होकर निकलना पड़ रहा है। जबकि वहां पर सीबर लाइन बनने के लिए शासन से पैसा भी स्वीकृत हो गया था, इसके बावजूद कार्य पूरा नहीं हो सका। जिस वजह से पानी की समस्या से वहां के रहने वाले नागरिको को इस समस्या से निजात नहीं मिली है। आपको बता दें कि वहां की रहने वाली आबादी करीब 20 हजार है, फिर भी वहां पर न तो कोई अधिकारी उधर ध्यान देता है और न ही कोई जनप्रतिनिधि। इससे परेशान होकर शुक्रवार को मोहल्ले के लोग जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां पर डीएम से मिलकर अपनी समस्या बताई और उसके निराकरण के लिए मांग की। जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देने के बाद पायनियर को समस्या बताई।

## क्विक न्यूज

### हेलो! मैं एसडीएम बोल रहा हूं, खाल खींचकर भूसा भर दूंगा

● सचिव के गुर्गे ने फोन पर दी प्रधान प्रतिनिधि को जान से मारने की धमकी

**सीतापुर।** हरगांव विकास खंड क्षेत्र के एक गांव के प्रधान प्रतिनिधि को ग्राम पंचायत सचिव के गुर्गे ने फर्जी एसडीएम बनकर फोन पर धमकी देते हुए खाल खींचकर जान से मारने को कहा ।प्रधान प्रतिनिधि ने सहम कर थाना हरगांव में एक प्रार्थना पत्र देकर अपने जान माल की सुरक्षा की मांग की है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बरोसा के प्रधान प्रतिनिधि दानिस खां को बरोसा की पूर्व ग्राम पंचायत सचिव फरहा इकबाल जो कि अपूर्ण पंचायत भवन को लेकर प्रधान से अनबन होने के चलते उन्हें ग्राम से ब्लाक के प्रशासनिक अधिकारी ने हटाकर वहां पर ग्राम पंचायत सचिव कुलदीप कुमार की तैनाती कर दी थी ।इससे नाराज होकर सचिव फरहा इकबाल ने अपने गुर्गे के व्दारा प्रधान प्रतिनिधि दानिस खां को जान से मारने की फोन पर धमकी दी।जिससे पीडित ने थाने पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई है ।

### भट्ठा मालिकों को दी गई नोटिस

**मोहम्मदी-खीरी।** तहसील मोहम्मदी मे आज बडी कार्रवाई मानक विहीन भट्ठा मालिकों को नोटिस के माध्यम से दी गयी थी। जिसमें एक भट्ठा बंद करा दिया गया है। अन्य मालिकों को अंतिम मौका दिया गया। उपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में आज टीम ने एक भट्टे पर पहुच कर एभट्टे पर लगी कच्ची ईटो को बुलडोजर से ध्वस्त कर दियाए दोपहर को सूचना मिली कि मोहम्मदी से गोकन की ओर पुलिस प्रशासन व अन्य अधिकारियों की टीम जिसमें जेसीबी एपानी से भर भरे टैंकर और अधिकारियों की टीम कहीं जा रहे हैं, लोगों ने कयास लगाना शुरू किया कि कहीं बड़ी कार्रवाई होने जा रही है, इस संबंध में खनन अधिकारी ने बताया की उप जिला अधिकारी के नेतृत्व में बनी टीम जिसमें तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह पर्यावरण अधिकारी क्राइम क्राइम इस्पेक्टरएपुलिस की टीम ने एक भट्टे पर कार्यवाही की है जिसमे भट्टे की मिट्टी की रॉयल्टी तथा प्रदूषण एनओसी नही था अभी औरो पर कार्यवाही की जाऐगी जिन पर रॉयल्टी नही जमा है या प्रदूषण एनओसी नहीं है उन पर कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में पत्नी की मौत, पति घायल

**बरेली।** रिश्तेदार के घर से वापस लौट रहे बाइक सवार दंपत्ति को टैंकर ने टक्कर मार दी जिससे पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई और पति गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में बदायूं से दातागंज थाना क्षेत्र के गांव कमुआ गोटिया निवासी 35 वर्षीय आशा बती की मौत हो गई और उसका पति विजेंद्र उर्फनन्हे लाल गंभीर रूप से घायल हो गया पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के परिजनों ने बताया कि आशाबती अपने पति के साथ फतेहगंज पश्चिमी के गांव हुकम पुर निवासी अपनी नंद के घर गई थी जहां उसके बेटे का विवाह होने वाला है आशा पति के साथ ननद को भात पहनाने के लिए गई थी लेकिन वह किसी बात पर विवाद होने के बाद वह पति के साथ अपने घर वापस लौट रही थी उसके साथ 2 साल की बेटी भी थी लेकिन कुछ दूर चलने के बाद उसकी बाइक को एक टैंकर ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए और बेटी बाल-बाल बच गई स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल भेजा जहां आशा वती को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### नहर में डूब कर युवक की मौत

**बरेली।** दवा एजेंसी पर काम करने वाले युवक की नहर में डूब कर मौत हो गई उसके दोस्त ने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी। बारादरी थाना क्षेत्र के मुहल्ला संजय नगर निवासी 19 वर्षीय रवि कश्यप पुत्र ओमप्रकाश कश्यप की लाश कल शाम को नवाबगंज थाना क्षेत्र में शाही गांव के पास नहर में तैरती पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि रवि एक दवा एजेंसी पर काम करता था और शहर व आसपास के इलाकों में दबाव पहुंचाने का काम करता था वह कल दिन में एजेंसी से दवा लेकर नवाबगंज पहुंचाने के लिए गया था उसके साथ बारादरी के डोहरा गोटिया का रहने वाला एक दोस्त भी था लेकिन शाही गांव के पास नहर में डूबने से रवि कश्यप की मौत हो गई इसकी सूचना साथ में मौजूद दोस्त ने घटना की जानकारी एजेंसी के मालिक की दी जो मौके पर पहुंच गए।

# अतिक्रमण हटान व नालों की सफाई का चला अभियान



संवाददाता। मैलानी-खीरी

**भारत** के प्रधानमंत्री के सपने स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने व जनता के हित को देखते हुए नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी राजेश चौधरी, कार्यालय कर्मचारी इमरान, दिलशाद हुसैन, सफाई नायक राकेश कुमार, सफाई नायक जय प्रकाश नगर में खुटार रोड तिकुनिया तिराहे से फारेस्ट बैरियर नगर पंचायत की सीमा तक रोड के किनारे नालों को सफाई कर्मचारियों व जेसीबी द्वारा हटाकर नालों की तली धार सफाई का कार्य सुबह से शाम तक चलता रहा साथ ही अधिशाषी अधिकारी राजेश चौधरी ने रोड के अतिक्रमण फैलाने को रोड के किनारे लगे सामान को हटाने के सख्त निर्देश दिए। इस मौके पर नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों द्वारा नाले बेहतर सफाई का कार्य किया गया।

# मोहल्लों में कैंप लगाकर दौरान दो दिनों में बने 245 गोल्डन कार्ड

● मोहल्लों में कैंप लगाकर चलाया जा रहा अभियान

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**मोहल्ला मोहल्ला** कैंप लगाकर आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने का अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत 2 दिनों में 245 गोल्डन कार्ड बनाए गए।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. बीसी पंत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत से लाभार्थियों को सीधा जोड़ने के लिए मोहल्ला-मोहल्ला अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत चल रहे पखवाड़े से शहरी लाभार्थियों को जोड़ने के लिए अब मोहल्लों में कैंप लगाकर गोल्डन कार्ड बनाए जा रहे हैं। अभियान के अंतर्गत 2 दिनों में 245 गोल्डन कार्ड बनाए गए। जिसमें 11 से 14 मई तक मोहल्ला शिवपुरी, द्वारिकापुरी, भुईफोरवानाथ व शांतिनगर के लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनवाए जा रहे हैं। पहले दिन 11 मई को 175 कार्ड बने वही 12 मई को दूसरे दिन 170 गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं। जिन मोहल्लों में कैंप लगाकर अभियान चलाया जा रहा है वहां के लोगों को जागरूक करने के लिए भी स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार मोहल्ले के संभ्रांत लोगों से संपर्क कर लाभार्थियों को कैंप स्थल तक लाने का प्रयास कर रही है। यही कारण है की गोल्डन कार्ड बनने की गति में काफी तेजी आई है। इस योजना का लाभ आम जनमानस तक पहुंचे इसके लिए लाभार्थी कैंप स्थल पर अपना राशन कार्ड का आधार कार्ड ले जाकर लिस्ट में अपने नाम होने और ना होने की जानकारी भी कर सकता है। यह सभी लाभार्थी अब प्रधानमंत्री बीमा योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपए तक के मेडिकल देने का लाभ उठा पाएंगे। इसके अंतर्गत एक साल में प्रति परिवार 5 लाख तक का इलाज कराया जा सकता है। कैंप का संचालन जिला प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डा. अक्षत व जिला सूचना प्रबंधक आशुतोष श्रीवास्तव द्वारा किया जा रहा है।

# पेज एक का शेष

## कांग्रेस को...

लिए लगातार पांच साल से अनुकरणीय कार्य कर रहा है। इससे गांधी परिवार के सदस्यों के लिए चुनाव लड़ने की गुंजाइश खुल जाएगी एवं पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं को अपने बेटे-बेटियों को टिकट सूची में जगह दिलाने की संभावना बढ़ जाएगी। कांग्रेस के नेताओं को स्पष्ट संदेश देते हुए सोनिया ने कहा कि पार्टी को अपनी कार्यशैली बदलनी ही होगी। सभी नेताओं को संगठन को अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं से ऊपर रखना होगा। पार्टी ने सभी को बहुत कुछ दिया है, इसलिए यह समय इस कर्ज को चुकाने का है। शिविर में भाग ले रहे लगभग 450 प्रतिनिधियों से सोनिया गांधी ने पार्टी में बदलावों के लिए खुले दिमाग से विचार-विमर्श करने का आग्रह किया। साथ ही यह भी कहा कि दृढ़ संकल्प और अपनी एकता से कांग्रेस को मजबूत संगठन बनाएं। कांग्रेस में परिवर्तन ही सबसे बुनियादी मुद्दा है। सामूहिक प्रयासों से हमारा पुनरुद्धार संभव हो सकेगा। इस प्रक्रिया को अब और नहीं टाला जा सकता। यह शिविर इस यात्रा की शुरुआत है। मालूम हो कि यह तीन दिवसीय नव संकल्प चिंतन शिविर ऐसे समय आयोजित हो रहा है जब कांग्रेस पिछले कई वर्षों से लगातार चुनावी हार और अपने नेताओं में उपजे असंतोष का सामना कर रही है। इसी को रेखांकित करते हुए गांधी ने कहा कि हमारे संगठन के समक्ष बहुत कठिन परिस्थितियां हैं। असाधारण परिस्थितियों में असाधारण कार्रवाई की आवश्यकता होती है। मैं इसे लेकर पूरी तरह सतर्क हूं। संगठन को न केवल जीवित रहना है बल्कि आगे बढ़ना है। इसके लिए संगठन के भीतर व्यापक बदलाव एवं ठोस रणनीति की की सख्त जरूरत है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस का पुनरुद्धार केवल सामूहिक प्रयासों से ही होगा। हम हाल की विफलताओं से बेखबर नहीं हैं और न ही हम उस संघर्ष से बेखबर हैं, जो हमें जीतने के लिए करना है। हम लोगों की अपेक्षाओं से अनजान नहीं हैं। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मोदी और उनके सहयोगियों का 'अधिकतम शासन न्यूनतम सरकार' के नारे से कोई वास्ता नहीं है। उनके इस अक्सर इस्तेमाल किए जाने वाले नारे से वास्तव में क्या मतलब है, यह दर्दनाक रूप से स्पष्ट हो गया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार लोकतंत्र के सभी संस्थानों की स्वतंत्रता और व्यावसायिकता को खत्म कर रही है। सोनिया गांधी ने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर इतिहास को बदलने, कांग्रेस नेताओं विशेष रूप से जवाहरलाल नेहरू की लगातार बदनामी करने और उनके योगदान, उपलब्धियों, बलिदानों को विकृत करने, अस्वीकार करने और नष्ट करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र नौकरशाही, कॉरपोरेट भारत, नागरिक समाज के वर्गों और मीडिया को अपने हिसाब से चलाने के लिए भय का इस्तेमाल कर रहा है। चिंतन शिविर में अन्य प्रमुख संगठनात्मक सुधारों पर विचार किया जा रहा है, जिसमें संगठन में बूथ और ब्लॉक स्तर के बीच मंडल समितियों की स्थापना, सभी स्तरों पर पार्टी समितियों में 50 वर्ष से कम उम्र के लोगों का 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व, पार्टी पदों के लिए अधिकतम पांच साल का कार्यकाल तय करना शामिल है। तीन साल की अवधि के लिए, एक आंतरिक सर्वेक्षण तंत्र बनाने के लिए सार्वजनिक अंतर्दृष्टि विभाग बनाना और पदाधिकारियों के प्रदर्शन को मापने के लिए एक मूल्यांकन विंग भी गठित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। चिंतन शिविर से पहले संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव अजय माकन ने भी कांग्रेस में व्यापक बदलाव की बात स्वीकार की।

## उच्चतम न्यायालय...

कि निर्णय बिना दिमाग लगाए या मनमाने तरीके से अधिकारियों द्वारा लिया गया है, तब तक अदालत द्वारा इसमें हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं है।

## मोहाली विस्फोट...

पर कहां से हमले किए, किसने आश्रय, साजो-सामान और हथियार मुहैया कराए, सभी चीजें अब स्पष्ट हो गई हैं। डीजीपी ने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों में कंवर बाथ, बलजिन्दर कौर, बलजिन्दर सिंह उर्फ रैम्बो, निशांतदीप सिंह और जयदीप कांग शामिल है। इन लोगों ने घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को आश्रय, साजो-सामान और हथियार मुहैया कराए थे। उन्होंने कहा कि रॉकेट चालित ग्रेनेड (आरपीजी) दागने में शामिल तीन लोगों को अभी भी गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। इनमें से एक तरनतारन निवासी चरथ सिंह है। डीजीपी ने कहा कि इस मामले का एक आरोपी निशान सिंह पहले से ही किसी अन्य मामले में फरीदकोट पुलिस की हिरासत में है। उन्होंने कहा कि इस मामले में भी उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

## श्रीलंका में...

सहायक उच्चायोग ने वीजा जारी करने पर रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि हम भारत में श्रीलंकाई नागरिकों की यात्रा सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्रीलंका में भारतीयों की तरह ही भारत में श्रीलंकाई नागरिकों का स्वागत है।

## राहुल भट...

नम हो गईं। उन्होंने कहा ' किसी ने उन्हें (भट) बचाया नहीं, उन्होंने (आतंकियों ने) जरूर किसी से उनके बारे में पूछा होगा, नहीं तो उन्हें पता कैसे चलता। मैं अकेली रह गई। वही मेरे सब कुछ थे।' राहुल की एक सात साल की बेटी और बुजुर्ग माता-पिता है। राहुल के पिता बिट्टा जी भट कुछ साल पहले ही पुलिस सेवा से रिटायर हुए हैं। अंतिम संस्कार के बाद इलाके सैकड़ो निवासी और कश्मीरी पंडित इकट्ठा हो गए। उन्होंने पाकिस्तान विरोधी नारे तथा राहुल को हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की। लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने भी राहुल भट के रिश्तेदारों मुलाकात की।

## यूएई के...

ध्वज आधा झुका रहेगा और सभी मंत्रालय, विभाग, संघीय व स्थानीय संस्थान शुक्रवार से काम करना बंद कर देंगे। शेख खलीफा ने अपने पिता मरहूम शेख जायद बिन सुल्तान अल नाह्यान की जगह ली थी, जिन्होंने 1971 में अमीरात के अस्तित्व में आने के बाद दो नवंबर 2004 को अपने निधन तक यूएई के पहले राष्ट्रपति के रूप में सेवाएं दी थीं। 1948 में जन्मे शेख खलीफा यूएई के दूसरे राष्ट्रपति और अबू धाबी अमीरात के 16वें शासक थे। वह शेख जायद के सबसे बड़े बेटे थे। यूएई का राष्ट्रपति बनने के बाद शेख खलीफा ने संघीय सरकार और अबू धाबी की सरकार के पुनर्गठन में बड़ी भूमिका निभाई थी। उनके शासन में यूएई ने विकास की नई ऊंचाइयां भी छुईं। भारत ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख खलीफा बिन ज़ायद अल नहयान के निधन के बाद शनिवार को एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को जारी एक संदेश के अनुसार, भारत सरकार ने निर्णय किया है कि दिवंगत गणमान्य व्यक्ति के सम्मान में 14 मई को पूरे देश में एक दिन का राजकीय शोक रहेगा।

## हर साल...

कवर करने वाले प्रकाश प्रदूषण पर संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण दिशानिर्देशों के बयान के अनुसार 2020 में सीएमएस पार्टियों द्वारा समर्थन किया गया था। उनकी सिफारिशों के बीच, दिशानिर्देशों ने सर्वोत्तम प्रकाश प्रथाओं के छह सिद्धांतों को निर्धारित किया और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन के लिए कॉल किया। प्रासंगिक परियोजनाओं के लिए जिसके परिणामस्वरूप प्रकाश प्रदूषण हो सकता है। इन्हें एक निश्चित स्थल पर प्रकाश प्रदूषण के मुख्य स्रोतों पर विचार करना चाहिए, संभावित जंगली प्रजातियां जो प्रभावित हो सकती हैं, और महत्वपूर्ण आवासों और प्रवासी मार्गों से निकटता के बारे में तथ्य। बयान में कहा गया कि प्रवासी लैंडबर्ड्स और चमगादड़ों पर ध्यान केंद्रित करने वाले नए दिशानिर्देश वर्तमान में सीएमएस के तहत विकसित किए जा रहे हैं। 2023 में सीएमएस के लिए पार्टियों के सम्मेलन की 14 वीं बैठक में उन्हें गोद लेने के लिए सीएमएस पार्टियों को प्रस्तुत किया जाएगा।

### मस्जिद के पीछे रुई व मोबिल के गोदाम में लगी आग

**लखीमपुर-खीरी।** शहर के रिहायसी इलाके की सुनहरी मस्जिद के पीछे रुई और मोबिल के गोदाम में भयानक आग लग गई। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची। शुक्रवार को शहर की सुनहरी मस्जिद के पीछे रुई और मोबिल के गोदाम में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दमकल की कई गाड़ियां आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंची है। लेकिन भीषण आग पर काबू नहीं पाया जा सका। जिस समय आग लगी थी उस समय मस्जिद में लोग नमाज पढ़ रहे थे जिसके बाद इलाके में भगदड़ मच गई। मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया। आग इतनी भयानक है कि आसपास के दुकानदारों को वहां से बाहर निकाला गया ताकि कहीं आग की लपटों में किसी की जनहानि न हो जाए।

# औरंगजेब की मजार पर जाने से अकबरुद्दीन पर भड़की शिवसेना

भाषा। औरंगाबाद/-मुंबई

**शिवसेना ने** शुक्रवार को कहा कि ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता अकबरुद्दीन ओवैसी द्वारा महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के खुल्दाबाद में स्थित औरंगजेब के मकबरे के दौरे का उद्देश्य राज्य में माहौल खराब करना था और 17वीं सदी के मुगल बादशाह को मानने वालों का वही परिणाम होगा जो औरंगजेब का हुआ था।

यहां एक रैली को संबोधित करने से पहले ओवैसी बृहस्पतिवार को जिले में स्थित औरंगजेब के मकबरे पर गए थे। शिवसेना सांसद और पार्टी प्रवक्ता संजय राउत ने कहा कि औरंगजेब ने छत्रपति शिवाजी महाराज से युद्ध किया और उनके निधन के बाद 25 साल तक मराठाओं से लड़ाई की। राउत ने संवाददाताओं से कहा, वह एक आक्रांता था जिसने महाराष्ट्र पर आक्रमण किया और मंदिर तोड़े। उन्होंने कहा कि औरंगजेब के मकबरे पर नमाज पढ़कर ओवैसी बंधु



महाराष्ट्र को चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने कहा, ओवैसी बंधु महाराष्ट्र के माहौल को खराब करने के उद्देश्य से राजनीति कर रहे हैं। हमने इस चुनौती को स्वीकार किया है। हमने औरंगजेब को इसी मिट्टी में दफन किया था। उसे (औरंगजेब) मानने वाले अगर राजनीति करना चाहते हैं तो उनका भी महाराष्ट्र में यही हश्र होगा। राउत ने कहा, आप संभाजीनगर (औरंगाबाद) आते रहिए और औरंगजेब को श्रद्धांजलि देते रहिए, आप हमें और महाराष्ट्र को चिढ़ाते रहिए। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि मराठाओं ने महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र खोदी थी। आप (औरंगजेब) अब उसके मकबरे पर नमाज पढ़ रहे हैं। समय



आएगा जब आप भी उसी कब्र में होंगे। शिवसेना के पूर्व सांसद चंद्रकांत खैरे और पार्टी की औरंगाबाद जिला इकाई के प्रमुख एवं विधान परिषद के सदस्य अंबादास दानवे ने मकबरे पर जाने के ओवैसी के कदम की कड़ी ओलाचना की।

हालांकि एआईएमआईएम के सांसद इम्तियाज जलील ने ओवैसी का बचाव करते हुए कहा कि इसका कोई और अर्थ निकालने की जरूरत नहीं है। खैरे ने कहा, अकबरुद्दीन ओवैसी के औरंगजेब के मकबरे पर जाने का मकसद समझ नहीं आता। हमें उनका एक पुराना बयान याद है, जिसमें उन्होंने कहा था कि कोई भी औरंगजेब के मकबरे पर नहीं जाता है। अगर वह समाज में समस्या उत्पन्न करने के लिए ऐसा कर रहे हैं, तो हम इसे बर्दाशत नहीं करेंगे।

दानवे ने कहा, ओवैसी का औरंगजेब के मकबरे पर जाना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। निजाम, रजाकारों (हैदराबाद के निज़ाम द्वारा 1947-48 के दौरान रियासत के भारत के साथ विलय का विरोध करने के लिए तैनात अर्धसैनिक स्वयंसेवी बल) और पहले के इस्लामी राजवंशों की सोच एक जैसी ही है। उनकी विचारधारा के तहत ही ओवैसी मकबरे पर गए लेकिन जो मुसलमान देश के कल्याण के बारे में सोचते हैं उन्हें एआईएमआईएम और ओवैसी से दूर रहना चाहिए। ओवैसी के इस कदम का बचाव करते हुए जलील ने कहा, खुल्दाबाद में कई मकबरे हैं, जिनका एक अच्छा-खासा इतिहास भी है। जो कोई भी खुल्दाबाद आता है औरंगजेब के मकबरे पर जाता है। इसका कोई और अर्थ निकालने की जरूरत नहीं है। भाजपा के विधायक नितेश राणे ने संवाददाताओं से कहा, अकबरुद्दीन ओवैसी को पता है कि महाराष्ट्र में एक कमजोर सरकार है और उन्हें (मकबरे का दौरा करने के बाद भी) कोई छू भी नहीं सकता। इस सरकार के हिंदुत्व की यह सच्चाई है।

बाद में राणे ने ट्वीट किया, मैं पुलिस से 10 मिनट के लिए हटने की अपील करता हूं। और इसके बाद अगर उन्हें (ओवैसी) औरंगजेब के पास नहीं भेज दिया तो हम शिवाजी महाराज के सच्चे सिपाही नहीं। ओवैसी पर कार्वाई की बात करने पर महाराष्ट्र कांग्रेस प्रवक्ता सचिन सावंत ने भाजपा से पूछा, भाजपा नेताओं को यह बताना चाहिए कि भारतीय दंड संहिता की किस धारा के तहत किसी व्यक्ति के मकबरे का दौरा करने पर उस पर मामला दर्ज किया जा सकता है। सावंत ने कहा कि जब भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी पाकिस्तान में जिन्ना के मकबरे पर गए थे तब उनके विरुद्ध कौन सी कार्वाई की गई थी।




कुल्लू में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा साथ में हिप्र के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर व अन्य नेता रैली के दौरान अभिवादन करते हुए।

## राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 15 से 21 मई तक दो कैरेबियाई देशों के दौरे पर जाएंगे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 15 मई से जमैका और सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइन्स (एसवीजी) के एक सप्ताह के दौरे पर रहेंगे। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इन दो कैरेबियाई देशों की पहली यात्रा है। विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) सौरभ कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की यह यात्रा कैरेबियाई क्षेत्र के देशों के साथ भारत के उच्च-स्तरीय जुड़ाव की निरंतरता को दर्शाती है और छोटे विकासशील द्वीपीय देशों के साथ काम करने की प्रतिबद्धता पर जोर देती है। राष्ट्रपति कोविंद 15 से 21 मई तक जमैका और सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइन्स (एसवीजी) की आधिकारिक यात्रा करेंगे। यह इन देशों की किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की पहली यात्रा होगी। कोविंद 15 से 18 मई तक जमैका में रहेंगे, इस दौरान वह अपने समकक्ष, जमैका के गवर्नर जनरल सर पैट्रिक एलन के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे।

## राज्यसभा ने लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई: उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने शुक्रवार को कहा कि संसद के उच्च सदन यानी राज्यसभा ने देश के लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 1952 में आज ही के दिन (13 मई) राज्यसभा का पहला सत्र बुलाया गया था। इसके उल्लेख करते हुए राज्यसभा के सभापति नायडू ने सिलसिलेवार ट्वीट में उक्त बात कही और सांसदों से संविधान निर्माताओं के सपनों को साकार करने की दिशा में काम करने की अपील की। 13 मई 1952 को आज ही के दिन राज्यसभा का पहला सत्र आहूत किया गया था। तब से ले कर आज तक, भारतीय संसद के उच्च सदन ने हमारे लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्ती भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, माननीय सदस्यों का आह्वान करता हूं कि वे हमारे संविधान निर्माताओं की अपेक्षाओं को साकार करें, लोकतांत्रिक विमर्श को समृद्ध करें और संसदीय आचरण के अनुकरणीय मानदंड स्थापित करें।



उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने इस अवसर पर राज्यसभा के सदस्यों और सचिवालय के सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि पहली बार 3 अप्रैल, 1952 को राज्यसभा गठित की गई थी और इसकी पहली बैठक 13 मई, 1952 को हुई थी। इसे पहले काउंसिल ऑफ स्टेट्स कहा जाता था। 23 अगस्त, 1954 को काउंसिल ऑफ स्टेट्स को हिन्दी में राज्यसभा कहे जाने की घोषणा हुई थी। देश के पहले उपराष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन राज्यसभा के पहले सभापति थे।

## मोहाली विस्फोट मामले में पांच गिरफ्तार, पुलिस ने कहा- बब्बर खालसा, आईएसआई के बीच साठगांठ

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने अपने मोहाली कार्यालय में आरपीजी हमले के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल एवं पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) की सांठगांठ की ओर इशारा किया है। पुलिस महानिदेशक वी के भावरा ने शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि छठा आरोपी एक अन्य मामले में पुलिस हिरासत में है। उन्होंने कहा कि घटना के पीछे की साजिश का पता लगा लिया गया है और पाकिस्तान की आईएसआई के इशारे पर आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल और गैंगस्टरों के बीच सांठगांठ का मामला सामने आया है। डीजीपी ने कहा कि मुख्य साजिशकर्ता तरनतारन निवासी लखबीर सिंह गैंगस्टर से आतंकवादी बने हरविंदर सिंह रिंडा का करीबी सहयोगी है।

## बीएसएफ आईजी ने कश्मीर के सीमावर्ती इलाके में सुविधाओं की कमी को रेखांकित किया

**श्रीनगर।** कश्मीर में तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने घाटी में नियंत्रण रेखा से लगे इलाकों की आबादी के लिए स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा और मोबाइल संपर्क जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी को रेखांकित किया है। सरकारी कर्मचारी विरले ही इन दूर दराज के इलाकों का दौरा करते हैं। बीएसएफ के महानिरीक्षक (आईजी) राजू बाबू ने जम्मू-कश्मीर में कश्मीर के संभागीय आयुक्त पांडुरंग पोले को पत्र लिखा है। उन्होंने यह पत्र कुपवाड़ा जिले के सीमावर्ती इलाके माछल सेक्टर में किए गए दौरे के बाद लिखा है। सिंह ने कहा कि स्थानीय लोगों ने कई मुद्दों पर उनसे शिकायत की जिनका सामना वे कर रहे हैं। स्कूलों में शिक्षकों की अनुपलब्धता, बिजली की लचर आपूर्ति, खराब मोबाइल और इंटरनेट संपर्क की कमी, एनडीए और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने में मदद करने के लिए कोचिंग संस्थानों की अनुपलब्धता इन शिकायतों में शामिल हैं। आईजी ने कहा कि इन अग्रिम इलाकों और गांवों में अधिकतर मूलभूत सुविधाओं की कमी है। यह स्थिति तब है जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है।

आयुक्त से अपील की कि वह जिम्मेदार सरकारी अधिकारियों को सीमावर्ती इलाकों पर अधिक ध्यान देने का निर्देश दें। सिंह ने कहा कि विभिन्न सरकारी विभागों के क्षेत्र में कार्यरत कर्मी इन इलाकों में रुकना पसंद नहीं करते और कुपवाड़ा या साथ लगे बांदीपोरा चले जाते हैं। वे विरले ही शम्सबाड़ी पर्वता श्रृंखला को पार करते हैं जहां के तंगधार बाउल, केरन, माछल और गुरेज घाटी जैसे इलाकों में बड़ी आबादी रहती है। आयुक्त से अपील की कि वह कुछ कदम प्राथमिकता के आधार पर उठाएं ताकि सीमावर्ती इलाकों में रह रहे लोगों की मदद हो सके। वह उसी सेक्टर के कुछ अग्रिम इलाकों का अगले सप्ताह दोबारा दौरा करेंगे और बीएसएफ द्वारा लगाए गए कुछ चिकित्सा शिविरों का उद्घाटन करेंगे।

## क्विक न्यूज

### केन्द्रीय गृह सचिव ने अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा संबंधी तैयारियों की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने दो वर्ष के बाद शुरू होने जा रही अमरनाथ यात्रा के लिए शुक्रवार को सुरक्षा संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमरनाथ यात्रा 30 जून से शुरू हो रही है। यह यात्रा वर्ष 2021 और 2020 में कोरोना वायरस संक्रमण के कारण नही हो सकी थी। वर्ष 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त करने से पूर्व इस यात्रा को तय समय से जल्दी खत्म कर दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि गृह सचिव ने अर्धसैनिक बलों और जम्मू कश्मीर प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों के साथ अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि पहलगाम और बालटाल यात्रा मार्गों में जम्मू कश्मीर पुलिस के अलावा अर्ध सैनिक बलों के 10,000 जवानों (सौ कंपनी) को तैनात किए जाने की संभावना है। तीन लाख श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। अमरनाथ यात्रा 11अगस्त को समाप्त होगी। सीआरपीएफ के महानिदेशक और बीएसएफ के महा निदेशक पंकज सिंह और अन्य अधिकारी व्यक्तिगत रूप से बैठक में शामिल हुए वही जम्मू कश्मीर के अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इसमें हिस्सा लिया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति शेख खलीफा बिन जायद के निधन पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति एवं अबू धाबी के शासक शेख खलीफा बिन जायद अल नाह्यान के निधन पर शुक्रवार को शोक जताया और कहा कि उनके नेतृत्व में भारत और यूएई के संबंध समृद्ध हुए। नाह्यान का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 73 साल के थे। शेख खलीफा तीन नवंबर 2004 से यूएई के राष्ट्रपति और अबू धाबी के शासक के रूप में सेवाएं दे रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने एक ट्वीट में कहा, शेख खलीफा बिन जायद के निधन की सूचना से गहरा दुख पहुंचा है। वह एक महान व दूरदर्शी राजनेता थे, जिनके अधीन भारत और यूएई के संबंध समृद्ध हुए। दुख की इस घड़ी में भारत के लोगों की संवेदनाएं यूएई के लोगों के साथ है। वर्ष 1948 में जन्मे शेख खलीफा यूएई के दूसरे राष्ट्रपति और अबू धाबी अमीरात के 16वें शासक थे। वह यूएई के पहले राष्ट्रपति शेख जायद के सबसे बड़े बेटे थे।

### केरल में अभिनेत्री की मौत, पुलिस ने पति को हिरासत में लिया

**कोझिकोड।** केरल पुलिस ने यहां एक मॉडल और अभिनेत्री की मौत के बाद शुक्रवार को मृतका के 31 वर्षीय पति को हिरासत में ले लिया। बृहस्पतिवार रात को 20 वर्षीय शहाना का शव उसके घर पर लटका हुआ मिला था। हमें बृहस्पतिवार रात को घटना की जानकारी मिली। हमने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 174 के तहत एक मामला दर्ज किया है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपी सज्जाद को हिरासत में लिया है, जिसपर शहाना के परिवार ने हमले और हत्या समेत अन्य आरोप लगाए हैं। शहाना की मां ने मीडिया से कहा कि सज्जाद उनकी बेटी को प्रताड़ति करता था। सहायक पुलिस आयुक्त सुदर्शन ने संवाददाताओं से कहा, हमें जानकारी मिली है कि उनके बीच किसी चेक को लेकर झगड़ा हुआ, जो शहाना को मॉडलिंग के लिए मिला था। सज्जाद का कहना है कि उसकी पत्नी ने खुद को खिड़की से लटका लिया। हम इसकी जांच कर रहे है कि क्या ऐसा करने से मौत हो सकती है।

### बाबुल सुप्रियो को विधानसभा की चार स्थाई समितियों का सदस्य नियुक्त किया गया

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के विधायक बाबुल सुप्रियो को गृह मामलो समेत पश्चिम बंगाल विधानसभा की चार स्थाई समितियों का सदस्य बनाया गया है। बालीगंज से विधायक सुप्रियो को कार्मिक और प्रशासनिक सुधार, बंदी प्रशासन तथा विधि एवं न्यायिक मामलो की स्थाई समितियो का भी सदस्य नियुक्त किया गया। विधानसभा सचिवालय के एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि यह नियुक्ति 12 मई से प्रभावी होगी। सुप्रियो पिछले महीने बालीगंज सीट पर उपचुनाव में विजई हुए थे और उन्हे बुधवार को विधायक पद की शपथ दिलाई गई।

### ब्रिटिश काउंसिल-आर्ट एक्स ने भारत व ब्रिटेन से 12 फेलो की घोषणा की

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश काउंसिल और आर्ट एक्स कंपनी ने भारत और ब्रिटेन के 12 फेलो का चयन किया है। यह चयन इंटरनेशनल पब्लिशिंग फेलोशिप 2022: इंडिया (आईपीएफ 2022) के लिए किया गया है। इस फेलोशिप का मकसद दोनों देशों के अनुवाद प्रकाशन तंत्र के बीच संवाद और आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करना है। यह एक साल का कार्यक्रम होगा। भारत की ओर से चुने गए लोगों में बिजल वछरजानी (प्रथम बुक्स), राहुल सोनी (हार्पर कॉलिन्स इंडिया), रमन श्रेष्ठ (रचना बुक्स), रिद्धि मैत्रा (बीईई बुक्स), सरबजीत गारछा (कॉपर कॉइन पब्लिशिंग) और योगेश मैत्रेय (पैंथर्स पॉ पब्लिकेशन) शामिल है।




गुवाहाटी में भारी बारिश के बाद सड़क पर भरे हुए पानी में केले के तने की नाव बनाकर जाता हुआ युवक।

## मध्य प्रदेश सरकार राज्य में मदरसों में राष्ट्रगान को अनिवार्य करने पर विचार कर सकती है: मंत्री

**भोपाल।** पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में मदरसों में राष्ट्रगान गायन अनिवार्य कर दिए जाने के बाद मध्य प्रदेश के गृहमंत्री ने कहा कि उनके राज्य में भी इसी तरह के कदम पर विचार किया जा सकता है। उन्होंने यहां पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में शुक्रवार को यह बयान दिया। इसके अलावा मध्य प्रदेश भाजपा प्रमुख विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि देश भर के सभी शैक्षणिक संस्थानों में जन गण मन का पाठ किया जाना चाहिए।

उत्तर प्रदेश के सभी मदरसों में बृहस्पतिवार से राष्ट्रगान जन गण मन गाना अनिवार्य कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड के रजिस्ट्रार ने नौ मई को सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को इस आशय का आदेश जारी किया। पत्रकारों से बात करते हुए मध्य प्रदेश के मंत्री मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रगान हर जगह गाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, यह अच्छी बात है। यह एक राष्ट्रगान है और इसे हर जगह गाया जा सकता है। यह पूछे जाने पर कि क्या इसी तरह का निर्णय मध्य प्रदेश में लागू किया जा सकता है, मिश्रा ने कहा, यह विचार का विषय है... इस पर विचार किया जा सकता है।

क्या मप्र में भी मदरसों में राष्ट्रगान गाया जाना चाहिए के सवाल पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शर्मा ने कहा, हम किसी को पाकिस्तान का राष्ट्रगान गाने के लिए नहीं कह रहे हैं। हम सिर्फ मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और देश के कोने-कोने में स्थित शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत और भारत माता की जय के नारे लगाने के लिए कह रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर ऐसा हो रहा है और ऐसा फैसला लिया गया है तो यह स्वागत योग्य कदम है।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकियों से संबंध के मामले में प्रोफेसर-पुलिसकर्मी और शिक्षक बर्खास्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने शुक्रवार को आतंकी समूहों से कथित संबंध के मामले में तीन सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया जिसमें कश्मीर विश्वविद्यालय का एक प्रोफेसर, एक शिक्षक और एक पुलिसकर्मी शामिल है। संविधान के अनुच्छेद 311 (12)(सी) के तहत गठित समिति की सिफारिश पर तीनों को बर्खास्त किया गया। अनुच्छेद 311 (12)(सी) राज्य की सुरक्षा के हित में बिना जांच किए ही किसी व्यक्ति को बर्खास्त करने की अनुमति देता है। पिछल साल से अब तक जम्मू-कश्मीर में विशेष प्रावधान का इस्तेमाल करके बर्खास्त किए गए सरकारी कर्मचारियों की संख्या बढ़कर 37 हो गई है। बर्खास्त किए गए लोगों में कश्मीर विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग का प्रोफेसर अल्ताफ हुसैन पंडित, सरकारी शिक्षक मोहम्मद मकबूल हाजम और जम्मू-कश्मीर पुलिस का पुलिसकर्मी गुलाम रसूल शामिल है।

## प्रधानमंत्री के न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन का मतलब ध्रुवीकरण करना और डर का माहौल बनाना है: सोनिया

**उदयपुर।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि उनके न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन (मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस) का मतलब लगातार ध्रुवीकरण करना और डर का माहौल बनाना है। उन्होंने कांग्रेस के नवसंकल्प चिंतिन शिविर की शुरुआत के मौके पर पार्टी में बड़े सुधार की बात की और नेताओं का आह्वान किया कि वे विशाल सामूहिक प्रयासों के जरिए पार्टी में नई जान फूंकें क्योंकि अब पार्टी का कर्ज उतारने का समय आ गया है। कांग्रेस के चिंतन शिविर की शुरुआत हुई।

सोनिया गांधी ने कहा, चिंतिन शिविर हमें यह अवसर देता है कि हम देश के सामने खड़ी उन चुनौतियों पर चर्चा करें जो भाजपा और आरएसएस द्वारा पैदा की गई हैं। इस शिविर में राष्ट्रीय मुद्दों और संगठन पर बोल्ड चिंतन होगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, यह स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री और उनके साथियों की ओर से न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन की जो बात की जाती है उसका क्या मतलब है? इसका मतलब निरंतर ध्रुवीकरण करना और डर का माहौल बनाना है। इस सरकार के न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन का मतलब अल्पसंख्यकों को डराना है जबकि अल्पसंख्यक देश के बराबर के नागरिक हैं। इस सरकार के न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन का मतलब राजनीतिक विरोधियों को डराना धमकाना, उन्हें बदनाम करना और सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर उन्हें जेल में डालना है। सोनिया गांधी के अनुसार, भाजपा सरकार के न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन का मतलब यह है कि इतिहास पर फिर से गौर किया जाए, स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को कमतर किया जाए तथा महात्मा गांधी के हत्यारों का महिमामंडन किया जाए।

## हिंदी से नौकरी मिलने के दावे पर तमिलनाडु के मंत्री ने तंज कसा

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री के. पोनमुडी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार दो भाषाओं के फॉर्मूले की अपनी नीति को जारी रखेगी। इसके साथ ही उन्होंने कथित तौर पर हिंदी थोपने के किसी भी प्रयास की आलोचना की और इस दावे पर सवाल उठाया कि हिंदी भाषा सीखने से रोजगार मिलेगा। हिंदी सीखने वालों के लिए नौकरी उपलब्ध होने के संबंध में जोर देने वालों पर निशाना साधते हुए मंत्री ने पूछा कि अभी शहर में पानी पुरी कौन लोग बेच रहे हैं। उनका इशारा स्पष्ट रूप से इस व्यापार में शामिल मुख्यतया हिंदी भाषी विक्रेताओं की ओर था। उनकी टिप्पणी यहां भरथियार विश्वविद्यालय के 37वें दीक्षांत समारोह में आई। इस समारोह की अध्यक्षता राज्य के राज्यपाल आर एन रवि ने की जो विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं। मंत्री ने हिंदी थोपने के खिलाफ सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषम (द्रमुक) के रुख को दोहराया।

## देशमुख के कंधे का ऑपरेशन सरकारी अस्पताल में हो सकता, निजी अस्पताल की जरूरत नही : अदालत

**मुंबई।** यहां की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख को निजी अस्पताल में कंधे का ऑपरेशन करने की अनुमति देने से इंकार कर दिया। अदालत ने कहा कि उनका उपचार मुंबई के सरकारी जेजे अस्पताल में कराया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि देशमुख ने अदालत से अनुरोध किया था कि कंधे की हड्डी खिसकने का उपचार और सर्जरी कराने के लिए उन्हें उनकी इच्छा के निजी अस्पताल में अस्थाई तौर पर स्थानांतरित करने की अनुमति दी जाए। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता ने इस पर आने वाले खर्च को भी वहन करने की पेशकश की थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हालांकि, उनकी अर्जी का विरोध किया था। ईडी ने तर्क दिया था कि जेजे अस्पताल में भी सर्जरी की सारी सुविधाएं और प्रशिक्षित डॉक्टर हैं। अदालत ने देशमुख की अर्जी को खारिज करते हुए कहा कि वह जेजे अस्पताल में सर्जरी व इलाज करा सकते हैं।

देशमुख को पिछले साल नवंबर में ईडी ने धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था। वह इस समय न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआई ने शिवसेना नीत महा विकास अघाडी (एमवीए) सरकार में गृहमंत्री रहे देशमुख के खिलाफ मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह द्वारा वसूली के लगाए गए आरोपों के आधार पर भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया था। इस प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने उनके खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया। ईडी ने दावा किया है कि देशमुख ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए मुंबई के विभिन्न बार से 4.70 करोड़ रुपए की वसूली की। एजेंसी ने आरोप लगाया कि देशमुख परिवार ने इस राशि का नागपुर से संचालित श्री साई शिक्षण संस्थान के जरिए धनशोधन किया।



कराड में अल्फांसो आम को बेचता हुआ दुकानदार।

# जी-7 की बैठक में रूस के खिलाफ एकता की अपील

## यूक्रेन की वित्तीय मदद करेगा यूरोपीय संघ

एपी। वीसेनहॉस (जर्मनी)

**दुनिया** के सात अमीर देशों (जी-7) के विदेश मंत्रियों की जर्मनी में संपन्न बैठक के दौरान शुक्रवार को यूरोपीय संघ(ईयू) के विदेश मामलों के प्रमुख ने कहा कि ईयू रूसी हमले से बचाव और हथियार खरीदने के लिए यूक्रेन को 52 करोड़ अमेरिकी डॉलर की और सहायता देगा।

यूरोपीय संघ के विदेश मामलों संबंधी उच्च प्रतिनिधि जोसेप बोरेल ने उम्मीद जताई कि कुछ देशों के संदेह के बावजूद जल्द ही यूरोपीय संघ के सदस्य देश रूस के खिलाफ तेल प्रतिबंध लगाने पर सहमत हो जाएंगे। जर्मनी के बाल्टिक सागर तट पर वीसेनहॉस में जी-7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के ठीक पहले बोरेल ने कहा, हम यूक्रेन की सेना की सहायता के लिए 52 करोड़ डॉलर की और मदद देंगे। यह राशि भारी हथियार खरीदने के लिए आवंटित की जा रही है। इसी के साथ यूरोपीय संघ की ओर से यूक्रेन को मिलने वाली कुल वित्तीय मदद का आंकड़ा 2.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। बोरेल ने कहा कि बैठक में जर्मनी, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, इटली, जापान और अमेरिका के शीर्ष कूटनीतिज्ञ भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बैठक में रूस पर और आर्थिक प्रतिबंध लगाकर दबाव बनाने, मॉस्को को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग करने और रूस की ओर से फैलाई जा रही झूठी खबरों पर रोक लगाने की योजना बनाई जाएगी। रूस पर संभावित तेल प्रतिबंध को लेकर यूरोपीय संघ के राजनयिकों का सोमवार से बातचीत प्रस्तावित है। हालांकि हंगरी ने इस कदम का विरोध किया है, क्योंकि वह तेल के लिए रूस से आयात पर बहुत अधिक निर्भर है। बहरहाल, बोरेल ने उम्मीद व्यक्त की है।

## युद्ध अपराध के आरोपी रूसी सैनिक के खिलाफ यूक्रेन में मुकदमा

एपी। कीव

**यूक्रेन** के एक नागरिक की हत्या के आरोपी रूसी सैनिक के खिलाफ शुक्रवार को यहां मुकदमा शुरू हुआ, जो मॉस्को के अपने पड़ोसी देश पर आक्रमण के बाद से युद्ध अपराध से संबंधित पहला मुकदमा है। यूक्रेन की राजधानी में एक छोटे से अदालत कक्ष के अंदर बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद थे जहां मुकदमे की शुरुआत के लिए संदिग्ध एक छोटे से कांच के कक्ष में दिखाई दिया। इस मामले ने रूसी बलों द्वारा बार-बार अत्याचार के आरोपों के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया। सार्जेंट वादिम शिशिमारिन (21) पर उत्तरपूर्वी गांव चुपखिवका में 62 वर्षीय व्यक्ति के सिर में गोली मारने का आरोप है। युद्ध के कानूनों और नियमों से संबंधित यूक्रेनी आपराधिक संहिता की धारा में वर्णित दंड के तहत उसे आजीवन कारावास तक की सजा का सामना करना पड़ सकता है।



## रूस ने फिनलैंड को नाटो में शामिल होने को लेकर चेतावनी दी

एपी। कीव

**फिनलैंड** के नेता बृहस्पतिवार को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने के पक्ष में सामने आए और स्वीडन भी कुछ दिनों के भीतर ऐसा कर सकता है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के यूक्रेन पर हमले ने मॉस्को के पड़ोसियों के बीच भय पैदा कर दिया है, जिसके बाद दोनों देशों ने नाटो में शामिल होने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। वहीं, क्रेमलिन ने चेतावनी देते हुए कहा कि उसे जवाबी कार्रवाई के तौर पर सैन्य-तकनीकी कदम उठाने के लिए विवश होना पड़ेगा। इस बीच, रूसी सेना ने औद्योगिक डोनबास क्षेत्र पर कब्जा जमाने के अभियान के तौर पर मध्य, उत्तरी और पूर्वी यूक्रेन के इलाकों में हमले किए, जबकि यूक्रेन ने उत्तरपूर्व में कुछ शहरों और गांवों को फिर से अपने कब्जे में ले लिया है। संघर्ष शुरू होने के बाद से रूस के एक सैनिक पर युद्ध अपराध के पहले मुकदमे की सुनवाई कीव में शुक्रवार को शुरू होने की संभावना है।



पेरिस में द्विपक्षीय वार्ता के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, बाएं, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज का पेरिस के एलिसी पैलेस में स्वागत करते हुए

## नोटों से कोविड वायरस फैलने का खतरा नहीं: अध्ययन

भाषा। वाशिंगटन

**हाल** ही में किए गए एक अध्ययन से स्पष्ट हुआ है कि कोविड-19 बीमारी फैलाने वाला वायरस सार्स-कोव-2 नकद नोट पर लगभग तुरंत ही अक्षम हो जाता है। प्लस वन नामक पत्रिका में प्रकाशित एक शोध में कहा गया है कि कोविड की रोकथाम के उपाय के रूप में नकदी के बदले क्रेडिट या डेबिट कार्ड के उपयोग की सलाह देना उचित नहीं है। शोधकर्ताओं ने पाया कि वायरस प्लास्टिक मनी कार्ड पर अधिक स्थिरता दिखाता है और 48 घंटे बाद भी वायरस बना रहता है।

शोधकर्ताओं ने कहा कि अध्ययन में नमूने के तौर पर शामिल किए गए नोट पर किसी भी वायरस का पता नहीं चला। अमेरिका के ब्रिघम यंग विश्वविद्यालय (बीवाईयू) के प्रोफेसर व अध्ययन के लेखक रिचर्ड रॉबिसन ने कहा कि महामारी की शुरुआत में काफी जोर था कि व्यवसायों के दौरान नकदी का उपयोग बंद कर दिया जाए और सभी व्यवसायों में इस सलाह का पालन किया गया। रॉबिसन ने कहा, मैंने सोचा, एक मिनट प्रतीक्षा करें, इसका समर्थन करने के लिए आंकड़े कहां हैं? और कोई आंकड़ा नहीं था। हमने यह गौर करने का फैसला किया कि यह तर्कसंगत था या नहीं, और पता चला कि यह तर्कसंगत नहीं था। शोधकर्ताओं ने नोटों के साथ ही सिक्कों और कार्डों के भी नमूना लिए और चार बार वायरस का पता लगाने के लिए परीक्षण किए गए। 30 मिनट, चार घंटे, 24 घंटे और 48 घंटे के अंतराल पर वायरस की जांच की गई। शोधकर्ताओं ने पाया कि डॉलर (नोट) पर 30 मिनट के बाद कोरोना वायरस का पता लगाना मुश्किल था।

## नए कोष को मंजूरी नहीं मिली तो ठंड में बढ़ सकते हैं कोरोना के मामले: झा

**वाशिंगटन (एपी)।** व्हाइट हाउस के कोविड-19 समन्वयक डॉ. आशीष झा ने बृहस्पतिवार को आगाह किया कि अगर अमेरिकी संसद ने अधिक टीकों और उपचार सुविधाओं के लिए नए कोष को जल्द मंजूरी नहीं दी तो देश में पतझड़ और ठंड के मौसम में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बढ़ सकते हैं। झा ने द एसोसिएटेड प्रेस को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि कोविड-19 के खिलाफ अमेरिकियों की प्रतिरोधक क्षमता कम हो रही है, जबकि वायरस अधिक संक्रामक रूप अख्तियार कर रहा है, इसलिए संक्रमण से बचाव के लिए ज्यादातर लोगों को बूस्टर खुराक लगवाने की जरूरत है। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है, जब व्हाइट हाउस ने हाल ही में कहा था कि अमेरिका में इस साल के अंत तक कोरोना वायरस संक्रमण के 10 करोड़ मामले आ सकते हैं।

## अविश्वास प्रस्ताव के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की समीक्षा चाहते हैं इमरान खान

**इस्लामाबाद (भाषा)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अविश्वास प्रस्ताव को लेकर तत्कालीन नेशनल असेंबली स्पीकर के फैसले पर शीर्ष अदालत के सात अप्रैल के निर्णय को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक पुनर्विचार याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट ने क्रिकेटर से नेता बने खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को रद्द करने के नेशनल असेंबली के स्पीकर कासिम सूरी के विवादास्पद कदम को खारिज कर दिया था। खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी से जुड़े सूरी ने तीन अप्रैल को पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को खारिज करते हुए दावा किया था कि यह सरकार को हटाने की विदेशी साजिश से जुड़ा है इसलिए स्वीकार किए जाने योग्य नहीं है। कुछ मिनटों बाद ही राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने खान के परामर्श पर नेशनल असेंबली को भंग कर दिया था। खान प्रभावी रूप से बहुमत खो चुके थे।

## भारत के साथ सार्थक व रचनात्मक संवाद का माहौल नहीं है: पाकिस्तान

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** ने सार्थक, रचनात्मक संवाद का उचित माहौल न होने के कारण भारत के साथ निकट भविष्य में किसी भी वार्ता की संभावना को खारिज कर दिया है। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता असीम इफ्तिखार ने बृहस्पतिवार को साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन के दौरान भारत के साथ संबंधों पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में यह टिप्पणी की। उनसे प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अगुवाई वाली पाकिस्तान की नई सरकार के रुख और नई दिल्ली में एक व्यापार मंत्री की नियुक्ति के संदर्भ में ए सवाल पूछे गए थे।

इफ्तिखार ने कहा कि इस मुद्दे पर राष्ट्रीय आम सहमति है और पूर्ववर्ती सरकारों ने भारत के साथ विवादों के शांतिपूर्ण समाधान की नीति को ही अपनाया है। उन्होंने कहा, कूटनीति में आप दरवाजे कभी भी बंद नहीं करते हैं। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि विवादों के कूटनीतिक समाधान की पाकिस्तान की इच्छा के बावजूद सार्थक, रचनात्मक संवाद का माहौल नहीं है। मालूम हो कि भारत ने बार-बार पाकिस्तान से कहा है कि वह आतंक, शत्रुता और हिंसा से मुक्त माहौल में उसके साथ सामान्य पड़ोसी संबंध की आकांक्षा रखता है।

भारत ने कहा है कि आतंकवाद और शत्रुता से मुक्त माहौल का निर्माण करने की जिम्मेदारी पाकिस्तान की है। पाकिस्तान के दो वर्ष से भी अधिक समय बाद नई दिल्ली में अपने उच्चायोग में एक व्यापार मंत्री नियुक्त करने के निर्णय के बाद दोनों देशों के बीच वार्ता बहाल होने की उम्मीदें फिर से जग गई हैं। बहरहाल, वाणिज्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को एक बयान में भारत की ओर व्यापार नीति में किसी भी बदलाव से मना किया। शहबाज शरीफ के पाकिस्तान का प्रधानमंत्री निर्वाचित होने के बाद उनके और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच संदेशों का आदान-प्रदान हुआ था। पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने के तुरंत बाद शरीफ ने अपने भाषण में कश्मीर में अनुच्छेद 370 निरस्त किए जाने का मुद्दा उठाया था।

## नेपाल में सड़क दुर्घटना में 14 की मौत, दस घायल

**काठमांडू (भाषा)।** नेपाल में शुक्रवार को पर्वतीय इलाके में एक सड़क पर वाहन के फिसलकर 500 फुट गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार लोगों में से कम से कम 14 की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना स्यांगजा जिले में अरखलबस के पास हुई। पुलिस ने कहा कि कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। उन्होने कहा कि जीप मे मतदाताओ को मतदान केंद्रों तक ले जाया जा रहा था।

**Public Notice**

For Disposal Of Medical Records
Older Than 31-12-2017

**SAVE SIGHT CENTRE**

A-14, opp, Adarsh Nagar Metro Station Gate No.1, Adarsh Nagar, Delhi-110033.

With reference to the advertisement given on 06-05-2022 we hereby inform that the Medical Records of patients in save sight centre hospital A-14,opp, Adarsh Nagar Metro Station Gate No.1, Adarsh Nagar Delhi till 31-12-2017 have been destroyed.

MRD Incharge
Save Sight Centre Hospital.

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that Mr. Sanjay Singhal, Mr. Arvind Singhal & Mr. Sachin Singhal partners of M/s. SAS International are the absolute owners of Industrial Property Bearing No. D29, (area measuring 1500 sq. mtrs), situated in the Industrial Area at Surajpur Site-IV, Village-Kasna, Greater Noida, Distt. Gautam Budh Nagar. (U.P.) vide Lease Deed dated 2/1/07, whereas they have lost the following Documents pertain to the said property:-

Allotment Letter, Possession Letter and Stamp papers of Lease Deed dated 2/1/07 having document No. 32, Book No. 1, Volume No. 1604, on Pages No. 377-446, on dated 02.01.2007 duly registered in the office of SR, G B Nagar.

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage(equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

**Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, Mob. 9810063351

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform general public that Mr. Suraj has acquired the Entire Ground Floor without roof rights, "said floor" on Plot bearing no. 5, area measuring 15*12 ¼ out of Khasra no. 272 min, situated in village Saddarpur, Mohan market east Rotash nagar, Shahdara, Delhi on POA basis vide Notarized GPA, ATS dated 13.02.1985 & Will, executed by Mr. Mahendra Kumar, and Now, Mr. Suraj is intending to sell the above said property to Mr. Pawan kumar Aggarwal vide Sale Deed. Further Mr. Pawan kumar Aggarwal is mortgaging the above said property with Fullerton India Home Finance Co. Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

## शेयर बाजारों में लगातार छठे दिन रही गिरावट

### सेंसेक्स 137 अंक टूटा

भाषा। मुंबई







**मुद्रास्फीति** को लेकर चिंताएं बढ़ने और विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी रहने से घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को भी गिरावट का रुख रहा। मानक सूचकांक अंतिम क्षणों में मुनाफावसूली के दबाव में आकर लगातार छठे दिन नुकसान के साथ बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों के बिकवाल बने रहने और अर्थव्यवस्था के वृहद आर्थिक आंकड़ों से निवेशकों के मन में आशंका हावी दिखी। कमजोर कारोबारी धारणा का असर बाजार के प्रदर्शन पर नजर आया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स कारोबार के अंत में 136.69 अंक यानी 0.26 प्रतिशत गिरकर 52,793.62 अंक पर रहा। यह सेंसेक्स का 30 जुलाई, 2021 के बाद का निम्नतम स्तर है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 855.4 अंक उछलकर 53,785.71 अंक तक पहुंच गया था लेकिन अंतिम घंटे में मुनाफावसूली का जोर रहने से यह नीचे गिर गया।

इसी तरह एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी भी 25.85 अंक यानी 0.16 प्रतिशत गिरकर 15,782.15 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से एसबीआई सर्वाधिक 3.76 प्रतिशत के घाटे में रही। हालांकि देश के सबसे बड़े बैंक ने चौथी तिमाही में अपना एकल शुद्ध लाभ 41 प्रतिशत बढ़कर 9,114 करोड़ रुपए रहने की घोषणा की लेकिन यह बाजार के अनुमानों से कम रहा। आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक और मारुति सुजुकी को भी कारोबार के दौरान 2.65 प्रतिशत तक का नुकसान उठाना पड़ा।इसके उलट सन फार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईटीसी, एचयूएल, टाइटन और रिलायंस के शेयर 3.76 प्रतिशत तक के लाभ में रहे। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स ने पांच कारोबारी दिवसों में 2,041.96 अंक यानी 3.72 प्रतिशत का नुकसान झेला है। इसी तरह निफ्टी को भी 629.10 अंक यानी 3.83 प्रतिशत की गिरावट का सामना करना पड़ा है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, यह बाजार के लिए झटके लगने का मौसम है। अमेरिका में ऊंची मुद्रास्फीति होने और ब्याज दरें बढ़ने के अनुमानों से बांड प्रतिफल बढ़ गए हैं जिससे इक्विटी बाजारों पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के उप उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) अमोल अठावले ने कहा, कारोबार के दौरान एक बार फिर उतार-चढ़ाव हावी रहा। धातु, दूरसंचार एवं बैंकिंग शेयरों ने शुरुआती लाभ बाद में गंवा दिया। अन्य एशियाई बाजारों में तेजी के बावजूद बढ़ती मुद्रास्फीति और ब्याज दरों में फिर से बढ़ोतरी की आशंका गहराने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

## मस्क ने ट्विटर के खरीद सौदे को अस्थाई तौर पर किया स्थगित

एपी। लंदन

**अरबपति** उद्यमी एलन मस्क ने शुक्रवार को कहा कि माइक्रो ब्लॉगिंग मंच ट्विटर को 44 अरब डॉलर में खरीदने की उनकी प्रस्तावित योजना स्पैम एवं फर्जी खातों से जुड़े ब्योरे आने तक अस्थाई तौर पर स्थगित की जा रही है।

मस्क ने ट्विटर के ही मंच से जारी एक संदेश में सौदे को अस्थाई तौर पर रोकने की जानकारी दी। हालांकि यह साफ नहीं हो पाया है कि स्पैम एवं फर्जी खातों से जुड़े ब्योरा इस सौदे को जारी रखने के लिए कितना बड़ा जोखिम खड़ा कर सकता है। ट्विटर में पारदर्शिता की पुरजोर वकालत करने वाले मस्क शुरू से ही इस सोशल मीडिया मंच को फर्जी खातों से मुक्त करने की बात करते रहे हैं। ऐसा लगता है कि मस्क इसके जरिए यह सवाल उठाने की कोशिश कर रहे हैं कि ट्विटर कहीं इन खातों को कम करके तो नहीं बता रही। ट्विटर के सबसे बड़े शेयरधारक मस्क ने 44 अरब डॉलर में इसका अधिग्रहण करने की घोषणा की थी। इसके लिए कोष जुटाना भी शुरू कर दिया गया था। टेस्ला के मुखिया मस्क ने एक ट्वीट में रायटर्स की दो मई की रिपोर्ट को संलग्न किया है। इसमें ट्विटर की एक तिमाही रिपोर्ट के हवाले से अनुमान लगाया गया था कि स्पैम एवं फर्जी खाते, ट्विटर के कुल मौद्रीकरण-योग्य दैनिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं के मुकाबले पांच प्रतिशत से कम हैं।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,**
**अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
लेन नं0-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001,
Phone No/Fax. 0135 2671940 Mail ID- eemd-ujs-uk@nic.in, eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक: 618/ई-निविदा/2022-23 दिनांक : 10.05.2022

**निविदा संशोधन**

इस कार्यालय के पत्रांक 548/ई-निविदा/2022-23 दिनांक 06.05.2022 द्वारा आमन्त्रित ई-निविदाएँ अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती हैं।

अधिशासी अभियन्ता

"जल संचय-जीवन संचय"

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर -23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कर्ज़दार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में, प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में, निम्नवर्णित कर्ज़दारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित किए जाने पर) मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्ज़दार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।

कर्ज़दार को विषेश रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | मांग सूचना की तिथि/ मांग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हेमंत स्वैन/ शिमा रानी स्वैन/ (12900001179 & QZFDB00005012550) | हाउस नंबर-2ई/151, फ्रंट पार्टिशन, एन.आई.टी. फरीदाबाद, (हरियाणा)/ 10 मई, 2022 | सितम्बर 27, 2021 ₹ 25,89,389/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दारएवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मई 13, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

## फोर्ड भारत में ईवी विनिर्माण की अपनी योजना से पीछे हटी

**नई दिल्ली (भाषा)।** अमेरिकी वाहन विनिर्माता फोर्ड ने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत सरकार से मंजूरी मिलने के बावजूद निर्यात के लिए भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के विनिर्माण की अपनी योजना टाल दी है। इससे पहले फोर्ड ने पिछले साल सितंबर में अपनी पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत अपने दो संयंत्रों में वाहन उत्पादन बंद करने की घोषणा की थी। कंपनी ने तब कहा था कि वह अपने चेन्नई और गुजरात संयंत्रों के लिए अन्य विकल्प तलाश रही है। फोर्ड इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि भारत में चल रहे व्यापार पुनर्गठन के हिस्से के रूप में कंपनी ने अपनी विनिर्माण सुविधाओं के लिए संभावित विकल्पों की तलाश जारी रखी है। उन्होंने कहा कि इन विकल्पों में पीएलआई योजना के लिए आवेदन करना भी शामिल है, जिसके तहत संभावित ईवी विनिर्माण आधार के रूप में संयंत्रों का उपयोग करने की अनुमति दी गई।

## रेलवे ने छह साल में 72,000 गैर-जरूरी पदों को किया खत्म

भाषा। नई दिल्ली

**आधिकारिक** दस्तावेजों के अनुसार देश के सबसे बड़े नियोक्ता भारतीय रेलवे ने पिछले छह वर्षों में 72,000 से अधिक पदों को खत्म कर दिया है। हालांकि इस अवधि में 81,000 पदों को खत्म करने का प्रस्ताव रखा था।

उपलब्ध दस्तावेजों के मुताबिक खत्म किए गए सभी पद ग्रुप सी और ग्रुप डी श्रेणी के हैं जो रेलवे के संचालन में नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल बढ़ने के कारण अब बेमानी हो गए हैं। इसलिए रेलवे ने भविष्य में इन पदों पर भर्ती नहीं करने का फैसला किया है। हालांकि वर्तमान में इन पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को रेलवे के विभिन्न विभागों में समायोजित किए जाने की संभावना है। अधिकारियों ने कहा कि इन पदों को खत्म करने का फैसला करना पड़ा क्योंकि अब रेलवे का संचालन आधुनिक और डिजिटल हो गया है।

उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार रेलवे के 16 जोन में वित्त वर्ष 2015-16 से लेकर 2020-21 के दौरान 56,888 गैर-जरूरी पदों को खत्म कर दिया गया। प्रस्ताव के मुताबिक 15,495 और पदों को खत्म किया जाना है। उत्तर रेलवे ने 9,000 से अधिक पदों को खत्म किया, जबकि दक्षिण पूर्व रेलवे ने लगभग 4,677 पदों को खत्म किया। दक्षिण रेलवे ने 7,524 और पूर्वी रेलवे ने 5,700 से अधिक पदों को समाप्त कर दिया है। सूत्रों ने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 के लिए, कर्मचारियों का एक कार्य-अध्ययन अंतिम चरण में है। उम्मीद है कि प्रक्रिया पूरी होने के बाद करीब 9,000 और पदों को खत्म किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, रेलवे में आउटसोर्सिंग बढ़ने के कारण भी स्वीकृत पदों की संख्या घट रही है। रेलवे को अपनी कुल आय का एक-तिहाई हिस्सा वेतन एवं पेंशन पर खर्च करना पड़ता है।

## आरआरए ने 239 बेकार परिपत्रों को वापस लेने की सिफारिश की: आरबीआई

**मुंबई (भाषा)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि विनियमन समीक्षा प्राधिकरण (आरआरए) ने अब बेकार हो चुके 239 परिपत्रों को वापस लेने की सिफारिश की है। आरबीआई के अनुसार आरआरए की ताजा सिफारिश लागू हो जाने के बाद वापस लिए गए ऐसे गैरजरूरी परिपत्रों की कुल संख्या 714 हो जाएगी। आरआरए 2.0 का गठन आरबीआई के निर्देशों की समीक्षा, अनावश्यक और एक जैसे निर्देशों को हटाने तथा विनियमित संस्थाओं पर अनुपालन बोझ को कम करने के लिए किया गया था।

आरबीआई ने कहा, आरआरए 2.0 ने अतिरिक्त 239 परिपत्रों को वापस लेने की सिफारिश की है। इसके साथ, वापस लिए गए ऐसे कुल परिपत्रों की संख्या 714 हो जाएगी। इससे पहले आरबीआई ने इस महीने की शुरुआत में बताया था कि आरआरए ने 225 अन्य परिपत्रों को वापस लेने की सिफारिश की है।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the public at large, on behalf of our client, **Mrs. Preeti Bhasker W/o Mr. Bhanwar Singh R/o 47, Kadambari Apartments Sec-9, Rohini, New Delhi.("Owner") Mrs. Savitri** was the owner of schedule property from **POI through DDA** by virtue of Conveyance Deed which was duly registered with the concerned Sub-Registrar-VII, Delhi, as Document No. 1685, in Addl. Book No.1, Volume No. 2838, on pages 52-53, on 25/01/2008 & Allotment Letter is stated to have been lost, an FIR dated 29.07.2017 **(Police Station: Crime Branch, Delhi)** bearing **LR No.1265856/2017 & SO No. 430 / 2014** was also lodged.**(LOST CONVEYANCE DEED & ALLOTMENT LETTER).** Public are warned not to deal with the Document and any person receiving or dealing with the said Document would do so at their own risk and responsibility **(including criminal liability)** and our client shall not be liable in any manner whatsoever for any loss incurred by such person (s) on account of any such unauthorized dealing, our client will proceed to take such action including applying to concerned authorities for issue of duly Certified Copies / Certified True Copies / Duplicate Copies of the Document.

**Schedule Property**

Flat No.-47, in the Layout Plan of Delhi University Staff Co-operative Group Housing Society Ltd. Presently Known as Kadambari Apartments, situated at Plot No. 19, Sector-9, Rohini, Delhi-110085.

**Sachin Maheshwari & Associates (SMA)**
**(Law Offices)**
**Sachin Maheshwari Advocate**
**Phone No.- 011-42236352**

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थीं जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | भावेश कुमार/ नेहा शर्मा/ मेसर्स भावेश कुमार हफ/ LBLUD00005076880/ LBLUD00005331735 | खसरा नंबर 699 में बना मकान, खट्टा नंबर 1601/1994, गांव बरेवाल अवाना में स्थित, एच.बी नंबर 157, आबादी जिसे कालका जी एन्क्लेव के नाम से जाना जाता है, तहसील और जिला लुधियाना पंजाब/10 मई 2022 | दिसम्बर 15, 2021 ₹ 1,14,62,390/- | गुडगाँव |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मई 13, 2022
स्थान: गुडगाँव

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# रामपुर में हुआ देश के पहले अमृत सरोवर का उद्घाटन

● केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने किया लोकार्पण

● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर जिले में 75 अमृत सरोवर के निर्माण का किया था आह्वान



भाषा। रामपुर

**केंद्रीय** मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शुक्रवार को रामपुर जिले में देश के पहले अमृत सरोवर का उद्घाटन किया। नकवी ने रामपुर जिले के पटवाई इलाके में इस अमृत सरोवर का लोकार्पण किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी मौजूद थे। नकवी ने इस मौके पर कहा कि लोगों की सहभागिता और पंचायत तथा जिला प्रशासन की मुस्तैदी की वजह से इस अमृत सरोवर को इतने कम समय में तैयार किया जा सका।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में भी इस सरोवर के निर्माण कार्य का जिक्र किया था। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर हर जिले में 75 अमृत सरोवर बनाने का आह्वान किया है ताकि देश में पर्यावरण तथा जल संरक्षण कार्य को मजबूती मिल सके।

नकवी ने कहा कि अमृत सरोवर से न सिर्फ पर्यावरण और जल का संरक्षण किया जा सकेगा बल्कि यह आसपास के लोगों के लिए आकर्षण का एक केंद्र भी बनेगा। उनका कहना था कि साथ ही इस सरोवर के इर्द-गिर्द फव्वारे, रोशनी तथा मनोरंजन एवं फूड कोर्ट की सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी एवं लोग सरोवर में नौकायन का आनंद भी उठा सकेंगे। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि राज्य के हर जिले में ऐसे 75-75 अमृत सरोवर बनाने का काम तेज गति से चल रहा है। उन्होंने कहा कि यह इस बात का बहुत बड़ा उदाहरण है कि किस तरह से सरकार और समाज के बीच आपसी समन्वय से बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं।

# डंपर से कुचलकर दो सगे भाइयों की मौत

भाषा। कन्नौज

**उत्तर** प्रदेश के कन्नौज जिले के उमर्दा चौकी क्षेत्र में तिर्वा बेला रोड पर एक डंफर (सामान ढोने वाला ट्रक) ने शुक्रवार सुबह एक मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो सगे भाइयों की मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। इंदरगढ़ के थानाध्यक्ष कमल भाटी के मुताबिक, औरैया के बिधूना थाना क्षेत्र के सुनील राजपूत (19) अपने भाई मोहित राजपूत (17) के साथ बृहस्पतिवार को एक रिश्तेदार की पुत्री की शादी में शामिल होने के लिए विधइपुरवा गांव गए थे।उन्होंने बताया कि शादी समारोह में शामिल होने के बाद दोनों भाई शुक्रवार सुबह मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान, तिर्वा बेला रोड पर उमर्दा के निचली गंग नहर के पास निकारीपुरवा गांव के सामने पीछे से आ रहे एक डंपर ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। भाटी के अनुसार, टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों भाई उछलकर डंपर के नीचे आ गए और कुचलने के कारण उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि राहगीरों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी, जिसके बाद एक टीम घटनास्थल पर पहुंची। भाटी के मुताबिक, मृतक मोहित नवोदय विद्यालय सइयापुर दिबियापुर में इंटर का छात्र था, जबकि सुनील दिल्ली में नौकरी करता था।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों ने तोड़ा दम

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के मनकापुर थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार शाम एक ट्रक और बाइक के बीच हुई जबरदस्त टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जबकि ट्रक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय के मुताबिक, बस्ती जिले के हरैया थाना क्षेत्र निवासी शिवम सिंह (28) और विवेक सिंह (30) बृहस्पतिवार देर शाम बाइक से मनकापुर आ रहे थे। उन्होंने बताया कि मसकनवा-मनकापुर मार्ग पर अमवा जंगल मोड़ के पास सामने से आ रही गेहूं से लदी एक ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी बाइक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। राय के अनुसार, हादसे की सूचना मिलने पर मसकनवा चौकी और मनकापुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को कब्जे में ले लिया। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया और उसकी तलाश जारी है। युवकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# अध्यापिका के साथ दुष्कर्म कर वीडियो बनाया अब धर्म परिवर्तन का दबाव डाल रहा युवक

भाषा। शाहजहांपुर

**उत्तर** प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में एक सरकारी स्कूल की अध्यापिका के साथ दूसरे धर्म के युवक ने कथित तौर पर दुष्कर्म कर उसका वीडियो बना लिया और अब वह उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपी युवक समेत पांच लोगों के खिलाफ बृहस्पतिवार देर रात दुराचार और विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा को पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के हवाले से बताया कि कांठ थाना क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत 28 वर्षीय अध्यापिका चार मई को जब अपने घर जा रही थी, तभी बरेंडा गांव के रहने वाले आरोपी आमिर ने उसे घर छोड़ने का प्रस्ताव दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, चूंकि आमिर उसी गांव का रहने वाला है, जहां पीड़िता पढ़ाती है, इसलिए वह आरोपी के साथ घर की ओर चल पड़ी। कुमार के अनुसार, रास्ते में आरोपी ने पीड़िता को नशीला द्रव्य सुंघा दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। उन्होंने बताया कि इसके बाद आरोपी पीड़िता को अपने घर ले गया और वहां उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म कर घटना का वीडियो बना लिया। कुमार के मुताबिक, पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी की मां, बहन, भाई समेत पांच परिजन उस पर मुस्लिम धर्म अपनाने और आमिर से शादी करने का दबाव बना रहे हैं। कुमार ने बताया कि मामले के पांचों आरोपी फरार हैं और पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के लिए एक टीम बना दी है।

## किसान की गोली मारकर हत्या

**बागपत।** बागपत में चांदीनगर थानाक्षेत्र के मंसूरपुर गांव में एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सुबह खेत पर पहुंचे किसानों ने स्वजन और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक बागपत नीरज कुमार जादौन ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे मंसूरपुर गांव के खेतों में मदनपाल (65) नामक ग्रामीण का शव मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गई। बागपत के पुलिस अधीक्षक के अनुसार मृतक के परिजनों गांव के युवक सनी को नामजद करते हुए हत्या की तहरीर दी है,जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरु कर दी है। इंस्पेक्टर जनक सिंह चौहान के अनुसार मंसूरपुर गांव के मदनपाल का खेत ललियाना लहचौड़ा मार्ग पर है।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म, आरोपी फरार

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में नागल थानाक्षेत्र के एक गांव में खेत पर मजदूरी करने गई किशोरी से युवक ने देशी पिस्तौल दिखाकर कथित रूप से दुष्कर्म किया। सहारनपुर के पुलिस अधीक्षक नगर राजेश कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार को नागल थानाक्षेत्र में 16 वर्षीया किशोरी अपनी पड़ोसन के साथ एक किसान के खेत पर काम करने गई थी, जहां दूसरे समुदाय के एक युवक ने उसे खेत में अकेला पाकर खींच लिया। कुमार के अनुसार युवक ने पिस्तौल दिखाकर उसे जान से मारने की धमकी दी और जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने बताया कि बाद में आसपास के खेतों मे काम करने वाले जब कुछ लोग वहां पहुंचे तो दुष्कर्मी युवक खेतों के रास्ते वहां से फरार हो गया। किशोरी ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी अपने परिजनों को दी। मामले की तहरीर नागल थाने में दर्ज करा दी गई। पुलिस मामला दर्ज कर किशोरी को परीक्षण के लिए ले गई।

# युवक बना रहा था शादी का दबाव परेशान नाबालिग छात्रा ने की खुदकुशी

भाषा। मुजफ्फरनगर

**उत्तर** प्रदेश के शामली जिले के कैराना थाना क्षेत्र के बिनरा गांव में 16 वर्षीय एक छात्रा ने एक युवक द्वारा कथित तौर पर प्रताड़ित किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पीड़िता के पिता द्वारा दर्ज शिकायत के अनुसार, खंडरौली गांव में एक युवक नौवीं कक्षा की छात्रा पर शादी के लिए दबाव बना रहा था और वह स्कूल जाते समय रोजाना उसे परेशान किया करता था। शिकायत के मुताबिक, युवक से तंग आकर छात्रा ने स्कूल जाना छोड़ दिया था, जिसके बाद वह उसे फोन पर परेशान करने लगा था। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया कि युवक से परेशान होकर उसकी बेटी ने बृहस्पतिवार शाम अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी अनिल कापरवन के मुताबिक, पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है और उसकी गिरफ्तारी की कोशिशें जारी हैं। उन्होंने बताया कि छात्रा का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## मारपीट में युवक की मौत, ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर किया प्रदर्शन

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर जिले के करौंदीकला क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर एक युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। इस घटना से नाराज ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के करौंदीकला थाना क्षेत्र में अमनाईकपुर का राकेश (38) बुधवार को दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल कर हो गया था। सूत्रों के अनुसार हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि राकेश का शव गांव आने के बाद ग्रामीणों ने दशगरपारा मोड़ के पास शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगो को समझाने-बुझाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्वाई की मांग को लेकर अड़े रहे। तब कादीपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर राधेश्याम शर्मा ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाया बुझाया, जिसके बाद जाम खुल सका। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने इस सिलसिले में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्वाई की है।

## थाने में आत्महत्या का प्रयास करने वाली लड़की की मौत

**अलीगढ़।** अलीगढ़ जिले के विजयगढ़ थाने में आत्महत्या की कोशिश के दौरान गम्भीर रूप से जख्मी हुई 19 वर्षीय एक लड़की की शुक्रवार को मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि विजयगढ़ इलाके की यह लड़की करीब एक महीने से लापता थी। उसके परिजन ने एटा जिले के आकाश तथा एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। पिछली पांच मई को लड़की का पता लग गया था और पुलिस उसे विजयगढ़ थाने ले आई थी। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में कानूनी कार्यवाही पूरी की जा रही थी और लड़की को बुधवार को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाना था, मगर मंगलवार रात को वह थाने में पहली मंजिल से कूद गई। उसे गम्भीर रूप से घायल हालत में जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां शुक्रवार को उसकी मौत हो गई।

## किशोरी से बलात्कार के मामले में दोषी को 10 साल कारावास की सजा

**बलिया।** बलिया जिले की एक स्थानीय अदालत ने 16 वर्षीय एक किशोरी को अगवा कर उसका बलात्कार करने के मामले में एक आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन विभाग के संयुक्त निदेशक सुरेश पाठक ने शुक्रवार को बताया कि जिले के चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी का ऋषिकेश यादव ने 10 दिसम्बर, 2018 को अपहरण कर लिया था और उसके साथ बलात्कार किया था। किशोरी के पिता की शिकायत पर चितबड़ागांव कोतवाली में यादव के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता एवं यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत नामजद मुकदमा दर्ज किया गया था। विशेष न्यायाधीश गोविंद मोहन ने अभियोजन एवं बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद यादव को दोषी करार देते हुए 10 साल के सश्रम कारावास एवं 65 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई।

# चिकित्सा अधीक्षक ने वार्डों का किया औचक निरीक्षण

● साफ-सफाई मुकम्मल करने के दिए निर्देश, स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर दी सख्त चेतावनी, मरीजों से दवा समेत अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी



संवाददाता। मऊ

**जिला** अस्पताल के वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉण् सीपी आर्या ने चिकित्सा अधीक्षक का पदभार ग्रहण करने के उपरांत शुक्रवार को सौ बेड जिला संयुक्त चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों का गहनता के साथ औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक ने अस्पताल में मुकम्मल साफसफाई को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों को सख्त दिशा निर्देश दिया। साथ ही साथ वार्डों में भर्ती मरीजों को दवा समेत अन्य सभी चिकित्सकीय सुविधाएं सही तरीके से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। चेताया कि शासन की मंशा के अनुरुप स्वास्थ्य सुविधाओं में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।जिला अस्पताल के वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉण् सीपी आर्या को स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा अधीक्षक का पदभार हस्तान्तरित किया गया है। जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक का पदभार ग्रहण करने के बाद डॉण् आर्या ने जिला अस्पताल में चिकित्सकीय सुविधा मुकम्मल करने को लेकर ठोस कवायद करना शुरु कर दिया है। इस क्रम में शुक्रवार को चिकित्सा अधीक्षक डॉण् सीपी आर्या ने सौ बेड के जिला संयुक्त चिकित्सालय के सभी वार्डों का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक ने सबसे पहले जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों से मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में गहनता के साथ जानकारी हासिल किया। साथ ही साथ उन्होंने नर्सों के ड्यूटी चार्ट व रजिस्टर की भी जांच.पड़ताल किया। नर्सों की उपस्थिति रजिस्टर में ड्यूटी में तैनात सभी नर्स उपस्थित पाई गईं। चिकित्सा अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात वार्ड व्यायए स्वीपर समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को अस्पताल के सभी वार्डों की मुकम्मल साफसफाई का सख्त निर्देश दिया। चेताया कि शासन के मंशा के अनुरुप स्वास्थ्य सेवाओं की अनदेखी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लापरवाही करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मुख्य रुप से हेल्प डेस्क मैनेजर राम प्रवेश यादवए मैट्रन ज्ञानमती देवीए सफाई सुपरवाइजर दिनेश कुमार आदि स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ईएमओ व रेडियोलाजिस्ट के लिए चल रही कवायद

**मऊ ।** जिला संयुक्त चिकित्सालय में रिक्त पड़े छह आकिस्मक चिकित्साधिकारी (ईएमओ) एवं रेडियोलाजिस्ट का पद काफी दिनों से रिक्त होने के कारण मरीजों व तीमारदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मरीजों व तीमारदारों की समस्या के बाबत चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सीपी आर्या ने ठोस कवायद करना शुरु कर दिया है। उन्होंने विभाग के उच्चाधिकारियों को समस्या से अवगत कराने के साथ ही घोसी विधान सभा के पूर्व विधायक विजय राजभर से भी वार्ता किया। पूर्व विधायक विजय राजभर ने आश्वासन दिया कि जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर जिला अस्पताल में रिक्त पड़े पदों पर भर्ती कराया जाएगा।

# परिषदीय स्कूलों के बच्चों का डाकघरों में हो सकेगा आधार पंजीकरण

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**परिषदीय** स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के आधार पंजीकरण को लेकर डाक विभाग ने पहल की है और अब इन बच्चों का डाकघरों में आसानी से आधार पंजीकरण हो सकेगा। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव से मुलाकात कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, वाराणसी डॉ. राकेश सिंह ने इस संबंध में अनुरोध किया, जिसे स्वीकारते हुए उन्होंने इस पर त्वरित कार्यवाही के आदेश दिए हैं। इसके अलावा इन बच्चों और उनके अभिभावकों के डाक विभाग द्वारा इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में खाते भी खोले जायेंगे ताकि डीबीटी के तहत मिलने वाली शासकीय योजनाओं का लाभ भी इन्हें तुरंत प्राप्त हो सके। पोस्टमास्टर जनरल ने परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाली बच्चियों के सुकन्या समृद्धि खाता खोलने की पहल पर भी जोर दिया, ताकि इन बच्चियों का भविष्य अभी से सुरक्षित किया जा सके। प्रधानमंत्री द्वारा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत आरम्भ इस योजना में मात्र 250 रूपये से 10 साल तक की बच्चियों का सुकन्या खाता खुलवाया जा सकता है। इसी क्रम में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु डाकघरों में न्यूनतम 500 रुपये से पीपीएफ खाते भी खुलवाए जा सकेंगे।

### खुशहाल परिवारों का हिस्सा बनने की घोषणा की

**वाराणसी।** एमजी मोटर इंडिया ने भारत में 1 लाख खुशहाल परिवारों का हिस्सा बनने की घोषणा की है। यह लगातार नवाचार, अनुभव जन्य ग्राहक सेवा और स्थायित्व तथा समुदाय के प्रति समर्पण पर केन्द्रित इस ब्रांड कीयात्रा में एक नई उपलब्धि है। आपूर्तिकर्ताओं, और ग्राहकों पर केन्द्रितठोस बुनियाद स्थापित करने के बाद मिले प्यार का नतीजा है।

## 30 जून तक चलेगा पानी नहीं, केवल स्तनपान अभियान

**अयोध्या ।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि 06 माह तक के शिशुओं में केवल स्तनपान सुनिश्चित कराना है। मां का दूध शिशु के लिए अमृत के समान होता है तथा शिशु एवं बाल शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए आवश्यक है कि जन्म के एक घंटे के अंदर शिशु का स्तनपान प्रारम्भ करा दिया जायें व 06 माह की आयु तक शिशु को केवल स्तनपान ही कराया जायें। उन्होंने गर्मियों में शिशुओं में केवल स्तनपान सम्बंधी व्यवहार सुनिश्चित करने हेतु 10 मई से 30 जून 2022 तक समस्त कंवर्जेस विभागों, जन प्रतिनिधियों तथा डेबलपमेंट पार्टनर्स के सहयोग से पानी नही, केवल स्तनपान अभियान आयोजित किया जाना है, जिससे केवल स्तनपान की दर में वृद्धि होने के अपेक्षित परिणाम प्राप्त होने के साथ ही शिशु मृत्युदर में भी सुधार लाया जा सकेगा।

# जन्म पंजीकरण कराने में आशा की महत्वपूर्ण भूमिकाः जिलाधिकारी

संवाददाता। मीरजापुर

**जिलाधिकारी** प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बच्चो के जन्म पंजीकरण कराने से सम्बन्धित बैठक आहूत की गयी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस बैठक में विभिन्न बिन्दुओ पर चर्चा के उपरान्त जिलाधिकारी ने कहा कि जन्म पंजीकरण प्रत्येक बच्चे का अधिकार है इससे बच्चे की पहचान स्थापित होती है तथा स्वास्थ्य शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा आदि का लाभ पाने में बच्चे के लिये मद्दगार साबित होता है। उन्होने कहा कि रजिस्टार द्वारा दिया गया जन्म प्रमाण पत्र जन्म तिथि का विधिक प्रमाणन है तथा स्कूल में नामाकंन, राशन कार्डो में शिशु का नाम बढ़ाने आगे चलकर मतदान का अधिकार ड्राविंग लाइसेंस पासपोर्ट व सरकारी एवं गैर सरकारी सेवाओ में प्रवेश व लाभ लेने में मद्दगार साबित होते है। जिलाधिकारी ने कहा कि कोशिश यह किया जाय कि जिस स्थान पर बच्चे का जन्म हुआ है उसी स्थान, क्षेत्र के रजिस्टार.जन्म मृत्यु के कार्यालय में बच्चे का जन्म पंजीकरण कराया जा सकता हैं। इसके अलावा प्रत्येक सीएचसी, पीएचसी प्रभारी चिकित्साधिकारी भी यह सुनिश्चित करे कि अस्पतालो में बच्चे के जन्म के तत्काल बाद ही उनका पंजीकरण करा दिया जाय। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद में भी नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होने कहा कि यदि बच्चे का जन्म अस्पताल में हुआ है और जिनका जन्म पंजीकरण अभी तक नही हुआ है ऐसे बच्चो की सूची तैयार कर आशा कार्यकत्रियोद्वारा अस्पताल को उपलब्ध कराया जायेगा तथा जन्म प्रमाण पत्र एकत्रित करते हुये बच्चे के माता पिता या परिवार के सदस्य को उपलब्ध कराया जायेगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो द्वारा जन्म पंजीकरण के बारे में बताया गया कि जन्म का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर कराकर निशुल्क प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता हैं।जन्म के 21 दिन से 30 दिन के भीतर पंजीकरण कराने पर 02 रूपया का विलम्ब शुल्क देना होगा तथा जन्म के 30 दिन से एक वर्ष के भीतर पंजीकरण कराने पर शपथ पत्र तथा रूपया 05 विलम्ब शुल्क पर ग्रामीण क्षेत्र के लिये जिला पंचायत राज अधिकारी व नगरीय क्षेत्र के लिये उप मुख्य चिकित्साधिकरी की लिखित अनुज्ञा पर प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा। 01 वर्ष की अवधि के पश्चात पंजीकरण कराये जाने पर 10 रूपये का विलम्ब शुल्क, शपथ पत्र तथा प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट की लिखित अनुज्ञा पर प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा।

## श्रमिकों को किया जाए लाभान्वित

**सोनभद्र।** उप श्रम आयुक्त, मिर्जापुर क्षेत्र, पिपरी, सोनभद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अन्तर्गत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों एवं स्वनियोजित व्यक्तियों का पंजीयन कराने के लिए आपके विभाग को लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री की विकास प्राथमिकता कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में पाया गया कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में 20 हजार 800 लक्ष्य के सापेक्ष 6 हजार 544 की पूर्ति की गयी है। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि उपायुक्त श्रम रोजगार एवं अधिशासी अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना से श्रमिकों को लाभान्वित किये जाये। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अन्तर्गत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का पंजीयन कराते हुए उप श्रम आयुक्त मीरजापुर क्षेत्र, पिपरी सोनभद्र को अवगत भी करायें।

# नवागत खण्ड शिक्षाधिकारी का हुआ सम्मान



संवाददाता। चकिया/चन्दौली

**राष्ट्रीय** शैक्षिक महासंघ द्वारा ब्लॉक संसाधन केंद्र पर नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र प्रसाद सहाय का संघ के पदाधिकारियों द्वारा माला पहनाकर, अंगवस्त्रम एवं स्मृतिचिह्न के साथ स्वागत किया गया। साथ ही उनके वैवाहिक वर्षगाँठ की बधाई दी गई। इस मौके पर राष्ट्रीय शैक्षिक संघ की ब्लॉक अध्यक्ष रीता पाण्डेय ने नवागत खंड शिक्षा अधिकारी को पुष्पगुच्छ के साथ स्वागत किया तथा शिक्षकों की समस्याओं पर अपना विचार व्यक्त किया। इस पर खंड शिक्षाधिकारी ने कहा कि शिक्षकों समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के तौर पर किया जाएगा। इस अवसर पर पदाधिकारी जयप्रकाश भारती संगठन मंत्री, वेदप्रकाश सिंह उपाध्यक्ष, मो शरीफ संयुक्त मंत्री, संतोष कुमार जिला कार्यकारिणी सदस्य, बिनोद त्रिपाठी उपाध्यक्ष, मीना वर्मा कोषाध्यक्ष, आशुतोष जिला प्रतिनिधि, उपेंद्र सिंह उपाध्यक्ष सहित राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक राजेश पटेल, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की विजेता अनुराधा कुमारी, विवेकानंद तिवारी, अतुल उपाध्याय, राजीव कुमार, मृत्युंजय सिंह सहित नोडल शिक्षक संकुल, अन्य शिक्षक एवं मीडिया बंधु मौजूद थे।

# बेयरस्टो-लिविंगस्टोन की पारी से पंजाब चमका

## ● आरसीबी को 54 रन से हराया

**भाषा।** मुंबई


लिविंगस्टोन

पंजाब किंग्स ने शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को 54 रन से हराया। इससे पहले पंजाब किंग्स ने जॉनी बेयरस्टो की 29 गेंद में सात छक्के और चार चौके जड़ित 66 रन की पारी द्वारा दिलाई गई आक्रामक शुरूआत के बाद लियाम लिविंगस्टोन (70 रन) के अर्धशतक से शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ नौ विकेट पर 209 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग्स की पारी में 14 छक्के और 16 चौके जड़े थे जिससे 148 रन सिर्फ बाउंड्री से ही बने। बेयरस्टो और लिविंगस्टोन (42 गेंद, पांच चौके, चार छक्के) की शानदार बल्लेबाजी के बावजूद आरसीबी के लिए वानिंदु हसारंगा ने बीच के ओवरों में और हर्षल पटेल ने डेथ ओवर में शानदार गेंदबाजी की। हसारंगा ने चार ओवर में महज 15 रन देकर दो विकेट झटके। इससे विकेट लेने के मामले में वह इस आईपीएल सत्र में युजवेंद्र चहल की बराबरी पर पहुंच गए, दोनों के 23-23 विकेट हैं।

हर्षल पटेल ने अंतिम ओवर में दो विकेट से चार ओवर में 34 रन देकर चार विकेट झटके। जोश हेजलवुड आरसीबी के लिए सबसे ज्यादा महंगे साबित हुए जिन्होंने चार ओवर में 64 रन और मोहम्मद सिराज ने दो ओवर में 36 रन लुटा दिए। बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद सलामी बल्लेबाज बेयरस्टो ने आते ही अपने इरादे जाहिर कर दिए थे। उन्होंने ग्लेन मैक्सवेल के पहले ओवर में ओवर पिच गेंद पर शानदार छक्का जड़कर हाथ खोले और फिर दूसरे ओवर में हेजलवुड पर दो छक्के और दो चौके लगाकर अपनी टीम के खाते में 22 रन जोड़ दिए। सलामी बल्लेबाज शिखर धवन (21 रन, 15 गेंद, दो चौके, एक छक्का) ने भी हाथ खोलने शुरू किए और अगले ओवर की पहली गेंद को चौके के लिए भेजा, जिसके बाद बेयरस्टो ने भी बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर छक्का जड़ दिया। धवन ने फिर हेजलवुड की गेंद पर एक और चौका लगाया। इन दोनों की बदौलत पंजाब किंग्स ने चार ओवर पूरे होने से पहले ही 50 रन बना लिए थे। पांचवें ओवर में मैक्सवेल की पहली गेंद को धवन ने लांग आन पर छक्का लगाया। पर इसी ओवर में वह जोखिम भरा शॉट खेलने की कोशिश में बोल्ड हो गए और पहला विकेट 60 रन के स्कोर पर गिरा। बेयरस्टो की रन जुटाने की रफ्तार इसी तरह जारी रही जिन्होंने पावरप्ले के अंतिम ओवर में सिराज पर एक चौका और तीन छक्के जड़कर 23 रन जोड़े और अपना अर्धशतक भी पूरा किया।

छह ओवर बाद टीम का स्कोर एक विकेट पर 83 रन था जो उनका पावरप्ले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी रहा। भानुका राजपक्षे तीन गेंद खेलने के बाद हसारंगा की गेंद को हवा में उठा बैठे और पटेल ने आसान कैच लपक लिया। लिविंगस्टोन बेयरस्टो का अच्छा साथ निभा रहे थे जिससे टीम ने नौवें ओवर में 100 रन पूरे कर लिए थे। रनगति पर लगाम कसने के लिए आखिरकार आरसीबी को सफलता शाहबाज अहमद ने 10वें ओवर में दिलाई। बेयरस्टो ने बाहर आकर पहली गेंद को उठाने की कोशिश की लेकिन शार्ट थर्ड मैन पर सिराज ने उनका कैच लपक लिया। लिविंगस्टोन ने फिर जिम्मेदारी संभाली और कप्तान मयंक अग्रवाल (19 रन) के साथ रन गति को कम नहीं होने दिया। अग्रवाल (16 गेंद, तीन चौके) पटेल की गेंद पर आउट हुए। जितेश शर्मा (09) दो चौके जड़कर हसारंगा की गेंद पर बोल्ड हो गए। हरप्रीत बरार ने भी रन गति में योगदान देने के प्रयास में 18वें ओवर में पटेल पर छक्का जड़ा, पर अगली गेंद पर आउट हो गए। लिविंगस्टोन ने हेजलवुड के चौथे और 19वें ओवर में दो छक्के और दो चौके से 24 रन जोड़े। पटेल ने अंतिम ओवर में आखिर लिविंगस्टोन की पारी खत्म की जो गेंद को ऊंचा शॉट खेल बैठे और विकेटकीपर कार्तिक ने कैच लपककर उनकी पारी खत्म की। पटेल ने फिर ऋषि धवन (07) को भी आउट किया और अंतिम गेंद पर राहुल चाहर रन आउट हुए।

### स्कोरबोर्ड

**पंजाब किंग्स** : बेयरस्टो का सिराज बो शाहबाज अहमद 66,धवन बो मैक्सवेल 21,राजपक्षे का पटेल बो हसारंगा 01,लिविंगस्टोन का कार्तिक बो पटेल 70,अग्रवाल का हसारंगा बो पटेल 19,शर्मा का हसारंगा 09,बरार का कार्तिक बो पटेल 07,धवन का मैक्सवेल बो पटेल 07,चाहर रन आउट 02,रबाडा नाबाद 00,**अतिरिक्त** : 07,**कुल** : 20 ओवर में नौ विकेट पर 209 रन,**विकेट पतन** :1-60, 2-85, 3-101, 4-152, 5-164, 6-173, 7-206, 8-207, 9-209,**गेंदबाजी** : मैक्सवेल 2-0-17-1,हेजलवुड 4-0-64-0,सिराज 2-0-36-0,वानिंदु हसारंगा 4-0-15-2, अहमद 4-0-40-1, पटेल 4-0-34-4

# आईपीएल में आगे नही खेल पाएंगे कमिन्स

## ● कूल्हे की चोट से उबरने के लिए स्वदेश लौटेंगे



**भाषा।** मेलबर्न

**केकेआर** के तेज गेंदबाज पैट कमिन्स आईपीएल में आगे नहीं खेल पाएंगे और कूल्हे की मामूली चोट से उबरने के लिए स्वदेश लौटेंगे। क्रिकेट.कॉम.एयू की रिपोर्ट के अनुसार आस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान कमिन्स राष्ट्रीय टीम के अगले महीने के श्रीलंका दौरे से पहले पूर्ण फिटनेस हासिल करने के लिए सिडनी लौट रहे हैं। कमिन्स को केकेआर ने 7.25 करोड़ रुपए में खरीदा था।क्रिकेट आस्ट्रेलिया की वेबसाइट के बाद केकेआर ने भी इस बात की पुष्टि की। पैट कमिंस कूल्हे की हल्की चोट के कारण टाटा इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए है। वह दो सप्ताह के आराम और रिहैबिलिटेशन के लिए ऑस्ट्रेलिया लौट आए हैं। रपोर्ट में कहा गया है कि कमिन्स के पूरी तरह फिट होने में एक पखवाड़े का समय लगने की संभावना है।

## भारत के लिए खेलेंगे उमरान, लेकिन सिर्फ तेज रफ्तार काफी नही होगी : नोर्किया

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के स्टार तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया ने शुक्रवार को कहा कि उमरान मलिक निश्चित रूप से भारत के लिए खेलेंगे लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की चुनौतियों से निपटने के लिए केवल तेज रफ्तार काफी नहीं होगी बल्कि इस युवा को अपने कौशल का बेहतरीन ढंग से इस्तेमाल करना होगा। विश्व क्रिकेट के सबसे तेज गेंदबाजों में से एक नोर्किया ने कूल्हे की चोट के कारण चार महीने आराम के बाद इस आईपीएल में वापसी की है। उनसे जब भारत के उभरते ही तेज गेंदबाज के बारे में पूछा गया जो लगातार 90 मील प्रति घंटे से तेज की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहा है तो उन्होंने कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि उमरान निकट भविष्य में भारत के लिए अहम खिलाड़ियों में से एक होगा। उन्होंने कहा, भाग्य भी इसमें अहम भूमिका निभाएगा। लेकिन सबसे अहम बात है कि आप कितनी बेहतरीन गेंदबाजी करते हो, यह इस पर निर्भर करेगा क्योंकि हमने देखा है कि जो तेज गेंद फेंकी जा रही हैं।

## पूर्व चैम्पियन आमिर खान ने मुक्केबाजी से संन्यास की घोषणा की

**लंदन।** पूर्व लाइट-वेल्टरवेट विश्व चैम्पियन आमिर खान ने शानदार करियर के बाद मुक्केबाजी से संन्यास लेने की घोषणा की जिसमें 2004 एथेंस ओलंपिक में रजत पदक भी शामिल रहा। आमिर खान ने ट्विटर पर कहा, अब संन्यास लेने का समय आ गया है। पैंतीस साल के इस मुक्केबाज ने कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि मेरा 27 साल का करियर शानदार रहा।

## सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी : ओडिशा बड़ी जीत से क्वार्टर फाइनल में

**भोपाल।** ओडिशा ने शुक्रवार को यहां पूल एच के अपने अंतिम मैच में हिमाचल प्रदेश को 8-0 से करारी शिकस्त देकर 12वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दिन के अन्य मैचों में केरल ने पूल एच में तेलंगाना को 8-0 से पराजित किया जबकि दिल्ली ने पूल जी में गोवा को 5-1 से हराया, लेकिन इसके बावजूद ए दोनों टीम अंतिम आठ में जगह नही बना पाई। क्वार्टर फाइनल शनिवार को खेले जाएंगे जिसमें महाराष्ट्र का सामना झारखंड से, हरियाणा का उत्तर प्रदेश से, पंजाब का कर्नाटक से और मध्य प्रदेश का सामना ओडिशा से होगा।

## फिडे अध्यक्ष ने आनंद को चुनाव लड़ने के लिए अपनी टीम में शामिल किया

**चेन्नई।** इस साल जुलाई-अगस्त में यहां 44 वें शतरंज ओलंपियाड के दौरान होने वाले चुनावों में अगर मौजूदा अध्यक्ष अर्कडी ड्वोरकोविच को फिर से इस पद के लिए चुना जाता है तो भारतीय दिग्गज विश्वनाथन आनंद विश्व शतरंज महासंघ (फिडे) के उपाध्यक्ष (डिप्टी प्रेसिडेंट) बन जाएंगे। ड्वोरकोविच ने अपनी टीम के बारे में घोषणा करते हुए कहा, प्रिय सहयोगियो और शतरंज के दोस्तों, फिडे अध्यक्ष के चुनाव के लिए मुझे अपनी टीम पेश करने में खुशी हो रही है। मेरी टीम इस प्रकार है अर्कडी ड्वोरकोविच - अध्यक्ष , विश्वनाथन आनंद- उपाध्यक्ष (डिप्टी प्रेसिडेंट) , झू चेन - कोषाध्यक्ष, जोरान औलिन-जॉनसन - उपाध्यक्ष (वाइस प्रेसिडेंट), माहिर मामेदोव - उपाध्यक्ष (वाइस प्रेसिडेंट)।

## जाम्बिया ने भारत के खिलाफ मैत्री मैच रद्द किया

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलने के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि करने के तीन दिन बाद, जाम्बिया के फुटबॉल संघ ने खिलाड़ियों की अनुपलब्धता के कारण मैच को रद्द कर दिया।भारतीय पुरुष सीनियर टीम को 25 मई को दोहा में उच्च रैंकिंग वाली जाम्बिया के खिलाफ खेलना था। जाम्बिया फुटबॉल संघ के महासचिव एड्रियन काशल ने भारतीय समकक्ष कुशाल दास को लिखे अपने पत्र में कहा, हमें आपको यह बताते हुए खेद हो रहा है कि 25 मई 2022 को भारत के खिलाफ होने वाली मैत्री मैच के लिए हम अपने पेशेवर खिलाड़ियों की सेवाओं को लेने में विफल रहे। अधिकांश खिलाड़ी सत्र के समाप्त होने वाले मैचो पर ध्यान दे रहे है, जिससे शिविर में शामिल होना व्यावहारिक रूप से असंभव है। यह मैच आगामी एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के अंतिम दौर के लिए भारत की तैयारी का हिस्सा था। क्वालीफायर के अंतिम दौर के मैच आठ जून से कोलकाता में खेले जाएंगे।

# उम्मीदें जीवंत रखने के लिए एक दूसरे का सामना करेंगे सनराइजर्स और केकेआर

**भाषा।** पुणे

**लगातार चार** मैचों में हार के बाद वापसी के लिए संघर्षरत सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी उम्मीदें जीवंत रखने के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में गेंदबाजी से जुड़ी अपनी समस्याओं को दूर करना होगा। लगातार पांच मैचों में जीत के बाद लगातार चार हार से सनराइजर्स की आईपीएल प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को झटका लगा है। उसके 11 मैचों में 10 अंक हैं और उसे प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखने के लिए बाकी बचे तीनों मैच जीतने होंगे। केकेआर के 12 मैचों में 10 अंक हैं और वह बाहर होने के कगार पर है। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम के केवल दो मैच बचे हुए हैं और इनमें जीत से भी वह 14 अंक तक ही पहुंच पाएगी जो कि प्लेऑफ में पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकते क्योंकि राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) 12 मैचों में 14 अंक लेकर शीर्ष चार में बने हुए हैं। केकेआर की मुश्किले हालांकि अनुभवी तेज गेंदबाज पैट कमिंस के टूर्नामेंट से हटने से बढ़ गई है। पिछले मैच में टीम ने टिम साउदी और पैट कमिन्स दोनों को अंतिम एकादश में शामिल किया था और इन दोनों ने मिलकर चार विकेट लिए थे। कमिन्स कूल्हे की मामूली चोट से उबरने के लिए स्वदेश लौट रहे है।सनराइजर्स की पिछले मैचों में हार का मुख्य कारण उसके मुख्य गेंदबाजों वाशिंगटन सुंदर और टी नटराजन का चोटिल होना तथा तेज गेंदबाज उमरान मलिक का अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना है। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सनराइजर्स के खिलाफ विपक्षी टीम ने पिछले चार मैचों में 190 से अधिक रन बनाए। आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच में सनराइजर्स ने फजलहक फारूकी और कार्तिक त्यागी को आजमाया लेकिन वे भी नहीं चल पाए, जिससे टीम की परेशानियां बढ़ गई। बल्लेबाजी विभाग में सनराइजर्स के पास अच्छे बल्लेबाज हैं लेकिन कप्तान केन विलियमसन को अधिक जिम्मेदारी निभानी होगी। वह अभी तक केवल एक अर्धशतक लगा पाए हैं। अभिषेक शर्मा ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई है लेकिन यह युवा बल्लेबाज पारी को नहीं संवार पा रहा है। राहुल त्रिपाठी, निकोलस पूरण और एडेन मार्कराम भी रन बना रहे हैं लेकिन सनराइजर्स के बल्लेबाजों को गेंदबाजों से सहयोग की जरूरत है। दूसरी तरफ केकेआर को अंतिम एकादश में लगातार बदलाव का खामियाजा भुगतना पड़ा है। उसकी टीम हालांकि मुंबई इंडियन्स पर जीत के बाद इस मैच में उतरेगी।

## ● आज होगी भिड़ंत

# भारत ने चार और स्वर्ण पदक जीते

## ● जूनियर निशानेबाजी विश्व कप

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय निशानेबाजों** ने शुक्रवार को जर्मनी के सुहल में आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में दबदबा जारी रखते हुए महिला और पुरूष एयर राइफल और पिस्टल टीम स्पर्धाओं में चार और स्वर्ण पदक जीते। इस तरह भारत के आठ स्वर्ण और छह रजत से कुल 14 पदक हो गए हैं। आस्ट्रेलिया, फ्रांस, पोलैंड और बुल्गारिया ने स्पर्धा में दाव पर लगे चार स्वर्ण पदक जीते। भारत के लिए शुक्रवार को स्वर्ण पदक जीतने की शुरूआत पुरूष 10 मीटर एयर राइफल में रूद्रांक्ष पाटिल, पार्थ मखिजा और उमामहेश मादीनेनी की तिकड़ी ने स्पेन को 16-8 से हराकर की। यह रूद्रांक्ष और पार्थ दोनों के लिए प्रतियोगिता का दूसरा स्वर्ण पदक था। फिर मनु भाकर, पलक और ईशा सिंह की तिकड़ी ने जूनियर महिला 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में जार्जिया को 16-8 के समान अंतर से पराजित किया। तीसरा स्वर्ण पदक एयर राइफल महिला टीम स्पर्धा से मिला। इसमें आर्या बोरसे, जीना खिट्टा और रमिता की तिकड़ी ने कोरिया को 17-9 से हराया। पुरूष एयर पिस्टल टीम ने भारत को दिन का चौथा स्वर्ण पदक दिलाया जिसमें सौरभ चौधरी, शिवा नरवाल और सरबजोत सिंह ने उज्बेकिस्तान की तिकड़ी को 17-9 से पराजित किया। भारत ने पुरूष और महिला ट्रैप टीम स्पर्धा के भी स्वर्ण पदक दौर में जगह बना ली है जिससे कम से कम दो रजत पदक तो पक्के ही हैं।





# कलाई की चोट के कारण रूपिंदर एशिया कप से बाहर

## ● लकड़ा करेंगे भारतीय टीम की अगुआई

**भाषा।** बेंगलुरू

**भारतीय पुरूष** हॉकी टीम को शुक्रवार को एक करारा झटका लगा जब कप्तान रूपिंदर पाल सिंह कलाई की चोट के कारण आगामी पुरूष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। हॉकी इंडिया के अनुसार शीर्ष ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर ट्रेनिंग सत्र के दौरान कलाई में चोट लगा बैठे। उप कप्तान बनाए गए बीरेंद्र लकड़ा अब भारतीय टीम की अगुआई करेंगे जबकि स्ट्राइकर एसवी सुनील 20 सदस्ईय टीम के उप कप्तान होंगे। संन्यास से वापसी करने वाले रूपिंदर की जगह नीलम संजीम जेस लेंगे। एशिया कप 23 मई से जकार्ता में शुरू होगा। भारत टूर्नामेंट का गत चैम्पियन है। कोच बीजे करियप्पा ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि रूपिंदर को ट्रेनिंग सत्र के दौरान चोट लग गई और वह हीरो एशिया कप का हिस्सा नहीं होगा। बीरेंद्र और सुनील दोनों को अपार अनुभव है और वे कई वर्षो से अगुआई करने वाले ग्रुप का हिस्सा रहे हैं। हमें रूपिंदर की कमी खलेगी लेकिन हमारे पास पूल में काफी विकल्प मौजूद हैं। हमारे पास काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और वे भी इस मौके का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

# डेनमार्क को हराकर भारत ने थॉमस कप फाइनल में पहुंचकर इतिहास रचा

## ● प्रणय मैच जीते

**भाषा।** बैंकाक



**एच एस प्रणय** ने निर्णायक पांचवें मैच में गजब का जज्बा दिखाया जिससे भारतीय पुरूष बैडमिंटन टीम ने यहां रोमांचक सेमीफाइनल में डेनमार्क को 3-2 से हराकर थॉमस कप के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया।भारतीय टीम 1979 के बाद से कभी भी सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ सकी थी। लेकिन उसने जुझारू जज्बा दिखाते हुए 2016 के चैम्पियन डेनमार्क को हरा दिया। विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता किदाम्बी श्रीकांत तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की आठवें नंबर की युगल जोड़ी ने भारत को फाइनल की दौड़ में बनाए रखा लेकिन 2-2 की बराबरी के बाद एच एस प्रणय ने टीम को इतिहास रचने में मदद की। दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी रास्मस गेमके के खिलाफ प्रणय को कोर्ट पर फिसलने के कारण टखने में चोट भी लगी लेकिन इस भारतीय ने मेडिकल टाइमआउट लेने के बाद मुकाबला जारी रखा। वह कोर्ट पर दर्द में दिख रहे थे लेकिन इस परेशानी के बावजूद उन्होंने 13-21 21-9 21-12 से जीत दर्ज कर भारत का नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करा दिया। भारतीय टीम का यह शानदार प्रदर्शन रहा जिसने गुरूवार को पांच बार की चैम्पियन मलेशिया को 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाकर 43 साल के इंतजार को खत्म किया था।

## ब्रेसवेल, पटेल न्यूजीलैंड के अनुबंधित खिलाड़ियों में शामिल

**वेलिंगटन।** ऑलराउंडर जिमी नीशाम को तीन साल में पहली बार न्यूजीलैंड क्रिकेट के अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से हटा दिया गया है और उनकी जगह वेलिंगटन के ऑफ स्पिन ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को दी गई है। इकतीस वर्षीय नीशाम ने 12 टेस्ट, 66 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 38 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने 2019 में इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप फाइनल के सुपर ओवर में मार्टिन गुप्टिल के साथ बल्लेबाजी की थी। नीशाम नीदरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेले थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने की अनुमति दी थी। ब्रेसवेल ने मार्च में नीदरलैंड के खिलाफ वनडे में पदार्पण किया और उन्हें इंग्लैंड दौरे के लिए भी टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।

## कप्तानी ने हार्दिक को भावनाओं पर काबू पाने में मदद की : शमी

**मुंबई।** अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का मानना है कि नेतृत्व की जिम्मेदारी ने मैदान पर आक्रामक हाव-भाव दिखाने वाले हार्दिक पंड्या को धैर्यवान बना दिया है जो इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में गुजरात टाइटन्स की सफलता का मुख्य कारण भी है। शमी ने पंड्या के साथ काफी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला है लेकिन आईपीएल में पहली बार खेल रही टीम का कप्तान बनने के बाद उनके बर्ताव में काफी बदलाव आया है। शमी ने कहा, वह (हार्दिक) कप्तान बनने के बाद, काफी धैर्यवान हो गया है, उसकी प्रतिक्रिया में पहले की तरह आक्रामकता नहीं है।

## मैकुलम में थोड़ी भी नकारात्मकता नही , टेस्ट के माहौल में जल्दी ढलना सफलता की कुंजीः कार्तिक

**दुबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम की अगुवाई कर चुके भारतीय विकेटकीपर दिनेश कार्तिक ने कहा कि कोच ब्रेंडन मैकुलम का नकारात्मकता से दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं है और इंग्लैंड टेस्ट टीम के मुख्य कोच के रूप में उनकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह टेस्ट मैचों के माहौल में कितनी अच्छी तरह से ढल पाते है। कार्तिक और मैकुलम 2019 सत्र में केकेआर के क्रमशः कप्तान और कोच थे। भारत के इस विकेटकीपर को उम्मीद है कि मैकुलम इंग्लैंड की टेस्ट टीम में सकारात्मक ऊर्जा भरेंगे। मैंने उनके साथ जो समय बिताया है, उसमें एक बात मैं आपको बता सकता हूं कि उनमें थोड़ी भी नकारात्मकता नहीं है।

## डीआरएस का न होना दुर्भाग्यपूर्ण, कुछ फैसले हमारे खिलाफ गए : फ्लेमिंग

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने उनकी पारी के शुरू में निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) की सुविधा नहीं होने को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियन्स के खिलाफ मैच में इस दौरान कुछ फैसले उनके खिलाफ गए। वानखेड़े स्टेडियम में शॉर्ट सर्किट की वजह से चेन्नई की पारी की पहली 10 गेंद तक डीआरएस की सुविधा उपलब्ध नहीं थी जिसका उसकी टीम को नुकसान हुआ क्योंकि इस बीच कुछ फैसले उसके खिलाफ गए। चेन्नई के फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अपने खिलाफ गए पगबाधा के फैसले को नहीं बदलवा पाए जबकि रीप्ले से लग रहा था कि डेनियल सैम्स की गेंद लेग स्टंप से बाहर निकल रही थी।

# नडाल इटालियन ओपन के तीसरे दौर में हारे





## ● शापोवालोव जीते

**भाषा।** रोम

**फ्रेंच** ओपन टेनिस टूर्नामेंट शुरू होने से केवल 10 दिन पहले राफेल नडाल फिर से चोट से जूझ रहे हैं। यह दिग्गज खिलाड़ी इटालियन ओपन में गुरुवार को डेनिस शापोवालोव के खिलाफ तीसरे दौर के मैच में पांव में दर्द से परेशान रहा जिस कारण आखिर में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

शापोवालोव ने नडाल को शुरुआती बढ़त का फायदा नहीं उठाने दिया और1-6, 7-5, 6-2 से जीत दर्ज की। इस मैच के दौरान 35 वर्षीय नडाल को कुछ अवसरों पर दर्द के कारण लड़खड़ाते हुए देखा गया। बाएं पांव में चोट के कारण नडाल पिछले साल कई टूर्नामेंट में नहीं खेल पाए थे। नडाल ने कहा, मेरा पांव फिर से चोटिल हो गया है। बहुत दर्द हो रहा है। मैं ऐसा खिलाड़ी हूं जो चोटों के साथ जीवन व्यतीत करता रहा हूं। यह मेरे लिए नया नहीं है। दुर्भाग्य से चोट और मेरा चोली दामन का साथ है। दिन प्रतिदिन इससे मुश्किल हो रही है। पांव की चोट नडाल के लिए चिंता का विषय है क्योंकि फ्रेंच ओपन 22 मई से शुरू हो रहा है जिसमें उन्होंने रिकॉर्ड 13 खिताब जीते हैं। नडाल ने कहा, एक सप्ताह में क्या होगा, मैं वास्तव में नहीं जानता। इससे पहले विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने स्टेन वावरिंका को 6-2, 6-2 से पराजित किया। वावरिंका बाएं पांव के दो आपरेशन के बाद अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रहे थे। इटालियन ओपन में में पांच बार के चैंपियन जोकोविच का अगला मुकाबला फेलिक्स ऑगर अलियासिम से होगा, जिन्होंने अमेरिकी क्वालीफायर मार्कोस गिरोन को 6-3, 6-2 से हराया।

## आंद्रेस्कू को हराकर स्वियाटेक सेमीफाइनल में पहुंची

**रोम।** इगा स्वियाटेक ने इटली ओपन टेनिस में शुक्रवार को यहां 2019 की अमेरिकी ओपन चैम्पियन बियांका आंद्रेस्कू को 7-6, 6-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। ऐश बार्टी के अचानक संन्यास के बाद रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची स्वियाटेक की यह लगातार 26वी जीत है। सेमीफाइनल में उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका से होगा, जिन्होंने अमांदा अनिसिमोवा को 4-6, 6-3, 6-2 से हराया। पुरूषो के मुकाबले में पांचवी रैंकिंग वाले स्टेफानोस सितसिपास ने 20 वर्षीय यानिक सिनर को 7-6, 6-2 से हराया। सिटसिपास का क्ले कोर्ट पर यह लगातार तीसरा मास्टर्स सेमीफाइनल है, उन्होंने पिछले महीने अपने मोंटे कार्लो मास्टर्स खिताब का बचाव किया था और फिर पिछले सप्ताह मैड्रिड ओपन सेमीफाइनल में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से हार गए थे। वह एक बार फिर सेमीफाइनल में ज्वेरेव से भिड़ेंगे।